# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 12 मार्च 2025 बुधवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 289 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1365 : ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में विश्वविद्यालय की स्थापना।

1496 : यहूदियों को सीरिया से बाहर निकाला गया।

1609 : अटलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप अंग्रेजों का उपनिवेश बना।

1930 : महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत की।

1954 : भारत सरकार ने साहित्य अकादमी का उद्घाटन किया।

1993 : मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में 300 लोग मारे गए और सैकड़ों से अधिक घायल हो गए।

# झारखंड सरकार विद्यार्थियों को मुफ्त कराएगी प्रतियोगिता परीक्षा की कराएगी तैयारी

## स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का छह करोड़ 63 लाख 89 हजार की अनुदान मांग विधानसभा में पारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रखते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरकार झारखंड के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग संस्थान खोलेगी। यहां विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करायी जायेगी। यहां रहने की व्यवस्था भी होगी। सरकार जमशेदपुर में जनजातीय विश्वविद्यालय खोलेगी। शिक्षक, छात्र की उपस्थिति पर नजर रखने के लिए सरकार ने टैब का वितरण किया है।



चर्चा के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का छह करोड़ 63 लाख 89 हजार की अनुदान मांग भाजपा के बहिष्कार के बीच ध्वनिमत से पारित हो गया। रामदास सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकार आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक को शिक्षा से वंचित रखना चाहती थी। इस कारण सात हजार से अधिक स्कूल बंद करवाया। हमारी सरकार आदिवासी, मूलवासी, पिछड़ों को पढ़ने के लिए विदेश भेज रही है। सरकार गोड्डा, चाईबासा और बोकारो में नवोदय विद्यालय की तर्ज पर स्कूल खोलेगी। 10 विद्यार्थी पर क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा के शिक्षक बहाल किये जाएंगे।

कटौती प्रस्ताव पेश करते हुए नीरा यादव ने कहा कि राज्य में शिक्षा की स्थिति बद से बदतर हो गयी है। यू डायस की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 7462 स्कूलों में एक-एक शिक्षक हैं। इसमें करीब 3.78 लाख बच्चे पढ़ते हैं। इनका भविष्य अधर में लटक गया है। करीब 372 स्कूल में एक भी बच्चे नहीं हैं। यहां 1153 शिक्षक पदस्थापित हैं। ऐसे स्कूलों को ही एनडीए की सरकार में विलय किया गया था। 2019 के बाद राज्य में एक भी शिक्षक की बहाली नहीं हुई है। बच्चों का ड्रॉप आउट रेट भी बढ़ गया है। नागेंद्र महतो ने कहा कि सरकार केवल फ्री बीज स्कीम बांटने में लगी है। अमित यादव ने कहा कि कांग्रेस के कारण ही आज इतिहास के पन्नों में भगवान बिरसा मुंडा को स्थान नहीं मिल सका। विधायक जिग्गा सुसाशन होरो ने कहा कि कल्पना सोरेन परिस्थिति के कारण चुनाव में आयी। वह पहले से राजनीति की तैयारी नहीं कर रही थी। उसने सबको हरा दिया। भाजपा वालों ने बोरो प्लेयर लाकर हेमंत सोरेन को दबानेकी कोशिश की थी। लेकिन, वह सफल नहीं हुए।

# मारा गया झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव

## रायपुर जेल से झारखंड लाने के दौरान पुलिस मेठभेड़ में हुई मौत

- पूरे झारखंड के लिए सरदर्द बना हुआ था अमन साव
- 100 से ज्यादा आपराधिक मामले थे दर्ज




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव मारा गया है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब अमन साव को रायपुर जेल से लाया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, अमन साव को झारखंड एटीएस छत्तीसगढ़ के रायपुर से वापस लेकर लौट रही थी। इसी क्रम में पलामू के चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अन्धारी ढोढा में अमन साव के गिरोह ने पुलिस वाहन पर बम से हमला कर दिया। इस दौरान अमन साव जवान का राइफल छीनकर भाग रहा था, जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया। इस दौरान पुलिस पर अमन साव ने फायरिंग की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस के जवाबी कार्रवाई में अमन साव को गोली लगी और उसकी मौत हो गई है। फायरिंग में एक जवान के पैर में भी गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। दरअसल, अमन साव पूरे झारखंड के लिए सिर दर्द बना हुआ था और पूरे झारखंड में 100 से भी अधिक आपराधिक घटनाएं के मामले दर्ज हैं। पलामू पुलिस की एक बड़ी टीम इलाके में कैंप कर रही है और हालात का जायजा ले रही है। सिर्फ पलामू में एक दर्जन से भी अधिक बड़े आपराधिक घटनाओं के मामले अमन साव पर दर्ज थे। अमन साव पर पलामू में रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट, नेशनल हाईवे पर फोरलेन कार्य पर रंगदारी के लिए फायरिंग करवाने का आरोप है। इसके अलावा अमन साव पर लातेहार के बालूमाथ के इलाके में कई बड़े आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है।

## तीन जवानों की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के सेनापति जिले में बीएसएफ जवानों को ले जा रही गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवानों की मौत हो गई, जबकि 13 गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटना इंफाल-दीमापुर नेशनल हाईवे पर चांगौबंग गांव के पास शाम 4 बजे हुई। सूत्रों के मुताबिक जवानों को ले जा रही गाड़ी ओवरलोडेड थी। सभी जवान एक ही बटालियन के हैं और नगालैंड के झादिमा में तैनात हैं। मणिपुर में हालात बिगड़ने के बाद उन्हें राज्य में तैनात किया गया था। सूत्रों के मुताबिक जवान अपनी क्यूआरटी ड्यूटी के बाद कांगपोकपी से आइआइआइटी मयांगखांग में अपने बेस कैंप में वापस लौट रहे थे।

# आवंटन के अभाव में लटकी लूकैया जलापूर्ति योजना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी (धनबाद)।** टुण्डी प्रखंड के लूकैया में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की अधीन बन रहे जलापूर्ति योजना कार्य इन दिनों आवंटन के अभाव में अधर में लटकने की ओर अग्रसर हो रहा है। प्राप्त समाचार के अनुसार लूकैया जलापूर्ति योजना कार्य का शिलान्यास 29 दिसंबर 2021को सांसद एवं विधायक की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया था। आज एक वर्ष से आवंटन नहीं मिलने के कारण कार्य अधर में लटकने जैसा प्रतीत हो रहा है। कार्य के संवेदक धनंजय सिंह ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि जिस गति से काम चल रहा था अगर विभाग समय पर आवंटन दुरुस्त रखता तो आज कार्य पूर्ण हो कर ग्रामीणों को सुलभ तरीके से जलापूर्ति कार्य मयस्सर हो जाता। मगर अफसोस कि लोगों को लूकैया जलापूर्ति योजना समय पर पेयजलापूर्ति नहीं कर पायेगा। मजदूर कहीं भटकें नहीं इसलिए कार्य को जारी रखा गया है ये ही हाल विभाग का रहा तो समय पर जलापूर्ति कार्य पर ग्रहण लगने से इंकार नहीं किया जा सकता।

# पतरातू सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की पहली 800 मेगावाट इकाई ग्रिड से जुड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पतरातू सुपर थर्मल पावर फेज-1 प्रोजेक्ट की पहली 800 मेगावाट इकाई को मंगलवार की सुबह सफलतापूर्वक ग्रिड से जोड़ दिया गया। इस मील के पत्थर को भारत की ऊर्जा सुरक्षा को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. के. सिंह ने पीवीयूएनएल, एनटीपीसी और बीएचईएल की टीमों के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रोजेक्ट, ओ एंड एम/ कमीशनिंग, सर्विसेज विभागों, सहयोगियों, सहायक कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के योगदान को भी महत्वपूर्ण बताया, जिनकी मेहनत से यह लक्ष्य प्राप्त हुआ है। पीवीयूएनएल का अगला लक्ष्य इकाई 1 के लिए इस वित्तीय वर्ष के भीतर वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करना है। इसके साथ ही कंपनी वित्तीय वर्ष 2025-26 में फ़ेज-1 की बाकी दो इकाइयों की कमीशनिंग के लिए भी प्रतिबद्ध है। इससे देश की विद्युत उत्पादन क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी और ऊर्जा आपूर्ति को मजबूती मिलेगी। पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर. के. सिंह ने इस सफलता को रणनीतिक योजना, सहयोग और समर्पण का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र को स्थायी और कुशल ऊर्जा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। साथ ही उन्होंने एनटीपीसी के वरिष्ठ प्रबंधन और जेबीवीएनएल के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। यह उपलब्धि पीवीयूएनएल की समयबद्ध परियोजना निष्पादन और भारत की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सफलता के साथ झारखंड और देश को ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम मिलेंगे, जिससे औद्योगिक विकास और उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। सिंक्रोनाइजेशन के समय जीएम (ओ एंड एम) देवदीप बोस, जीएम प्रोजेक्ट्स अनुपम मुखर्जी, जीएम मेंटेनेंस मनीष खेत्रपाल भी मौजूद रहे।



# भलपहरी बांध परियोजना की मांग विधानसभा में छाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी (धनबाद)।** बहुउदेशीय भलपहरी बांध परियोजना निर्माण कार्य को लेकर मंगलवार को विधानसभा में मामला छाया रहा। झारखंड सरकार के मुख्य सचेतक सह टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने इस बांध परियोजना की मांग को जोरदार ढंग से उठाया। जानकारी के अनुसार विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा भलपहरी बांध परियोजना के तहत बराकर नदी में तिलैया बांध एवं मैथन बांध परियोजना के बीच धनबाद जिले के टुण्डी प्रखंड तथा गिरिडीह जिले के गाण्डेय प्रखंड में लगभग कुल 6000 करोड़ प्रस्तावित लागत से बराकर नदी में बांध निर्माण परियोजना का कार्यान्वयन कराने का प्रस्ताव पारित किया गया था जिसका 2012 में सीडब्लूसी द्वारा डीपीआर का प्रारूप तैयार कर डीवीसी को उपलब्ध करा दिया गया था जो वर्तमान में जल संसाधन विभाग के पास लंबित पड़ा है। आसन्न के माध्यम से टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने मांग किया है कि इस परियोजना को राज्यहित एवं जनहित में 2006-07 से लंबित बहुउद्देशीय भलपहरी बांध परियोजना के तहत बराकर नदी में चयनित स्थल पर बांध निर्माण कराईं जाएं ताकि इस परियोजना से टुण्डी के अलावा और कई प्रखंडों में हरियाली के साथ साथ खुशहाली आयेगी और लोग रोजगार से जुड़ सकेंगे। खासकर आने वाले पीढ़ियों के लिए यह परियोजना किसी संजीवनी से कम साबित नहीं होगा और टुण्डी को लोग एक अच्छे प्रखंड के रूप में जान पायेंगे। टुण्डी विधायक द्वारा भलपहरी बांध परियोजना निर्माण कार्य का मामला विधानसभा में जो रखने का काम किया है वह काबिले तारीफ है जब से लोगों ने इस खबर को टेलीविजन पर देखा है विधायक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।



# सड़क हादसों में सात की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा में हुए तीन अलग अलग सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। ये तीनों घटनाएं एकंगरसराय, हिलसा और हरनौत थाना क्षेत्र की है। सभी मृतक शादी समारोह से जुड़े हैं। कोई शादी में शामिल होने जा रहे थे तो कोई वहां से लौट रहा थे। पहली घटना बिहार के नालंदा जिला के एकंगरसराय थाना क्षेत्र की है। जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक वृद्ध को कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान एकंगरसराय निवासी स्व. गनौरी राम के 75 वर्षीय पुत्र विनोद राम के रूप में हुई है। दूसरी घटना हिलसा थाना क्षेत्र के पश्चिमी बाईपास की है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक में हुई टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई है। टक्कर में मोटरसाइकिल कई मीटर तक घसीटते चली गई। जिससे इस हादसे में तीन युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

# बिहार में 19 हजार 838 सिपाहियों की होगी भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 12 लाख सरकारी नौकरी देने के संकल्प को पूरा करने का काम बहुत तेजी से पूरा किया जा रहा है। सूबे के पुलिस महकमे में अब 19 हजार 838 सिपाही की बहाली होने जा रही है। इसकी जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। इसके साथ ही बिहार पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में सिपाही के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। सिपाही के 19 हजार 838 पदों पर महिला उम्मीदवारों के लिए 6 हजार 717 पद खासतौर से आरक्षित किए गए हैं। इस सिपाही बहाली में 50 फीसदी पद बिहार के गृहरक्षकों के लिए आरक्षित हैं।




इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 मार्च 2025 से शुरू होगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इसकी तमाम प्रक्रियाओं में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को सफल उम्मीदवारों को 21,700 से 69,100 रुपये तक का मासिक वेतन मिलेगा। सिपाही बहाली के लिए 19 हजार 838 पद की भर्ती प्रक्रिया में गैर-आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 7 हजार 935 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 1983, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए 3174, अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 199, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के 3571, पिछड़ा वर्ग (बीसी) (53 ट्रांसजेंडर सहित) के लिए 2381 तथा पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए (बीसीडब्ल्यू) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 595 पद शामिल हैं। इसके अलावा स्वतंत्रता सेनानी के लिए आश्रित के लिए क्षैतिज आरक्षण व्यवस्था के तहत 397 पद चिन्हित किए गए हैं।

# साहित्यप्रेमियों की रचनाओं से होलीमय हुआ वृद्धाश्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** श्री साहित्य कुंज ने नगरी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में होली महोत्सव का आयोजन किया, जिसमें महिला कवयित्रियों ने गीतों और कविताओं के माध्यम से खुशियों के रंग बिखेरे। इस अवसर पर निर्मला कर्ण, प्रतिमा त्रिपाठी, मनीषा सहाय, मधुमिता साहा, स्मिता और प्रतिभा मिश्रा सहित कई साहित्यप्रेमियों ने अपनी रचनाओं से माहौल को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान श्री साहित्य कुंज की संस्थापिका मनीषा सहाय ने वृद्धजनों के पैर छूकर अबीर अर्पित किया और उन्हें अपनत्व एवं स्नेह के रंगों से सराबोर किया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि आप सभी हमारे परिवार का हिस्सा हैं। आपके आशीर्वाद और स्नेह की कामना हमें यहां तक ले आई है। इस अवसर पर फाग गीतों और आंचलिक लोकगीतों की प्रस्तुति ने वृद्धजनों को उनके अतीत की स्मृतियों से जोड़ने का कार्य किया। आयोजन का उद्देश्य 'अपनों ने जिन्हें छोड़ दिया, उन्हें अपनाते हैं; नए रंगों से चलो उनके जीवन को रंगीन बनाते हैं'' रहा। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के निवासियों को कपड़े, बिस्कुट, मुढ़ी, केक, साबुन, तेल आदि आवश्यक वस्तुएं वितरित की गईं। साथ ही श्री साहित्य कुंज की ओर से सूखा अनाज, आटा, चावल, दालें, न्यूट्री, तेल, नमक, चीनी और दलिया भी प्रदान किया गया, जिससे उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। यह आयोजन वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के जीवन में खुशियों के रंग घोलने का एक सराहनीय प्रयास रहा, जिसे सभी ने हर्षोल्लास के साथ सराहा।




# 50 लाख की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बिहटा में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 50 लाख की स्मैक जब्त की है। मंगलवार को पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 438 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया है। आरा में तनिष्क शॉ रूम में 25 करोड़ की लूट के बाद सीमा पर पुलिस की जांच तेज है। इस दौरान जांच के दौरान ही दोनों पकड़े गए। गिरफ्तार तस्करों की पहचान पटना के मसौढ़ी निवासी शैलेन्द्र कुमार और दुल्हिनबाजार थानाक्षेत्र निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक लग्जरी बाइक, दो मोबाइल फोन और एक बैग भी जब्त किया है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# बिहार में पदयात्रा करेंगे बागेश्वर बाबा, बोले-भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा तो पहला राज्य बिहार ही होगा



**थगोपालगंज, एजेंसी।** बिहार में बाबा बागेश्वर की हनुमंत कथा चल रही है. कथा के अंतिम दिन उन्होंने कथा का विरोध करने वालों को करारा जवाब दिया. जिन लोगों लोगों को राम के नाम से दिक्कत है वे लोग ही इस कथा का विरोध कर रहे है. बाबा बागेश्वर ने हिन्दू राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि अगर भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा तो पहला राज्य बिहार ही होगा. उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र के लिए यूपी के बाद बिहार में भी पदयात्रा निकाली जाएगी.

## बिहार में होगी पदयात्रा

दरअसल, गोपालगंज के रामनगर स्थित राम जानकी मठ में सोमवार को पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा का आखिरी दिन था. कथा के दौरान बाबा बागेश्वर ने घोषणा करते हुए कहा कि मैं जल्दी ही देशभर में पदयात्रा करूंगा. पहले ये यात्रा उत्तर प्रदेश में निकाली जाएगी और फिर बिहार में. उन्होंने कहा कि ये महज एक यात्रा नहीं होगी.हिंदू राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए समाज को संगठित करना बहुत जरूरी है.

बाबा बागेश्वर ने कहा कि पूरे देश में हम हिंदुत्व की प्रचार करने जा रहे है. पूरी दुनिया में 150 करोड़ हिंदुओं की लड़ाई जगह-जगह जा कर लड़ रहे है. हिंदुओं को जगा रहे है. हिंदू जो घट रहा है. हिंदू जो जातियों में बंट रहा है उसे एक कर रहे हैं. अगर भारत हिन्दू राष्ट्र बनेगा तो पहला राज्य बिहार ही होगा.

## हिंदू हो तो हिंदू कहलाना

बाबा बागेश्वर ने कथा के अंत में श्रद्धालुओं से विदा लेते हुए कहा कि बिहार वालों हम तुम्हारा कर्ज कभी नहीं चुका पाएंगे. हिंदू हो तो हिंदू कहलाना. बिहार वालों दुनिया में तुम्हारा कोई साथ दे या ना दे मैं तुम्हारे साथ हूं. उन्होंने विपक्षियों द्वारा दिए गए बयान पर कहा कि बयान राम पर नहीं होनी चाहिए. धर्म और राजनीति दोनों अलग-अलग चीज है. हम राजनीति करने नहीं आए हम अपने सनातन धर्म की प्रचार करने आए हैं.

## बिहार हमारा घर है

बाबा बागेश्वर ने कहा कि पूरी दुनिया में हिंदुओं को जगा रहे है. हिंदू जो घट रहा है हिंदू जो जातियों में बंट रहा है उसे हिंदुओं को एक करने के लिए देश को जोड़ने के लिए हम पदयात्रा भी करते हैं. बेटियों के विवाह भी करवाते हैं. रही बात बिहार आने पर बिहार हमारा घर है. यहां भी हमारा परिवार रहते है. लाखों परिवार हमारे रहते हैं बिहार में आते रहेंगे.

## जो जैसे मानेगा हम वैसे मनाएंगे

विरोधियों को आगाह करते हुए बाबा बागेश्वर ने कहा कि जो जैसे मानेगा हम वैसे मनाएंगे. जो हमें बिहार नहीं आने देंगे हम उनके घर के बाहर जाएंगे. इस देश में कहीं आने जाने का रोक नहीं है. संविधान में लॉ है. एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हम कई बार बिहार आए जब चुनाव नहीं था. हमने कभी भी मंच से किसी भी पार्टी का नाम नहीं लिया है. हमने कभी किसी को वोट देने की बात नहीं की.



# बारात के लिए निकले युवक को सिर में मारी गोली, मौत

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा के सलखुआ थाना क्षेत्र के कोपरिया में सोमवार की रात एक शादी समारोह के दौरान 23 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान कोपरिया वार्ड नंबर 14 निवासी मकलू शर्मा के पुत्र संजू शर्मा के रूप में हुई है। घटना सोमवार को मिथिलेश शर्मा के बेटे सुकसेन शर्मा के शादी समारोह के दौरान हुई। जहां से बारात गोगरी जमालपुर जाने वाली थी। डीजे बज रहा था और संजू वहां खड़ा था। इसी दौरान अमरदीप ने पीछे से संजू की कनपटी में गोली मार दी। स्थानीय लोग घायल संजू को पहले नजदीकी के सलखुआ अस्पताल ले गए। वहां से उसे सहरसा सदर अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**मुंबई में मजदूरी करते थे दोनों :** मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप अपने पड़ोसी अमरदीप शर्मा पर लगाया है। बताया कि दोनों मुंबई में मजदूरी करते थे। वहां तीन महीने पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान अमरदीप ने संजू को जान से मारने की धमकी भी दी थी।

**जांच में जुटी पुलिस :** सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर और इंस्पेक्टर मोहम्मद सलाउद्दीन ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिवार में शोक की लहर है। सिमरी बख्तियारपुर एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने कहा कि पुरानी दुश्मनी को लेकर ही हत्या को अंजाम दिया गया है। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है

## संक्षिप्त समाचार

### बालू के उठाव का विरोध करने पर किसान को पीटा

● जमुई में ट्रैक्टर चालक और साथियों ने की पिटाई, पीड़ित बोला- लाठी-डंडे और कुदाल से किया हमला



**जमुई, एजेंसी।** जमुई में बालू माफिया की दबंगई का मामला सामने आया है। जहां झाझा थाना क्षेत्र के शैर गांव में सोमवार की शाम को एक किसान को बालू माफिया ने बुरी तरह पीट दिया। घायल किसान की पहचान चंदन कुमार मंडल के रूप में हुई है। चंदन ने बताया कि चंद्रदेव यादव के ट्रैक्टर चालक पिंटू मांझी ने 6-7 साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला किया। किसान ने उनके खेत के पास से अवैध बालू उठाने का विरोध किया था। आरोपियों ने लाठी, डंडे और कुदाल से हमला कर दिया। घटना की सूचना 112 नंबर पर मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल किसान को परिजनों की मदद से झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक अब उनकी हालत खतरे से बाहर है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय किसानों ने पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। झाझा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पुलिस घटना की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### भोजपुर में ट्रेन से गिरकर महिला की मौत

● फरक्का एक्सप्रेस से भटिंडा जा रही थी महिला

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर सोमवार को गाड़ी संख्या (15743) फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका शाहपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर गांव निवासी प्रेम राय की पत्नी गीता देवी (55) है। इधर मृतका के परिजन ने बताया कि वह आरा स्टेशन प्लेटफार्म नंबर दो से फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार होकर पंजाब के भटिंडा जा रही थी। जाने क्रम में ट्रेन पर चढ़ने के दौरान वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद आरा पुलिस द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जीआरपी पुलिस द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा अस्पताल पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्र विदेशी राय, रवीश कुमार,अनीश कुमार व दो पुत्री पपुत्री मोनिका राय एवं रिशु कुमारी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है।

### पटना में किशोर की हत्या, पबजी खेलने के विवाद में दोस्त ने पिस्टल निकाल कर मार दी गोली

**पटना, एजेंसी।** दोस्त अब दोस्त ना रहा पटना में हत्या के बाद लोग इसकी ही चर्चा कर रहे हैं. फुलवारी शरीफ में देर रात सोमवार को एक किशोर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी. घटना को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका दोस्त निकला. मृतक की पहचान फुलवारी शरीफ के मौला बाग निवासी फिरोज बावर्ची का 14 वर्षीय अफरोज के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार दोस्त के साथ कर्बला बगीचे में बैठकर पबजी खेल रहा था. इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. गुस्से में आकर फिरोज के दोस्त छोटू ने कमर से कट्टा निकाला और उसपर गोली चला दी. गोली लगने के बाद पुलिस की मदद से आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए एम्स पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# नालंदा में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

### मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या का लगाया आरोप, कहा- शव को ठिकाने लगाने के फिराक में थे



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सोमवार को एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र के निचली मानपुर का है। मृतका की पहचान निचली मानपुर निवासी विपिन कुमार की पत्नी पूजा कुमारी (22) के रूप में की गई है। मायके वाले ससुराल वाले पर दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। घटना के संबंध में मृतका के परिजन फतुहा टोला निवासी ने बताया कि दहेज को लेकर ससुराली परिवार के द्वारा फांसी लगा हत्या कर दिया गया है। शव को वो लोग ठिकाने लगाने की फिराक में था। तभी वे लोग मौके पर पहुंच गए तब ससुराल वाले शव को छोड़कर फरार हो गया। 2018 में हुई थी शादी मायके वाले ने बताया कि पूजा कुमारी जब बीमार होती थी तब भी परिवार वाले उसका इलाज नहीं करवाते थे। उसे प्रताड़ित किया करते थे। पूजा के ससुराल के पड़ोसी ने घटना की जानकारी दी जिसके बाद उनलोगों को हत्या का पता चला। साल 2018 में फतुहा निवासी पूजा कुमारी की शादी विपिन से हुई थी। शादी के वक्त भी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया गया था। शादी के कुछ महीनों तक तो सब कुछ ठीक ठाक रहा लेकिन कुछ समय बाद ही दहेज को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा।

## मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

वहीं इस मामले में एकंगरसराय थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम को भी निरीक्षण के लिए बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

# विधानसभा चुनाव में 50 प्रतिशत सीट महिलाओं को दिया जाए, पटना में गूंजी मांग



**पटना , एजेंसी।** पटना की महिला चरखा समिति ने सम्मेलन का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई. तिलक, दहेज किस प्रकार से समाज में महिलाओं को कमजोर कर रहे हैं इस पर लोगों ने विस्तार से चर्चा की. कार्यक्रम में पूर्व विधायक सूर्यदेव त्यागी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे, जबकि बिहार प्रदेश लोक समिति की महिला संयोजक क्रांति राशोष विशिष्ट स्थिति के तौर पर मौजूद रहीं.

**अधिकार मिला पर हक नहीं :** इस कार्यक्रम में काफी महिलाओं ने हिस्सा लिया. सभी ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बिहार सरकार ने महिलाओं को आरक्षण तो दे दिया लेकिन अभी भी महिलाओं को स्वतंत्रता नहीं मिल पाई है. लोक समिति की महिला संयोजक क्रांति राशोष ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50प्रतिशत बिहार सरकार ने आरक्षण दिया, यह काफी सराहनीय है.

**महिलाओं को राजनीतिक दल दें अधिक सीटें :** क्रांति राशोष ने कहा कि वह चाहती हैं कि जितने भी महिला प्रतिनिधि हैं, वह स्वयं से निर्णय लें. महिला प्रतिनिधियों का निर्णय कोई पुरुष नहीं ले सके इसके लिए प्रावधान हो. उन्होंने कहा कि इस वर्ष बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं तो वह चाहेंगे कि पंचायत की तरह 50त्न सीट महिलाओं को दिया जाए. चाहे संसद हो या बिहार विधानसभा, महिलाओं की भागीदारी काफी कम है. मंत्रिमंडल में भी दोनों जगह महिलाएं काफी कम हैं. यह स्थिति बदलनी चाहिए. इस चुनावी वर्ष में सभी राजनीतिक दल यह घोषणा करे कि अधिक से अधिक सीट वह महिलाओं को देंगे.

# बाढ़ में प्रस्तावित जमींदारी बांध निर्माण का विरोध



**पटना, एजेंसी।** बाढ़ के पंडारक प्रखंड में 3 गांव के लोग प्रस्तावित जमींदारी बांध निर्माण के विरोध में उतर गए हैं। बांध पूरनबीघा से लखीसराय के बालगुदर तक 2300 करोड़ की लागत से 74 किलोमीटर लंबा और 104 फीट चौड़ा बनाया जाएगा। अजगरा गांव के पास इस बांध के लिए जमीन चिन्हित की गई है। ग्रामीण रामानुज सिंह ने बताया कि वर्ष 2000 में नदी किनारे एक बांध का निर्माण हुआ था। 2002 में सड़क भी बनाई गई थी। मौजूदा बांध काफी ऊंचा है।

बाढ़ का पानी इससे 10 फीट नीचे रहता है, जिससे गांव सुरक्षित है। प्रस्तावित बांध के निर्माण से अजगरा, घटौरा और महादेव मठ के करीब 50-50 घर प्रभावित होंगे। अजगरा गांव की सैकड़ों बीघा उपजाऊ भूमि भी इस परियोजना में चली जाएगी। रामप्रवेश सिंह ने कहा कि 1976 में भीषण बाढ़ के बाद मौजूदा बांध का निर्माण किया गया था। नए बांध की जगह पुराने की मरम्मत और चौड़ीकरण किया जाए। वे अपनी जमीन नहीं देंगे। इस प्रोजेक्ट का पुरजोर विरोध करेंगे। बाबा जगदीश का ऐतिहासिक मंदिर भी इसी के आसपास है। वहीं, महादेव मठ निवासी शांति देवी ने बताया कि यह दलित बस्ती है। हमलोगों के पास घर के अलावा कहीं भी जमीन नहीं है। जमींदारी बांध के निर्माण में यह भी छिन जाएगी। रहने का कोई आसरा नहीं है, बेघर हो जाएंगे। हमलोगों को बाढ़ से कोई खतरा नहीं है।

## ग्रामीण लिखित शिकायत दे सकते हैं

इस संबंध में एसडीएम शुभम कुमार ने बताया कि प्रस्तावित जमींदारी बांध को लेकर मोकामा टाल और घोसवरी के लोगों से संपर्क किया गया था। ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर लिखित शिकायत दे सकते हैं। लोगों की ओर से ही प्रस्ताव आया था। जिसको लेकर फ्लड कंट्रोल डिवीजन से यह बांध बनाया जा रहा है।

# भोजपुर में पशुपति पारस ने कहा- बिहार में 20 सालों से निकम्मी सरकार, लॉ एंड आर्डर नहीं है

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस सोमवार को भोजपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार में पिछले 20 सालों से निकम्मी सरकार है, जिसने एक भी कल-कारखाने नहीं लगवाए। बिहार में बेरोजगारों की भरमार है। भ्रष्टाचार है। आपके जिला (भोजपुर) को ही देख लीजिए। इतनी बड़ी लूट की घटना घटी है। यह साबित करता है कि बिहार में लॉ एंड आर्डर नहीं है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही एक महिला के पैर में कील ठोक दिए गए। बिहार के किसी भी मंत्री या अधिकारी ने महिला की सुध नहीं ली। इससे जाहिर होता है कि बिहार में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है। आज के समय में रालोजपा का पूरे बिहार में बुरा दिन है। हमारे 5 सांसद थे, सभी सांसदों का टिकट काट दिया गया। इसका कारण मै नहीं जानता हूं। सिर्फ इतना ही जनता हूं दलित की पार्टी थी और BJP दलित विरोधी है। लोकसभा में बाबा भीम राव अंबेडकर के खिलाफ कितनी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस दौरान पशुपति पारस ने कहा कि हमारी पार्टी का फैसला है कि हम बिहार के 243 सीटों पर भ्रमण करें। हम इंटरनल सर्वे करा रहे हैं। 14 अप्रैल को बापू सभागार में बहुत बड़ी रैली करने जा रहे हैं। पार्टी की बैठक होने के बाद उसमें जो फैसला होगा, वो हम बिहार की जनता और मीडिया के सामने रखेंगे। मैं बताऊंगा कि मुझे किस तरफ जाना है। उन्होंने कहा कि सभी को मालूम है कि मैं किस तरफ जाऊंगा।

# 243 सीटों पर भ्रमण करेंगे 14 अप्रैल को बड़ी रैली



**स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि में पहुंचे थे पारस :** दरअसल, पशुपति कुमार पारस भोजपुर जिले के बिहियां प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भड़सरा गांव में स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय बाबू चन्द्रिका सिंह यादव की 30वीं पुण्यतिथि में पहुंचे थे। इस दौरान स्वर्गीय चन्द्रिका सिंह यादव की तस्वीर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पशुपति पारस ने कहा कि आरा और बिहार की जनता की सेवा चंद्रिका बाबू ने की।

**इस बार जनता बदलाव की ओर :** वहीं अमित शाह के बिहार में कैंप करने वाले बयान पर पशुपति कुमार पारस ने कहा कि कितना कैंप करेंगे ? जनता मालिक है, जनता सर्वोपरि है। एक कहावत है चौकी पर बैठने वाला चौकीदार, जमीन पर बैठने वाला जमींदार है। उसके एक वोट से देश में प्रजातंत्र व्यवस्था और मौलिक अधिकार है। राजा, प्रजा, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री सबको एक वोट देने का अधिकार है। गृह मंत्री जी को दो वोट देने का अधिकार है क्या ? इस बार जनता बदलाव की ओर है।

**हर पुण्यतिथि पर हम माल्यार्पण करने आते हैं :** स्व. चंद्रिका बाबू का जिक्र करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कही कि उनकी कभी इच्छा नहीं हुई कि वो सांसद या विधायक बने। उन्होंने समाज के हर तबके के लोगों को जोड़ने का काम किया। उन्होंने तेज नारायण सिंह के रूप में समाज को अच्छा बेटा सौंपा। अच्छा पुत्र के रूप में दिया। चंद्रिका बाबू हमारे परिवार से जुड़े रहे और पार्टी के शुरुआती समय से ही हमारे साथ थे। अच्छा-बुरा हर समय पर उन्होंने मेरा साथ दिया है। इसलिए इनके हर पुण्यतिथि पर हम माल्यार्पण करने आते हैं।

# पावर स्टार पवन सिंह को बड़ी राहत, सबूत के अभाव में कोर्ट ने किया बरी



**रोहतास , एजेंसी।** पावर स्टार के नाम से चर्चित भोजपुरी के सीने स्टार अभिनेता व गायक पवन सिंह को बड़ी राहत मिली है. बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय ने आचार संहिता के मामले में उन्हें बरी कर दिया है. पवन सिंह को साक्ष्य के अभाव में न्यायालय ने बाईज्जत बरी कर दिया है. जिसके बाद उन्होंने न्यायालय पर भरोसा जताया है.

## पवन सिंह को बड़ी राहत

दअरसल, सासाराम एसीजेएम-3 ने पवन सिंह को बरी कर दिया. पवन सिंह इस दौरान कोर्ट में हाजिर हुए. पवन सिंह पर लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन का मामला था. बता दें कि अभी भी चार अन्य मामले पवन सिंह पर लंबित हैं. जिसमें फिलहाल चार्जशीट दाखिल नहीं हुई है. अधिवक्ता पवन कुमार का कहना है कि केस संख्या 70/2024 में तमाम कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कोर्ट ने पवन सिंह को बरी किया है. अभी भी उन पर चार केस चल रहे हैं, जो कोर्ट में लंबित हैं. इस मामले में संझौली थाना अध्यक्ष, सर्किल ऑफिसर सहित चार गवाहों की गवाही हुई. जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें बरी कर दिया.

## क्या था पूरा मामला ?

बता दें कि संझौली थाना क्षेत्र मे मानक से अधिक गाड़ियां लेकर चुनाव प्रचार के दौरान काफिला लेकर चलने को लेकर पर उन पर केस दर्ज हुआ था. जिसमें दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने पवन सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया.

## काराकाट से चुनाव लड़े थे

मालूम हो कि, पवन सिंह लोकसभा चुनाव 2024 में काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार थे. वैसे तो इस सीट से उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन जिस तरह से वह मैदान में उतरे थे, उससे एनडीए को काफी नुकसान हुआ था. खासकर शाहाबाद क्षेत्र की सीटों पर एनडीए को हार का मुंह देखना पड़ा था.

## फिर से ताल ठोकने के लिए तैयार

अक्टूबर-नवंबर में बिहार में विधानसभा चुनाव होना है. ऐसे में पवन सिंह ने फिर से अपनी दावेदारी की बात की है. उनकी पत्नी ज्योति सिंह पहले से दो विधानसभा का चक्कर काट रही हैं. ऐसे में आगे क्या होगा उसपर सबकी निगाह टिकी रहेगी.

# 90 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

### किशनगंज के गलगलिया बस स्टैंड के पास से एसएसबी ने पकड़ा; बंगाल का रहने वाला है आरोपी



**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज के गलगलिया में एसएसबी की 41वीं बटालियन एसएसबी रानीडांगा और गलगलिया थाना के पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को 90.5 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक एसएसबी की कंपनी निमुगुरी के स्पेशल ऑपरेशन दल ने खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की है। टीम ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 1.7 किलोमीटर अंदर बीपी नंबर 102/3 के पास, गलगलिया बस स्टैंड के निकट से आरोपी को संदेह होने पर रोकने को कहा। तस्कर कर्मियों को देख भागने का प्रयास किया मगर जवानों ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी निवासी मोहम्मद अर्शिब (उम्र-18) के रूप में हुई है। वह अब्दुल सत्तार का पुत्र है और कलुआ जोते कमला गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी और बरामद नशीले पदार्थ को गलगलिया थाने में सुपुर्द कर दिया है। जांच में जुटी पुलिस- थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले पर आगे की कार्रवाई जारी है, फिलहाल तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 11-03-2025 21:58 Page 1



# रिश्वत लेते दारोगा गिरफ्तार

## भूमि विवाद में 10 हजार रुपये की मांगी थी राशि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा/भैरोगंज।** भूमि विवाद के एक मामले में 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते भैरोगंज थाने के एक दारोगा ओम प्रकाश गौतम को मंगलवार की सुबह निगरानी विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम ओम प्रकाश गौतम को रामनगर के रास्ते ले गई और किसी गोपनीय जगह पर पूछताछ कर रही है।

गिरफ्तार दारोगा इस थाने में करीब दो साल से तैनात थे। घटना के संबंध में बताया गया कि उक्त थाना क्षेत्र के बांसगांव परसौनी निवासी प्रदीप सिंह व नागेन्द्र सिंह के बीच भूमि विवाद चल रहा था। इस संबंध में दोनों लोगों के द्वारा भैरोगंज थाने में जनवरी में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

उसी मामले में प्रदीप सिंह को मदद देने के लिए उक्त दारोगा के द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने दारोगा को मनाने की कोशिश भी की, लेकिन दारोगा उन्हें जेल भेजने की बात भी करता था। जिसके बाद उसने रिश्वतखोरी की शिकायत निगरानी विभाग से की थी। शिकायत मिलने के बाद उक्त विभाग के द्वारा पूरे मामले की जांच की गई तो मामला सही पाया गया।

इसके बाद मंगलवार की सुबह सात-आठ बजे निगरानी विभाग के डीएसपी विकास श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ थाने पहुंचे और शिकायत करने वाले व्यक्ति को दारोगा के किराये के मकान में रिश्वत देने के लिए अपने टीम के दो सदस्यों के साथ भेजा, जहां ओम प्रकाश को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद रामनगर थाना क्षेत्र के रास्ते लेकर चले गए।

बगहा में पहली बार निगरानी विभाग ने दारोगा को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद विभाग में हड़कंप मचा है। निगरानी की कार्रवाई के बाद मंगलवार को भैरोगंज था ना परिसर सुना-सुना दिखा। वैसे अन्य दिन पर सुबह से लेकर शाम तक लोगों का आना-जाना लगा रहता था,लेकिन जब निगरानी की टीम ने कार्रवाई की उसके बाद से लोगों का आना-जाना नहीं हुआ।

# बाइक सवार बदमाशों ने राज मिस्त्री को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जढुआ चिकनौटा में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने राज मिस्त्री को दरवाजे पर चढ़कर गोली मारकर घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गया। गोली चलने की आवाज सुनकर मौके पर आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

जहां डाक्टर के द्वारा घायल का इलाज किया गया। घायल को दो गोली मारी गई है। घायल जढुआ चिकनौटा निवासी बिंदेश्वर राय के 26 वर्षीय विपिन कुमार बताया गया। मिली जानकारी के अनुसार विपिन कुमार अपने चाचा के दरवाजे पर बैठा हुआ था। इसी दौरान करीब दो बाइक पर सवार चार की संख्या में बदमाश अचानक पहुंचकर गोलीबारी शुरू कर दी। जिसमें विपिन को दो गोली लगी है। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार बदमाशों ने घर के महिला को भी जाते-जाते धमकी दिया। गोली लगने के बाद वह घायल अवस्था में जमीन पर खून से लथपथ होकर गिर गया। घटना की सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया।

घटना की जानकारी नगर थाने की पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी ललित मोहन शर्मा, हेडक्वार्टर डीएसपी अबू जफर इमाम एवं नगर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल के बाद बदमाशों के भागने की दिशा में कार्रवाई में जुटी है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाने की पुलिस पदाधिकारी सदर अस्पताल पहुंचकर घायल से घटना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी ली।घटना के संबंध में घायल के पिता ने बताया कि विपिन अपने चाचा के दरवाजे पर बैठा हुआ था इसी दौरान दो बाइक पर सवार करीब चार की संख्या में आए बदमाशों ने गोली मार दिया।

# हाथ में हथकड़ी पहने छात्र ने लिया नियुक्ति पत्र

## अदालत दोषी ठहराती है तो रद्द हो जाएगी नौकरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया से एक अनोखा मामला सामने आया है। पटना बेऊर जेल में बंद आरोपी विपिन कुमार रविवार को पुलिस अभिरक्षा में हथकड़ी पहने बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में पहुंचे थे और अपना औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्राप्त किया।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी विपिन बीपीएससी की परीक्षा क्वालीफाई कर शिक्षक बने हैं। विद्यालय अध्यापक पद के लिए एक से पांच तक सामान्य विषय में इनका चयन हुआ है।

बिहार के उद्योग मंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा, प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम सहित अन्य वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में पॉक्सो एक्ट के आरोपी विपिन कुमार को नियुक्ति पत्र मिला।

आरोपी विपिन कुमार गया जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के एरकी गांव के रहने वाला है। वह पटना के दानापुर में एक कोचिंग संस्थान में शिक्षक था।

करीब डेढ़ वर्ष पहले उसी कोचिंग में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक आरोप लगाते हुए दानापुर थाने में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था।

जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विपिन को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था और तब से वो न्यायिक हिरासत में पटना बेऊर जेल में बंद हैं।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी विपिन जेल में रहकर अपनी पढ़ाई जारी रखी और बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा की तैयारी की और 18 महीने की कैद के दौरान उसने तमाम कठिनाइयों का सामना करते हुए परीक्षा दी और आखिरकार सफल हुए।

उनकी मेहनत रंग लाई और वो शिक्षक पद के लिए चयनित हो गए। शिक्षक बने आरोपी विपिन ने बताया कि मेरे खिलाफ दर्ज मामला अभी भी न्यायालय में लंबित है।

जब तक हमें अदालत से निर्दोष करार नहीं दिया जाता तब तक हमारी नियुक्ति पर संकट बना रहेगा।

अगर अदालत हमें दोषी ठहराती है, तो नौकरी रद्द हो जाएगी। हालांकि हम पर छात्रा ने जो आरोप लगाया है वो पूरी तरह बेबुनियाद है। आरोपी विपिन कुमार ने कहा कि जेल में पढ़ने वाले दूसरे कैदियों को भी शिक्षा की रोशनी से रोशन करेंगे।

# पिकअप वैन और टोटो की ठोकर में महिला की मौत

## एक ही परिवार के छह लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। सिमरी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर मोड़ के पास एक पिकअप वैन और टोटो की सीधी टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब पूरा परिवार एक थाने से मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराकर लौट रहा था।

जानकारी के मुताबिक, मृतका की पहचान काजीपुर निवासी किशुन बिंद की 55 वर्षीय पत्नी दशुनी देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दशुनी देवी अपने परिजनों के साथ जनया भोजपुर डुमरी पथ के नीलामी मोड़ पर मोबाइल छिनैती की शिकायत दर्ज कराने गई थीं। शिकायत दर्ज कराने के बाद पूरा परिवार टोटो में सवार होकर वापस काजीपुर लौट रहा था।

जैसे ही टोटो आशा पड़री से आगे सुंदरपुर मोड़ के पास पहुंचा, तभी नियाजीपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वैन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टोटो में सवार सभी लोग सड़क पर गिर गए।

हादसे में दशुनी देवी को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अन्य छह परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रावती देवी, विकास कुमार, रोहित चौधरी, विशाल कुमार, टुनटुन चौधरी और सत्येंद्र चौधरी के रूप में की गई है। सभी घायलों को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिमरी थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मारपीट एवं फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला मुखिया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले में दबंग मुखिया की गुंडागर्दी इस बार भारी पड़ गई। मारपीट और हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले नौरंगिया पंचायत के मुखिया रमेश कुमार यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना को लेकर इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है, वहीं ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।

जानकारी के मुताबिक, पूरा मामला लखौरा थाना क्षेत्र का है। जहां मुखिया रमेश यादव ने अपने पड़ोसी से विवाद के दौरान जमकर मारपीट की और हवाई फायरिंग कर लोगों में डर फैलाने की कोशिश की। घटना के बाद लखौरा थाना में कांड संख्या 30/24 के तहत मुखिया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मुकदमे में मारपीट, धमकी और अवैध हथियार के इस्तेमाल जैसी गंभीर धाराएं जोड़ी गई थीं।

घटना के बाद से मुखिया रमेश यादव लगातार पुलिस की गिरफ्त से बचता फिर रहा था। उसकी दबंग छवि पहले से ही इलाके में जानी जाती है। बताया जा रहा है कि मुखिया का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ हत्या, मारपीट और अन्य कई गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने जानकारी दी कि मुखिया की गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर की गई। उन्होंने बताया कि जैसे ही रमेश यादव के ठिकाने का पता चला, जिले के कई थानों की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।



मुखिया की गिरफ्तारी के बाद इलाके में यह खबर तेजी से फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया की दबंगई से आम लोग काफी परेशान थे। उसकी गिरफ्तारी को लेकर लोगों में संतोष की भावना देखी जा रही है। वहीं, यह भी चर्चा हो रही है कि इस बार मुखिया की होली जेल की चारदीवारी में ही बीतेगी।

एसपी स्वर्ण प्रभात ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून हाथ में लेने वालों पर पुलिस की निगरानी लगातार बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि अपराध चाहे किसी भी स्तर से जुड़ा व्यक्ति करे, पुलिस कानून के तहत सख्त कदम उठाएगी।

# होली को लेकर प्रशासन अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोपालगंज।** रंगों का पर्व होली इस बार बड़ी सतर्कता के साथ मनाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन दोनों ही त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए अलर्ट मोड में हैं। डीएम प्रशांत कुमार सीएच ने स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद कर दी है। साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों रेफरल अस्पतालों व सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को 24 घंटे काम करने के लिए अलर्ट जारी किया है।

मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि हमारी टीम खाद्य पदार्थों और मिठाइयों की दुकानों पर जांच व छापामारी करेगी। ताकि त्योहार के दौरान स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह के खतरे से बचा जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे खतरनाक केमिकल युक्त रंगों से होली न खेलें और बच्चों को इन रंगों से दूर रखें। सुरक्षित और पर्यावरण होली खेलने के लिए सिविल सर्जन ने नेचुरल और हर्बल रंगों का उपयोग करने की सलाह दी है।

# हत्या के बाद प्राइवेट पार्ट काटा गया, शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** जिले के आलमनगर प्रखंड के रतवारा थाना क्षेत्र के मैनिया बासा ठाकुरबाड़ी बासा बहियार में मंगलवार को एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मकई के खेत में पड़ा मिला। उसकी हालत इतनी भयावह थी कि मौके पर मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए।

स्थानीय लोगों ने सुबह खेत में शव देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। युवक की बेरहमी से हत्या की गई थी। उसका गला रेत दिया गया था, शरीर पर कई जगह गहरे जख्म थे और शरीर पर केवल अंडरवियर था।

इतना ही नहीं युवक के प्राइवेट पार्ट को भी आधा काट दिया गया था, जिससे घटना की नृशंसता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

स्थानीय लोगों ने भी मृतक को पहचानने से इनकार कर दिया है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक किसी अन्य इलाके का हो सकता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और आसपास के थानों को सूचना दी गई है ताकि युवक की पहचान हो सके। उदाकिशुनगंज एसडीपीओ ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी गई है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द इस हत्या का खुलासा होगा।

प्रथम दृष्टया पुलिस इस हत्या को आपसी रंजिश, प्रेम प्रसंग या किसी और गहरे षड्यंत्र से जोड़कर देख रही है। हालांकि, जब तक मृतक की पहचान नहीं होती, तब तक हत्या के पीछे की असली वजह सामने आना मुश्किल है। इस नृशंस हत्या के बाद खावन दियारा क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में अपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की गश्त बेहद कम है।

# कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का पूर्वी बिहार में भी रहा है नेटवर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** रायपुर से रांची लाने के क्रम में पलामू में मारे गए झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का पूर्वी बिहार में तगड़ा नेटवर्क था। रांची और उसके आसपास के जिलों में अपना गिरोह मजबूत करने के बाद, उसने अपने भाई आकाश साहू और मधेपुरा के रहने वाले शंकर यादव को पूर्वी बिहार में गैंग संचालन की जिम्मेदारी दी थी। रंगदारी और खदानों से वसूली गई लेवी की रकम को निवेश करने की जिम्मेदारी भी इन्हीं को सौंपी गई थी।

शंकर यादव की सक्रियता भागलपुर, मधेपुरा और पूर्णिया तक फैली थी, जहां उसने करोड़ों रुपये का निवेश कर रखा था।

एनआईए की टीम ने अमन साहू और उसके गिरोह के रंगदारी वसूली से जुड़े लेन-देन की तकनीकी निगरानी शुरू की थी। जांच में पता चला कि गैंग द्वारा वसूली गई रकम का एक बड़ा हिस्सा पूर्वी बिहार में संपत्ति खरीदने और अन्य व्यवसायों में लगाया जा रहा था। इसके बाद 8 फरवरी 2024 को एनआइए ने भागलपुर, मधेपुरा और पूर्णिया में छापेमारी की।

इस दौरान भागलपुर के बरारी हाउसिंग बोर्ड कालोनी में स्थित शंकर यादव के आवास से 1.30 करोड़ रुपये नकद, जेवरात, बेशकीमती जमीनों के दस्तावेज, एग्रीमेंट पेपर, बांड, हार्ड डिस्क, मोबाइल और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए।



नकदी इतनी अधिक थी कि अधिकारियों को रुपये गिनने के लिए मशीन और खाली बक्से मंगाने पड़े।

शंकर यादव के खिलाफ कार्रवाई के दौरान यह भी सामने आया कि वह एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के रूप में काम कर रहा था। उसके पास ट्रैक्टर एजेंसी के अलावा बालू, गिट्टी, सीमेंट और जमीन की खरीद-बिक्री का बड़ा कारोबार था।

अमन साहू के भाई आकाश साहू का भी अक्सर उसके घर पर आना-जाना रहता था। गैंग द्वारा वसूली गई रकम को शंकर विभिन्न शहरों में प्रॉपर्टी और अन्य धंधों में निवेश करता था।

एनआईए की जांच में यह भी सामने आया कि 18 दिसंबर 2020 को लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में हुई गोलीबारी की साजिश में भी शंकर यादव शामिल था। यह हमला अमन साहू और सुजीत सिन्हा के संयुक्त साजिश का हिस्सा था।

गैंग के कई सदस्य वसूली गई लेवी की मोटी रकम को भागलपुर लाकर निवेश कर रहे थे, जिसमें शंकर की अहम भूमिका थी। उसने अपने करीबी प्रॉपर्टी डीलरों, कुछ पुलिस अधिकारियों और अपराध जगत के अन्य लोगों को भी इस काम में शामिल कर रखा था।

# होली स्पेशल ट्रेने चलाने का निर्णय

**हाजीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी सिलसिले में और दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों को चलाने का निर्णय लिया गया है। आसनसोन-पटना-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल (झाझा-किउल-मोकामा के रास्ते)- गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च 2025 को आसनसोल से 11.30 बजे खुलकर उसी दिन 18.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च 2025 को पटना से 19.45 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। आसनसोन-गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल (झाझा-किउल-बरौनी-समस्तीपुर-हाजीपुर-सीवान के रास्ते)- गाड़ी सं. 03513 आसनसोल-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल 12 मार्च 2025 को आसनसोल से 18.30 बजे खुलकर अगले दिन 10.15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03514 गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च 2025 को गोरखपुर से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे आसनसोल पहुंचेगी।

# होली के रंग में रंगे सीएम सोरेन

## विधायकों के साथ खेले होली, जनता को दीं शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** खुशियों की सौगात लाने वाला त्योहार होली नजदीक है। होली को लेकर आम हो या खास सभी उत्साहित नजर आ रहे हैं। इसी बीच झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होली के रंग में रंग गए। उन्होंने सभी विधायकों के साथ होली खेली और शुभकामनाएं दी।झारखंड विधानसभा में बजट सत्र जारी है। इस दौरान मंगलवार को विधानसभा परिसर फगुआ गीत से गूंज उठा। दरअसल, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा के अन्य सदस्य होली को लेकर उत्साहित नजर आए। होली मिलन पर मुख्यमंत्री ने तमाम विधानसभा के सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पार्टी लाइन से उठकर तमाम राजनीतिक दलों के नेता होली मिलन में एकत्रित हुए।

मुख्यमंत्री ने राज्य की जनता को संदेश देते हुए कहा, होली एक ऐसा त्योहार है। जो आपसी भाईचारे को बढ़ावा देता है। इस त्योहार में सभी वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते हैं। होली पर तमाम राज्य की जनता से अपील है कि एकजुट होकर त्योहार में शरीक हो खुश रहें और त्योहार का आनंद लें।

# रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो 2025 का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना में रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो 2025 का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम 21-23 मार्च तक ज्ञान भवन में होना है। यह पूरे देश और बिहार में यह पहला ऐसा आयोजन होगा, जिसमें 70 से अधिक कंपनियां स्टॉल लगाएंगी। यहां आने वाले ग्राहकों को एक ही छत के नीचे हर कपनी की गाड़ियां, बैंक फाइनेंसर और इंश्योरेंस मिल सकेंगे। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टेस्ट ड्राइव की भी सुविधा उपलब्ध होगी। इस बात की जानकारी सयद शुमाएल अहमद ने दी।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल के क्षेत्र में हो रहे नयी नयी खोजों का लोगों से अवगत कराना, बढ़ावा देना, अक्षय ऊर्जा के उपयोग के लिए जागरूकता फैलाना, कंपनियों और ग्राहकों के बीच की दूरी को कम करना, विभिन्न स्टेक होल्डर एवं सरकार के प्रतिनिधि के बीच विमर्श का आयोजन कर इस उद्योग में आ रही परेशानियों को हल करना, इस क्षेत्र में बिहार में काम कर रहे प्रतिमा का सम्मान तथा मार्केट उपलब्ध कराना भी है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल करेंगे। वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह कार्यक्रम 6 सत्र आयोजित किये जाएंगे। प्रत्येक सत्र में संबंधित स्टेक होल्डर और सरकार के संबंधित विभाग के मंत्री और प्रशासन की उपस्थिति में बातचीत होगी ताकि अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक व्हीकल के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए एक स्वस्थ वातावरण तैयार किया जा सके और लोगों के बीच में भी जागरूकता आए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्रीनीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि उनके माध्यम से आमजनों के बीच इसके प्रति जागरूकता आ सके।

# एक्शन मोड में नजर आये केके पाठक

## छह घंटे में किए 36 आदेश जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** बेतिया राज का उत्तराधिकारी नहीं होने के कारण कोर्ट ऑफ वार्ड में जाने के 128 साल बाद इस ऐतिहासिक धरोहर को तारणहार मिला है। राजस्व पर्षद के अध्यक्ष पद पर केके पाठक के पद भार के बाद बेतिया राज के कायाकल्प की उम्मीद बढ़ गई है।

सोमवार की रात राजस्व पर्षद के अध्यक्ष केके पाठक एक्सपर्ट के साथ बेतिया पहुंचे। मंगलवार की सुबह से ही वे एक्शन में आ गए। करीब छह घंटे में उन्होंने 36 आदेश जारी किए हैं। सर्किट हाउस से निकलने के बाद वे राज के खाली पड़े भूखंड हजारी पशु मेला ग्राउंड में पहुंचे।

110 एकड़ में फैले मेला ग्राउंड की जमीन का उपयोग कई रूप में किया जा सकता है। मेडिकल इंडस्ट्री समेत कई काम के लिए यह उपयुक्त जगह है। फिर वे सरिसवा रोड पावर ग्रिड, माधोपुर, मैनाटांड़ रोड़ में स्थित बेतिया राज के खाली पड़े जमीनों को निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि इस भूमि पर इंडस्ट्री, यूनिवर्सिटी, कॉलेज, अस्पताल भी बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने बेतिया राज के 50 एकड़ से ज्यादा रकबा वाले भूखंडों तथा 20 एकड़ से ज्यादा के रकवा वाले भूखंडों को अलग-अलग सूची तैयार करने को कहा। केके पाठक ने कहा की पहले बड़े-बड़े भूखंडों का उपयोग किया जाएगा। इसके बाद छोटे भूखंडों का उपयोग होगा। टाउनशिप डेवलपमेंट के अलावा यहां उद्योग धंधे भी लगेंगे। जिससे न सिर्फ बेतिया का विकास होगा वरन यहां की आर्थिकी में भी व्यापक बदलाव आएगा।

राजस्व पर्षद के अध्यक्ष के भूखंडों का जायजा लेने के बाद दोपहर में राज भवन में पहुंचे। वे राज भवन के शीश महल, रानी निवास, राज भवन परिसर का मंदिर, कुआं, दुर्गा पूजा मंडप आदि भग्नावेशों को काफी देर तक निहारते रहे। राज भवन के दीवारों पर बने कलाकृति को देखकर कहा कि यह सिर्फ इतिहास नहीं यहां का गौरव है।

अपने साथ मौजूद आर्किटेक्ट व पर्यटन विभाग के अधिकारियों से केके पाठक ने कहा कि इसका इसी स्वरूप में विकास के लिए प्रोजेक्ट तैयार करें।

राजभवन की भीतरी भागों में फैले हरियाली को देखकर कहा कि ध्यान रहे की भवनों के जीर्णोद्धार और सौंदरीकरण के दौरान हरे पेड़ नहीं कटे। निरीक्षण के दौरान वे अधिकारियों को निर्देश भी दे रहे थे। राजस्व पर्षद के अध्यक्ष के साथ अधिकारियों का काफिला भी रहा। उनके साथ राजस्व पर्षद के सचिव गिरिवर दयाल सिंह के अलावा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर व पर्यटन विभाग के पदाधिकारी भी बेतिया आए थे। के-के पाठक के एक-एक आदेश को अधिकारी नोट कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां जो भी काम होगा इसकी सतत मॉनिटरिंग होती रहनी चाहिए। राज व्यवस्थापक अनिल कुमार सिन्हा केके पाठक को राजभवन के इतिहास और उस समय होने वाला इसका उपयोग के बारे में बता रहे थे।

राजगुरु परिवार के प्रमोद व्यास के अलावा शहर के कई गणमान्य लोग, मंदिरों के पुजारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

बेतिया राज के कर्मचारी संघ के सम्मानित अध्यक्ष प्रमोद व्यास ने कर्मचारियों की मांग पत्र का एक ज्ञापन राजस्व पर्षद के अध्यक्ष को सौंपा।

ज्ञापन में राज के कर्मचारियों के वेतन बढ़ाने की मांग की गई थी।

ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने अध्यक्ष को बताया कि बेतिया राज के कर्मचारियों, मंदिरों के पुजारी, टहलू का वेतन काफी कम है। राज में जो संविदा पर काम कर रहे हैं, उनका मानदेय नियमित कर्मचारियों के वेतन से ज्यादा है। जिससे कर्मचारियों में हीन भावना है। वे अपने परिवार का भरण पोषण भी नहीं कर पा रहे हैं। अध्यक्ष ने इस दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# ट्रक ने तीन को कुचला, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिले में बीती रात एक बार फिर तेज रफ्तार ने एक परिवार को मातम में डुबो दिया। मामला मंझौल-गढ़पुरा सड़क पर महुआ मोड़ के पास का है, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने पल्सर बाइक सवार तीन दोस्तों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान मंझौल पंचायत-3 के वार्ड नंबर-3 निवासी बुग्गी सदा (37) के रूप में हुई है, जो धनिक सदा के पुत्र थे। वहीं, घायल हुए युवकों की पहचान संजय सदा (30) पिता छोटे सदा और रविंद्र सदा (32) पिता जंगली सदा के रूप में की गई है। दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज अस्पताल में जारी है।

वार्ड सदस्य सुधीर सदा ने बताया कि तीनों युवक पल्सर बाइक पर सवार होकर मंझौल बाजार से सब्जी खरीदकर घर लौट रहे थे। जब वे महुआ मोड़ के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह जख्मी हो गए।

घटना के थोड़ी देर बाद वहां से गुजर रही पुलिस की नजर घायल युवकों पर पड़ी। तत्काल सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान बुग्गी सदा की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और मृतक के परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बुग्गी सदा अपने पीछे छह बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनकी परवरिश अब एक गंभीर चिंता का विषय बन गई है। परिवार का एकमात्र सहारा छिन जाने से परिजनों की हालत बदहवासी की है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा है और लोग इस दुर्घटना से बेहद दुखी हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों के लिए अलग विंग बनाने की मांग

**बलिया , एजेंसी।** बलिया जनपद में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए बजट जारी होने के बाद उसका श्रेय लेने के लिए पार्टी के नेता खुद की पीठ थपथपा रहे हैं। इसी बीच बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने हिंदुओं की सुरक्षा के लिए मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमो की एंट्री बैन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करती हूं कि मुसलमानों के लिए मेडिकल कॉलेज में अलग विंग, अलग बिल्डिंग बना दिया जाए। जिससे हिंदू सुरक्षित रह सकें।

न जानें क्या थूक थूकाकर हमें मिल जाए

मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दिलाने के बाद पहली बार जिले में आई बांसडीह विधानसभा से फायर ब्रांड महिला विधायक ने कहा होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा होती है तो मुसलमानों को दिक्कत होती है। हम लोगों के साथ इलाज कराने में भी हो सकता है उनको दिक्कत हो।

विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मैं पत्रकारों के माध्यम से महाराज जी से मांग करतीं हूं कि जब इतना खर्च हो ही रहा है तो एक अलग बिल्डिंग और एक अलग विंग बना दिया जाए। जिससे वे जाकर अपना इलाज वहां करा लें। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग किया की दिवाली के मौके पर जब मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो एक अलग विंग उन लोगों के लिए बना दिया जाए, ताकि हम भी सुक्षित महसूस करें। न जाने किस पर क्या थूक- थूकाकर हम लोगों को मिल जो। तो उस सब से हम लोग बच जाए।

### सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण-दो माह तक युवती से दरिंदगी, पुलिस की लापरवाही आई सामने; अब एसएसपी ने की बड़ी कार्रवाई

**मुरादाबाद, एजेंसी।** भगतपुर में अपहरण के बाद किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में लापरवाही बरतने पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने दो दरोगा राजकुमार नैन और मुरलीधर चौहान को निलंबित कर दिया। साथ ही थाना प्रभारी संजय पांचाल को लाइनहाजिर कर दिया। इंस्पेक्टर रविंद्र प्रताप सिंह को भगतपुर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।

भगतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली अनुसूचित जाति की महिला ने तीन मार्च को भगतपुर थाने में सलमान, जुबैर, राशिद और आरिफ के खिलाफ केस दर्ज कराया था। महिला ने बताया कि उसकी जेठानी की 14 वर्षीय बेटी दो जनवरी 2025 को कपड़े सिलवाने के लिए बाजार गई थी। रास्ते में कार सवार चारों आरोपी मिल गए और उसे अगवा कर ले गए। आरोपियों ने उसे दो माह तक कमरे में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसके हाथ पर लिखे ओम को भी तेजाब से जला दिया और जबरन मांस भी खिलाया। इस मामले में पुलिस सलमान, राशिद और आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसएसपी सतपाल अंतिल ने सीओ ठाकुरद्वारा अमरिंदर सिंह से इस मामले में भगतपुर पुलिस की भूमिका की जांच कराई। सीओ ने वादी, पीड़िता और उसके परिवार के लोगों के बयान दर्ज किए। जांच में सामने आया है कि किशोरी की गुमशुदगी थाने में दर्ज की गई थी, लेकिन दरोगा राजकुमार नैन ने किशोरी की बरामदगी के प्रयास नहीं किए। इसके अलावा यह बात भी सामने आई कि पीड़िता की चाची ने 26 फरवरी को एक प्रार्थनापत्र भगतपुर थाने में एसएसआई मुरलीधर चौहान को दिया था, लेकिन एसएसआई ने प्रार्थनापत्र की आगंतुक रजिस्टर में एंट्री ही नहीं की। इसके कारण निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को पता नहीं चल पाया कि कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की गई है।

# होली-दूध का कारोबार: मिलावट से बचने के लिए खुद बना रहे खोआ, डेढ़ गुना बढ़ा कारोबार...125 टन हो गई खपत



**गोरखपुर , एजेंसी।** होली नजदीक आते ही शहर में पाउडर वाले दूध की मांग बढ़ गई है। इसकी सबसे ज्यादा खपत मिठाई की दुकानों पर हो रही है। व्यापारियों के अनुसार, कुछ दिन पहले तक रोजाना 80 टन पाउडर का दूध खप रहा था, जो बढ़कर 125 टन तक हो गया है।

हालांकि पहले केवल मिठाई के दुकानदार ही इसे खरीदते थे, लेकिन अब आम लोग भी खोआ और पनीर के लिए इसे खरीद रहे हैं। गोरखपुर में रोजाना नौ लाख लीटर दूध की खपत है, लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में यहां दूध का उत्पादन ही नहीं है। पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में करीब 4.86 लाख गाय-भैंस हैं।

इसमें 60 प्रतिशत ही दूध देने वाले हैं। इनसे करीब ढाई लाख लीटर दूध का ही उत्पादन रोजाना होता है। ऐसे में बाकी मांग को पाउडर और पैकेट के दूध से पूरा किया जाता है। होली को लेकर इन दिनों दूध और खोआ की मांग बढ़ी हुई है। दुकानों पर मिठाई बनाने के लिए बड़ी मात्रा में पाउडर वाले दूध की सप्लाई की जा रही है। किराना दुकान भी इसे खरीद रहे हैं, क्योंकि आम लोग भी इसकी मांग कर रहे हैं। खजनी के पशुपालक गिरिजेश यादव ने बताया कि आजकल लोगों ने गाय-भैंस को पालना कम कर दिया है, लेकिन दूध की मांग बढ़ती जा रही है। पहले करीब हर घर में गाय या भैंस हुआ करती थी। अब लोग इसे नहीं पाल रहे। इसी की देन है कि पाउडर वाले दूध का कारोबार दिन प्रति-दिन बढ़ता जा रहा है। पशुपालक हरेराम यादव ने बताया कि उनके यहां रोजाना एक क्विंटल दूध का उत्पादन होता है, लेकिन इससे भी मांग पूरी नहीं हो पाती। त्योहार के समय तो दूसरे डेयरी से दूध लेकर सप्लाई करनी पड़ती है।

### रोजाना 35 लाख रुपये का कारोबार

शहर में पाउडर वाले दूध का कारोबार तेजी से बढ़ता जा रहा है। पहले रोजाना 80 टन की खपत थी, लेकिन अब 125 टन हो गई है। होली में इसका कारोबार रोजाना 35 लाख तक पहुंच गया है। उनका कहना है कि सबसे ज्यादा ऑर्डर मिठाई की दुकानों से आ रहे हैं। बाजार में 250 से लेकर 320 रुपये किलो तक के मिल्क पाउडर हैं। अलग-अलग मिठाइयों के लिए अलग पैकेट का इस्तेमाल होता है। बाजार में बनी अधिकांश मिठाइयों में मिल्क पाउडर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। दूध कारोबारी संजय ने बताया कि त्योहार आते ही मिल्क पाउडर की मांग बढ़ गई है। पहले केवल दुकानदार ही लेकर जा रहे थे। अब किराना वाले भी इसे लेकर जा रहे हैं। उनका कहना है कि आम लोग इसे खोआ, पनीर आदि बनाने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### प्रोटीन और मिनिरल्स की कमी होती है पाउडर वाले दूध में

पशु विशेषज्ञ डॉ. राजेश पांडेय ने बताया कि दूध को एक विशेष प्रक्रिया से सुखाने के बाद उसका पाउडर बनाया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में दूध में प्रोटीन और मिनिरल्स की कमी हो जाती है। अगर पैकेजिंग करने वाली कंपनी ने मानकों का कड़ाई से पालन नहीं किया तो पाउडर को सुरक्षित करने के लिए होने वाले केमिकल के प्रयोग से इस दूध से एलर्जी का खतरा भी बढ़ जाता है। इस दूध की वजह से अपच और पेट संबंधी दिक्कत भी हो सकती है।

## कर्ज में डूबे कारोबारी ने ट्रेन से कटकर दी जान...लिखा ऐसा सुसाइड नोट

### कर्जदार घर की तरफ भटकेंगे भी नहीं

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के कमला नगर के जूता व्यवसायी ने कर्जदारों के आए दिन तगादे से तंग आकर रविवार को राजा की मंडी रेलवे स्टेशन के आसपास ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। शव सेक्टर 16 में रेलवे ट्रैक पर मिला। स्कूटर की डिकी में पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें कर्ज से परेशान होने का जिक्र है।



तेज नगर, कमला नगर निवासी घनश्याम दास तनवानी (55) की हींग की मंडी में जीएस ट्रेडर्स नाम से दुकान है। वह जूते की ट्रेडिंग करते थे। उनके भांजे रोहित की कमला नगर मार्केट में केक एंड ब्रेकर्स नाम से दुकान है। रविवार दोपहर को वह भांजे की दुकान पर पहुंचे। स्कूटर खड़ा करने के बाद अपना मोबाइल व सुसाइड नोट स्कूटर की डिक्की में रख दिया। इसके बाद भांजे को बताया वह शेविंग कराने जा रहे हैं। चार घंटे के बाद भी वह स्कूटर लेने नहीं आए तो भांजे ने उनके घर पर कॉल की। परिजन ने आसपास तलाश के बाद कमला नगर थाने में सूचना दी। सिकंदरा से पुलिस का फोन आया कि रेलवे लाइन पर एक शव मिला है। भांजा रोहित वहां पहुंचा और शव की शिनाख्त की। पुलिस ने स्कूटर की डिकी खोली। उसमें सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा था कि जो भी घर पर तगादा करने आया, उनकी मौत का वही जिम्मेदार होगा। पुलिस का कहना है कि परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

### बदायूं में दंपती और बेटे की मौत

## होली के लिए बच्चों के कपड़े खरीदकर लौट रहे थे तीनों, निजी बस ने मारी टक्कर

**बदायूं , एजेंसी।** बदायूं के अलापुर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर सखानू नगर पंचायत के सामने सोमवार शाम तेज रफ्तार निजी बस की चपेट में आने से बाइक सवार दंपती के बाद घायल बेटे की अलीगढ़ इलाज को ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम को भिजवाया। त्योहार से पहले माता-पिता और बेटे की मौत से पूरे गांव मातम पसर गया।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव गुरगांव निवासी चुन्नी लाल (60), उनकी पत्नी मार्गश्री (58) सोमवार को बेटे भूपेंद्र (30) के साथ होली के लिए बच्चों के कपड़े खरीदने बाइक से अलापुर के कस्बा म्याऊं गए थे। तीनों लोग कपड़ा खरीदकर घर वापस जा रहे थे। अलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सखानू के नगर पंचायत के सामने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार निजी बस ने बाइक को चपेट में ले लिया।

**नहीं लगाए थे हेलमेट :** जबरदस्त टक्कर लगने से तीनों लोग सिर के बल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों लोगों को जिला अस्पताल लेकर आई। यहां डॉक्टर ने चुन्नीलाल को मृत घोषित कर



दिया। जबकि उनकी पत्नी मार्गश्री और बेटे भूपेंद्र को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां उपचार के दौरान मार्गश्री ने दम तोड़ दिया। तीनों लोग हेलमेट नहीं लगाए थे।

**त्योहार पर गांव में पसरा मातम :** इसके बाद भूपेंद्र की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे अलीगढ़ हायर सेंटर रेफर कर दिया। देर रात परिवार के लोग भूपेंद्र को अलीगढ़ ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। माता-पिता और बेटे की मौत की खबर गांव में पहुंचते ही ग्रामीण स्तब्ध रह गए। त्योहार पर गांव में मातम पसर गया। परिवार और रिश्तेदारों में चीख पुकार मच गई। वहीं, पुलिस हादसे के बाद मौके पर बस छोड़कर भागे आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है।

## अफसरों की बार-बार दिल्ली दौड़ से सीएम योगी खफा... दी हिदायत, मंत्रियों से बोले-जिलों में करें समीक्षा

**लखनऊ , एजेंसी।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बैठक के बहाने बार-बार दिल्ली जाने वाले अफसरों के दौरे पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि अब से कोई भी अधिकारी सक्षम स्तर से अनुमति लेने के बाद ही प्रदेश के बाहर जाए।

उन्होंने कहा, दिल्ली में किसी मीटिंग में कौन सा अधिकारी जा रहा है, उसकी पूरी रिपोर्ट से उन्हें भी अवगत कराया जाए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सभी मंत्रियों के साथ विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान यह बात कही।

सीएम ने मंत्रियों से भी कहा कि वह भी अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में लगातार समीक्षा करें। इसके अलावा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 खरब करने को ध्यान में रखकर लगातार बैठकें करने और योजनाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए। गन्ना, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, परिवहन समेत



करीब आधा दर्जन विभागों की मासिक समीक्षा बैठक न किए जाने पर भी मुख्यमंत्री ने असंतोष जताया।

**महाकुंभ में सरकार की व्यवस्थाओं को जनता के बीच बताएं :** मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जनता के बीच महाकुंभ के बारे में चर्चा करें। वीडियो भी दिखाएं और लोगों को सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताएं।

**जनता की समस्याओं की सुनवाई करें और समाधान कराएं:** बैठक में मुख्यमंत्री को महाकुंभ से संबंधित उस वीडियो को भी दिखाया गया। उसे जनता को दिखाने के लिए तैयार कराया गया है। सीएम ने कहा कि 25 मार्च को प्रदेश सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिए सभी मंत्री जनता के बीच सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को बताएं। जनता की समस्याओं की सुनवाई करें और उसका समाधान कराएं।

## जलकल विभाग का बड़ा फैसला, होली के दिन तीन बार होगी पानी की आपूर्ति

**अलीगढ़ , एजेंसी।** होली पर अलीगढ़ नगर निगम ने विशेष तैयारी की है। रंगों के त्योहार के मौके पर लोगों को पानी की किल्लत नहीं होने दी जाएगी। पर्व को लोग पूरे उल्लास के साथ मना सकें, इसके लिए पानी की सप्लाई को लेकर जलकल विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। होली के दिन तीन समय पानी की आपूर्ति घरों में होगी।

महानगर में लगभग 14 से 15 लाख आबादी निवास करती है। इनको प्रतिदिन नगर निगम का जलकल विभाग वाटर वर्क्स गांधी पार्क, एलमपुर आदि में पानी की टंकी से सप्लाई दी जाती है। जलकल विभाग द्वारा हर दिन सुबह और शाम एक-एक घंटे पानी की सप्लाई घरों में की जाती है। हर क्षेत्र में समय अलग-अलग है। इसके लिए सभी जोन में अधिकारियों और कर्मचारियों का जिम्मा तय किया गया है।

जलकल के प्रभारी जीएम सुरेश चंद्र ने बताया होली पर पानी से संबंधित किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। सुबह, दोपहर और शाम को पानी सप्लाई की जाएगी। दोपहर में भी एक घंटा पानी सप्लाई होगी। महापौर प्रशांत सिंघल ने बताया कि होली में पानी की किल्लत नहीं होगी। इसको लेकर पूरी रणनीति तैयार कर दी गई है। ओवरहेड टैंकों से दोपहर 12 से दोपहर एक बजे तक फुल प्रेशर से पानी की सप्लाई होगी।

## भूत-प्रेत संग झूमे, धधकती चिताओं के बीच खेली भस्म से होली

### मणिकर्णिका घाट पर दिखा अनोखा नजारा

**वाराणसी , एजेंसी।** भूतभावन बाबा विश्वनाथ के साथ रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलाल संग होली खेलने के बाद मंगलवार की सुबह मणिकर्णिका घाट की विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली का उत्सव शुरू हो गया। माता पार्वती का गौना कराकर अपने धाम में लौटे बाबा विश्वनाथ अपने गणों नन्दी, श्रृंगी, भृंगी और भूत प्रेत के साथ जलती चिताओं की भस्म से अद्भुत होली खेली। इस दौरान हर- हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा।

सबसे पहले धुनी रमाए नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे। उनके ऊपर राख डालकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया गया। इस दौरान घाटों पर अद्भुत नजारा दिका।

### डीजे न बजने से घटा उत्साह

मसान होली में डीजे प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में डीजे न बजने की वजह से मसाने की होली मनाने आए कई फैन उदास दिखे। नाच- गाना न होने से युवाओं का उत्साह कम दिखा। लेकिन भक्तों की भीड़ जुटी रही। मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाले सभी रास्ते चोक हो गए। भीड़ गलियों, घाटों और बोट से सीधे मणिकर्णिका घाट पर पहुंचती रही। इस दौरान जमकर धक्कामुखी भी हुई।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे:** मणिकर्णिका घाट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर भी जवानों की तैनाती रही। सुरक्षाकर्मी भीड़ को कंट्रोल करने में जुटे रहे।

**पुलिस ने लाठी भाजकर हटाई भीड़:** मणिकर्णिका घाट की तरफ जाने वाले मार्ग पर भीड़ अनियंत्रित होने से लोगों में धक्कामुक्की शुरू हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने मणिकर्णिका द्वार पर लाठियां भाजकर लोगों की भीड़ हटाई।



## खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी, खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का निलंबन हटाया;



**वाराणसी , एजेंसी।** खेल मंत्रालय में भारतीय कुश्ती संघ पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा लिया गया है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि इसका लाभ कुश्ती खिलाड़ियों को मिलेगा। एक साल में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग महिला और पुरुष के तीनों वर्ग में 24 स्पर्धाएं खेली जाएंगी। भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन वापसी के बाद श्री सर्वेश्वरी निवास आश्रम मडुआडीह में अघोरेश्वर महाप्रभु व औघड़ गुरुपद संभव राम के तैल्य चित्र का आरती पूजन करके खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

# कन्हैया कुमार की बिहार की सियासत में बढ़ी गतिविधियों से राजद के अंदर बेचैनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ती गहमागहमी के बीच कांग्रेस सूबे की सियासत में फिर से अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश में जुट गई है। बिहार की सियासत में कन्हैया कुमार की बढ़ती भूमिका तो इसी उसी ओर संकेत दे रहा है। कन्हैया कुमार को मैदान में उतार कर कांग्रेस ने युवाओं को साधने के साथ ही तेजस्वी यादव को भी सीधी चुनौती देने की कोशिश की है। कन्हैया कुमार की बिहार की सियासत में बढ़ी गतिविधियों से राजद के अंदर बेचैनी की स्थिति बताई जा रही है। दरअसल, राजद नहीं चाहती है कि तेजस्वी यादव के साथ कन्हैया कुमार को सियासी मैदान में उतारा जाए। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस जिस तरह बिहार में पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को आगे बढ़ा रही है, उससे राजद नाखुश है। तेजस्वी यादव राज्य में इन दोनों नेताओं के बढ़ते कद से परेशान हैं। दरअसल कांग्रेस ने बिहार में 'नौकरी दो, पलायन रोको' पदयात्रा की घोषणा की है जिसमें कन्हैया कुमार प्रमुख भूमिका में होंगे। उधर, पप्पू यादव लगातार राजद के खिलाफ बयानबाजी करते रहते हैं, इसके बावजूद कांग्रेस उन्हें आगे बढ़ा रही है। ऐसे फैसले राजद को असहज कर रहे हैं। कई बार वह खुलकर भी विरोध जता चुके हैं। सूत्रों की मानें तो राजद ने कांग्रेस को इस बारे में स्पष्ट मैसेज भी भेजा है। बावजूद इसके कांग्रेस जिस तरह बिहार में पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को आगे बढ़ा रही है, उससे राजद नाखुश है। तेजस्वी यादव राज्य में इन दोनों नेताओं के बढ़ते कद से परेशान हैं। राजद चाहती है कि कांग्रेस उसका पूरा समर्थन करे। इसमें तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार प्रोजेक्ट करके चुनाव में उतरा जाए। लेकिन कांग्रेस अभी अटक रही है। सूत्रों की मानें तो तेजस्वी यादव कांग्रेस के कुछ फैसलों से नाराज हैं। नाराजगी इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस को भी राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे के साथ 12 मार्च को बिहार के नेताओं की होने वाली बैठक टालनी पड़ी है। हालांकि इसकी बड़ी वजह होली बताई जा रही है। बिहार चुनाव की रणनीति पर काम शुरू करने के लिए कांग्रेस ने ये बैठक बुलाई थी। बैठक में बिहार के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावारु और राहुल गांधी के साथ पार्टी के 30-35 सीनियर लीडर के मौजूद रहने की बात कही गई थी। बिहार चुनाव को लेकर ये बैठक काफी अहम मानी जा रही थी। उल्लेखनीय है कि महागठबंधन में सबसे बड़ी चुनौती मुख्यमंत्री पद का चेहरा है।

# नौकरी के बदले जमीन मामले में तेजप्रताप और हेमा को जमानत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में लालू परिवार को मंगलवार को राहत मिली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले में हुई सुनवाई के दौरान राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताज यादव और उनकी बेटी हेमा यादव वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने हेमा यादव, तेज प्रताप यादव व एक अन्य को 50-50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। इस मामले में लालू यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव समेत 8 आरोपियों को पहले ही कोर्ट जमानत दे चुकी है। सुनवाई के दौरान आज भोला यादव कोर्ट में मौजूद थे। भोला यादव को नियमित जमानत मिली है। वहीं, कोर्ट से राहत मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि राहत तो मिलना ही है, हम लोगों ने कोई गुनाह थोड़े किए हैं। जान बूझकर हमारे परिवार को परेशान किया जा रहा है। भारत सरकार और राज्य सरकार मिलकर हमलोगों को फंसाने की कोशिश कर रही है जब भी चुनाव आता है तो ये लोग यही काम करते हैं। कोर्ट के आदेश का हम लोग सम्मान करते हैं जो भी कोर्ट का आदेश होगा हम लोग करेंगे। न्यायालय पर हमलोगों को पूरा भरोसा है। बता दें कि इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछली सुनवाई में मामले पर संज्ञान लेते हुए तेजप्रताप यादव और हेमा यादव समेत अन्य को समन भेजकर 11 मार्च को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश जारी किया था। कोर्ट के आदेश पर आज हेमा यादव और तेज प्रताप यादव कोर्ट के समक्ष पेश हुए। इससे पहले इस मामले में 25 फरवरी को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने सीबीआई की तरफ से दाखिल फाइनल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन भेजा था। इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव समेत 78 अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

# 58 प्रतिशत की युवा आबादी बिहार के लिए महत्वपूर्ण अवसर : मंत्री संतोष कुमार सुमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बाल रक्षा भारत द्वारा 'कोई भी युवा पीछे न छूटे' विषय पर आयोजित युवा इंटरफेस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की मांग को जोरदार समर्थन मिला। लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने इस मांग से सहमति व्यक्त करते हुए इस दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। बिहार की कुल जनसंख्या में 58 प्रतिशत युवा आबादी है जो राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवा नेतृत्व को आजीविका से संबंधित कार्यक्रमों से जुड़ने और नीतिगत कठिनाइयों को सरकार तक पहुंचाने की अपील की ताकि आवश्यक सुधार किए जा सके। विधायक ज्योति मांझी ने भी युवाओं से अपनी समस्याओं को अपने पंचायत / वार्ड प्रतिनिधि या विधायक के साथ साझा करने का आग्रह किया जिससे समाधान निकाला जा सके। बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि बिहार की 58 प्रतिशत जनसंख्या युवाओं की है, इसलिए नेतृत्व भी उनके हाथों में होना चाहिए। उन्होंने युवा नेताओं के लिए मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। इग्नू, पटना के प्रोफेसर विवेक कुमार सिन्हा ने राज्य के हर प्रखंड में कौशल केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया ताकि दूर-दराज के इलाकों के युवाओं को भी अवसर मिल सके। यूएनएफपीए के प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार ने युवाओं से अपनी चुनौतियों को पहचानने और उन पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यूनिसेफ की बाल संरक्षण अधिकारी गार्गी शाह ने कहा कि खेती युवाओं के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत हो सकता है और इसे एक बेहतर रोजगार विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है।

# जलज कुमार अनुपम बने संस्कार भारती, उत्तर बिहार प्रान्त के कार्यकारिणी सदस्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** संस्कार भारती, बिहार प्रदेश की साधारण सभा का आयोजन, विजय निकेतन, राजेन्द्र नगर पटना में हुआ। इसमें पूरे प्रदेश से संस्था के सदस्यों और सैकड़ों कलाकारों ने भाग लिया।

बिहार के दोनों प्रान्तों में दक्षिण बिहार के अध्यक्ष का दायित्व सुप्रसिद्ध लोक गायक भरत शर्मा 'व्यास' को दिया गया वहीं उत्तर बिहार की अध्यक्षा रंजना झा को बनाया गया। पूर्वी चम्पारण के जलज कुमार अनुपम को उत्तर बिहार प्रान्त के कार्यकारणी का सदस्य नियुक्त किया गया और इसके साथ-साथ भोजपुरी कला उत्सव के सह संयोजक का भी दायित्व दिया गया।

# पटना के बी. डी. कॉलेज में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के तत्वावधान में बी. डी. कॉलेज, पटना में आयोजित अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुई। यह आयोजन कला, संस्कृति और संगीत की अभिव्यक्ति का अनुपम संगम बना जिसमें विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से मंच को संगीतमय कर दिया।

**दीप प्रज्ज्वलन से हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विवेका नंद सिंह ने सभी सम्मानित आगन्तुक निर्णायक मंडलों एवं महाविद्यालय की शिक्षिकायें डॉ. लाडली कुमारी, डॉ. रेखा रानी और डॉ. ममता शर्मा के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयका डॉ. विनीता तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात छात्रा रिया द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे सभागार को संगीतमय कर दिया। मंच संचालन का दायित्व डॉ. राहुल अमृतराज और डॉ. विनीता तिवारी ने बखूबी से निभाया जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अंतर्गत सबसे पहले लोकगीत (सोलो) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने पारंपरिक लोकधुनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद भजन गायन प्रतियोगिता ने आध्यात्मिक वातावरण सृजित किया जबकि शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता ने भारतीय संगीत की गरिमा को सजीव किया। लोकगीत (ग्रुप) प्रतियोगिता ने संगीतमय समां बांध दिया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने पारंपरिक धुनों के साथ लोकसंस्कृति को जीवंत किया। निर्णायक मंडल के विद्वानों ने सभी प्रस्तुतियों का गहन मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया। सभी प्रतियोगिताओं के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद महाविद्यालय बर्सर डॉ. अमित कुमार ने कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. दिवाकर कुमार पांडे (दर्शनशास्त्र विभाग) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# होली में किया हुड़दंग तो सख्ती से निपटेगी पुलिस, 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के लिए मंगलवार को एसडीएम अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था की समीक्षा समेत शांति समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि सभी के सहयोग से हर पर्व, त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की परम्परा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि इस वर्ष होली का त्योहार 14 एवं 15 मार्च को मनाये जाने की सूचना है जबकि 13 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किये जाने की सूचना है। साथ ही वर्तमान समय में पवित्र रमजान माह चल रहा है। ऐसे में सभी आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने कहा कि होली त्योहार के अवसर पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है। अनुमंडल मुख्यालयों में नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। ऐसे में पूरे मसौढ़ी अनुमंडल के तीनों प्रखंड मिलाकर कुल 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो तीन पालियों में यह कार्यरत रहेगा। अनुमंडल नियंत्रण कक्ष का प्रभार कार्यपालक दंडाधिकारी इंद्राणी देवी एवं प्रशासक पदाधिकारी प्रभु सिंह को दायित्व सौंपी गई है। इसके अलावा सभी वरीय प्रभार में वरीय उपसमाहर्ता कोमल किरण रहेंगे। मसौढ़ी प्रखंड में कुल 25, धनरूआ प्रखंड में 18 और पुनपुन प्रखंड में 15 जगहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ ही अश्लील गानों के बजाने पर भी रोक लगायी गयी है। होली के मद्देनजर अफवाह फैलाने वाली, विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोजित बैठक में डीएसपी-1 नभ वैभव, डीएसपी -2 कन्हैया कुमार, अंचलाधिकारी मसौढ़ी प्रभात रंजन, अंचलाधिकारी धनरूआ श्वेता कुमारी, पुनपुन अंचलाधिकारी के साथ सभी थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# आयुध निर्माणी में इएसआइसी द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** इएसआइसी क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा मेसर्स आयुध निर्माणी राजगीर के परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईएसआईसी के बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा एवं क्षेत्रीय निदेशक बिहार सीए निरंजन कुमार का सम्यक स्वागत किया। सत्र के दौरान संस्थान में काम करने वाले श्रमिक एवं कर्मचारियों को इएसआइसी द्वारा प्रदान किए जाने वाले नकद व चिकित्सा हितलाभों, ऑनलाइन दावों के प्राप्त करने के तरीकों, आधार सीडिंग आदि विषय पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। बीमा आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक दोनों ने संगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रमिकों तक इएसआइ योजना के बारे में जागरूकता पर बल दिया और आने वाले दिनों में लाभार्थियों तक चिकित्सा सुविधा की आसान पहुंच संबंधित कार्ययोजना के विषय में भी चर्चा की। इस अवसर पर इएसआइसी से केशव कुमार झा (उप निदेशक), विजय केशरी (राज्य चिकित्सा अधिकारी), जयंत कुमार (सहायक निदेशक), राजेश कुमार (सहायक निदेशक) एवं आयुध निर्माणी (ऑर्डनन्स फैक्ट्री) के अन्य सहयोगी अधिकारी- कर्मचारी और श्रमिक सम्मिलित रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को बेहतर करने में करें मदद : नीतू कुमारी नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में पटना शहर को बेहतर पोजीशन पर रखने के लिए जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पटना नगर स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा पटना सिटी के बजरंग पुरी स्थित कारण सम्राट कम्युनिटी हॉल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बिहार के प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक लोकगीतों और होली गीतों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ पटना के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से उन्होंने अपील की कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को बेहतर करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है। होली स्वच्छता, समता और भाईचारे का भी त्यौहार है। होली के त्योहार पर भी हम सभी स्वच्छता का संकल्प लें, अपने शहर को साफ रखें और साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को ऊपर ले जाएं। सब मिलकर काम करेंगे तो स्वच्छ पटना का सपना साकार होगा। इस अवसर पर पटना सिटी के सर्किल हेड सुधांशु रंजन कुमार, मधु मंजरी, नरेश कुशवाहा, प्रोफेसर सुबोध कुमार मेहता, राजेश यादव, चंदन उगना, राजू, दिव्याश्री, धीरज पांडे, आशीष पंडित, अमर कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के 12 जिलों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** होलिका दहन की सामग्री के साथ अति-प्रदूषणकारी पदार्थो यथा- टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक आदि जलाने से उत्पन्न हानिकारक प्रदूषक उत्पन्न होते हैं। जन-सामान्य में ऐसे वायु प्रदूषण के प्रति चेतना अभिवर्धित करने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के 12 जिलों में प्रतिदिन 4 भिन्न स्थलों पर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के दूसरे दिन भी आज कुल 48 भिन्न स्थलों पर नुक्कड़-नाटक का प्रदर्शन कराया गया। जागरूकता अभियान के दूसरे चरण में राजधानी पटना में कुल 5 नाट्य मंडलियों द्वारा 12 एवं 13 मार्च को प्रतिदिन 4 भिन्न स्थलों पर नुक्कड़-नाटक का प्रदर्शन कराया जायेगा। दो दिवसीय अभियान के दौरान पटना शहर में कुल 40 स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया जायेगा। इस प्रकार दो चरणों में चलाये जा रहे इस जागरूकता अभियान के दौरान राज्य के 13 जिलों में नाट्य प्रदर्शन के माध्यम से जन-सामान्य में हानिकारक प्रदूषकों के उत्सर्जन के प्रति सचेत किया जा रहा है।

# प्रभु आहार एवं आधार फाउंडेशन ने होली पर जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** होली, रंगों और खुशियों का त्योहार, समाज के हर वर्ग के लिए विशेष होता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए प्रभु आहार ने इस वर्ष भी जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटने का संकल्प लिया। मौके पर महासचिव मुकेश जैन ने कहा कि संस्था ने होली के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगों को रंग, अबीर, मिठाइयां, टी-शर्ट और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। यह आयोजन विशेष रूप से उन लोगों के लिए था, जो आर्थिक तंगी के कारण त्योहार की खुशियों से वंचित रह जाते हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग के साथ इस खुशी को साझा करना है, ताकि कोई भी इस उत्सव से वंचित न रहे। आधार के अध्यक्ष एम पी जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में काफी अधिक संख्या में जरूरतमंदों को लाभान्वित किया गया। संस्था के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर इसे सफल बनाया। प्रभु आहार लंबे समय से जरूरतमंदों की सहायता में सक्रिय है और समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर है। संस्था आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करती रहेगी। कार्यक्रम में राकेश कुमार, मुकेश जैन, मुकेश नंदन, डॉ गीता जैन, एम.पी. जैन, संजय राय, धर्मराज केशरी, प्रेम कुमार, रवींद्र कुमार, आदित्य राज अन्य लोग मौजूद थे।

# नवीन गुप्ता एफएआईओटीए के अध्यक्ष निर्वाचित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पंजाबी ब्रादरी के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने कृष्णा एजेंसीज, पटना के प्रबंध निदेशक नवीन गुप्ता को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया आईटी एसोसिएशंस के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी है। खन्ना ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नवीन गुप्ता बिहार के सबसे प्रतिष्ठित आईटी उद्यमियों में से एक हैं जो पिछले तीन दशकों से अपनी नैतिक व्यावसायिक नीतियों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पंजाबी ब्रादरी सार्वजनिक समारोह में नवीन गुप्ता को सम्मानित करेगी क्योंकि यह बिहार के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने एफएआईआइटीए के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया है। यह चुनाव 9 मार्च 2025 को लखनऊ में हुआ, जो भारत के आईटी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एफएआईआईटीए एक राष्ट्रीय संगठन है, जो देश भर के आईटी संघों का प्रतिनिधित्व करता है और उद्योग हितधारकों के लिए नीति निर्माण एवं प्रौद्योगिकी विकास में अहम भूमिका निभाता है।

# अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत व्याकरण शिविर का सफल समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** संस्कृत भाषा और व्याकरण के संवर्धन हेतु आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज स्मृति अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत व्याकरण शिविर का समापन समारोह सफलता और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना) ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने संस्कृतव्याकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत केवल एक प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि ज्ञान-विज्ञान की अमूल्य धरोहर है जिसे जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर शिविर का उद्घाटन पिंटू कुमार (राष्ट्रीय संयोजक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं शोधार्थी, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने किया। उन्होंने इस आयोजन की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि यह शिविर संस्कृत व्याकरण को सरल और सुलभ रूप में समझाने हेतु आयोजित किया गया जिससे अधिक से अधिक लोग संस्कृत के प्रति आकर्षित हों। साथ ही संस्कृत सम्बन्धित विविध परीक्षाओं यथा जेआरफ आदि के तैयारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृत शिक्षक सदानन्द प्रसाद उपस्थित रहे जिन्होंने संस्कृत भाषा शिक्षण के आधुनिक और प्रभावी तरीकों पर चर्चा की। समापन सत्र में सुजाता घोष ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा ऐक्य मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। साथ ही प्रथम पुरस्कार ललन तथा द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सुजाता घोष, विद्या एवं डॉ रम्भा कुमारी को प्राप्त हुआ।

# महिला सशक्तिकरण की नई पहल: नवाचार और कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा संचालित 7-दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन 11 मार्च 2025 को दुल्हिन बाजार, पटना में हुआ। यह निरंतर आय और कृषि स्थिरता के लिए सहभागी अनुसंधान अनुप्रयोग कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत किया गया था जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। विदित हो कि पिछले वर्ष इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला किसानों को सिलाई मशीनें वितरित की गई थीं और वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा समय-समय पर इसका मूल्यांकन और प्रभाव आकलन भी किया गया। इसके उपरांत इस वर्ष महिलाओं की सिलाई कौशल को और निखारने के दृष्टिकोण से 1 से 7 मार्च 2025 तक 7-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**महिला किसान गोष्ठी और कृषि संसाधन वितरण**

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के उपलक्ष्य में संस्थान की महिला वैज्ञानिकों की टीम द्वारा एक महिला किसान संगोष्ठी भी आयोजित की गई जिसमें उन्होंने कृषि तकनीकों, पशुपालन, उद्यमिता और स्थायी आजीविका रणनीतियों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही महिला किसानों को सब्जियों के बीज और सिंचाई पाइप जैसे कृषि संसाधन वितरित किए गए जिससे उनकी आजीविका सुधारने एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक महिला किसानों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिला किसानों की भागीदारी न केवल उनकी आजीविका को सुधारती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाती है जिससे वे अपने कौशल, पोषण सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को मजबूत कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि सिलाई मशीन प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को अतिरिक्त आय के भी अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिवानी, प्रधान वैज्ञानिक ने कहा कि यह सशक्तिकरण ग्रामीण समुदायों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव ला सकता है, जिससे टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा।

# श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन रात्रि जागरण आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन रात्रि जागरण हुआ था। आज श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया था। श्री श्याम बाबा की मनोहारी छटा भक्तों को आनंदित कर रही थी। श्याम बाबा की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। यह रात्रि जागरण श्याम मंडल पटना के सौजन्य से किया गया। भक्तों ने पूरी रात्रि श्याम बाबा का गुणगान भजनों के द्वारा किया। पूरी रात भक्तजन श्याम बाबा का गुणगान करते रहे तथा सुबह पांच बजे जागरण समाप्त हुआ। श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। हवन किया गया एवं श्याम बाबा को भेंट चढ़ाई गयी। श्याम बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। दोपहर में श्री श्याम के चरणो में सवामनी प्रसाद समर्पित कर भक्तगण अपने को धन्य मान रहे थे। आज खीर, पूरी एवं चूरमा विशेष भोग लगाया गया। मंदिर में आने वाले सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# आसनसोल से पटना एवं गोरखपुर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालित का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 03511/03512 आसनसोन-पटना-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल (झाझा-किउल-मोकामा के रास्ते) - गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च, 2025 को आसनसोल से 11.30 बजे खुलकर उसी दिन 18.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च, 2025 को पटना से 19.45 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03513/03514 आसनसोला-गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल (झाझा- किउल-बरौनी-समस्तीपुर-हाजीपुर-सिवान के रास्ते) - गाड़ी सं. 03513 आसनसोल-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल 12 मार्च, 2025 को आसनसोल से 18.30 बजे खुलकर अगले दिन 10.15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03514 गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च, 2025 को गोरखपुर से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यात्रीगण रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

CMYK

## संपादकीय

# दहशतगर्दी का पनाहगार पाकिस्तान अब झेल रहा दंश

भारत लंबे समय से कहता आ रहा है कि पाकिस्तान दहशतगर्दों की सुरक्षित पनाहगाह बन चुका है, मगर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसे गंभीरता से कभी नहीं लिया गया। जबकि इस हकीकत से सभी वाकिफ हैं कि पाकिस्तान में आतंकी संगठनों की सक्रियता न केवल भारत के लिए, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों के लिए भी खतरा है। अब तो पाकिस्तान को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अतीत में चीन जैसे कुछ देश पाकिस्तान की आतंकवादियों को शह देने की नीति को नजरअंदाज करते रहे हैं। आतंकवाद के मसले पर चीन कई बार संयुक्त राष्ट्र में अपने विशेषाधिकार का उपयोग कर पाकिस्तान को बचा चुका है। अब वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के ताजा आंकड़ों से यह तथ्य उजागर हुआ है कि पाकिस्तान को अपने किए का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। वह अब दुनिया का सबसे अधिक आतंकवाद प्रभावित देश बन गया है। वहां दहशतगर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष पाकिस्तान में आतंकी हमलों में होने वाली मौतों में पैंतालीस फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसी तरह वहां हुए आतंकी हमलों की संख्या भी वर्ष 2023 के 517 की तुलना में 2024 में बढ़ कर 1,099 हो गई। पाकिस्तान लंबे समय से दावा करता रहा है कि प्रतिबंधित तहरीके-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकी संगठन अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन हालात में भी भारत के खिलाफ अपनी करतूतों से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। वह भारत के खिलाफ दहशतगर्दी का इस्तेमाल हथियार की तरह किए जा रहा है। जो गतिविधियां वह भारत के खिलाफ चलाता है और उसमें वहां की सेना और खुफिया एजंसी आइएसआइ तक शरीक देखी जाती हैं, वैसी ही वह अपने बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही गतिविधियों से त्रस्त है। पिछले हफ्ते बलूचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सभी विद्रोही गुटों ने हाथ मिला लिया और उन्होंने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ युद्ध छेड़ने का एलान कर दिया। बलूचिस्तान क्षेत्र में चल रही चीन की विकास परियोजनाओं का विरोध वे लंबे समय से करते रहे हैं, मगर पाकिस्तान सरकार और सेना उन्हें हथियार के बल पर दबाने का प्रयास करती रही हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि वहां आतंकी गतिविधियां काफी जोर पकड़ चुकी हैं। उन हमलों में कई चीनी नागरिक भी मारे जा चुके हैं। पर पाकिस्तान ने दहशतगर्दी के खिलाफ कोई मुकम्मल नीति नहीं बनाई है। जब से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी गतिविधियां चलाने वाले संगठनों को वहां से पनाह और इमदाद मिलने लगी है। इससे पाकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। पाकिस्तान लंबे समय से समस्याओं से पार पाने की जद्दोजहद कर रहा है। वहां महंगाई चरम पर है। अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त है। हालत यह है कि कई बार वहां के लोग आटे-दाल के लिए संघर्ष पर उतर आए। फिर भी पाकिस्तानी हुकूमत का जोर तरक्की के बजाय चीन से मिलने वाली इमदाद और उसके जरिए भारत पर दबाव बनाए रखने का अधिक है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के आंकड़ों से जाहिर है कि पाकिस्तान में स्थितियां दिनों-दिन गंभीर होती जा रही हैं व अगर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने मिल कर इसका कोई हल निकालने की कोशिश नहीं की, तो पाकिस्तान में पल रहे दहशतगर्द न केवल भारत और पाकिस्तान के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ी चुनौती बन सकते हैं। इसके नतीजे पहले कई जगह देखे जा चुके हैं, जिसमें सबसे बड़ा हमला अमेरिका के विश्व व्यापार संगठन के दफ्तर पर हुआ था।

# बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी बढ़ी

**बिहार में विधानसभा चुनाव इसी वर्ष अक्टूबर-नवम्बर महीने में होंगे। हालांकि, उससे महीनों पहले राज्य में धार्मिक और राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। कहीं एनडीए और यूपीए एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोकते प्रतीत हो रहे हैं तो कहीं उनके गठबंधन के अपने ही साथी एक-दूसरे को रणनीतिक मात देते हुए अपनी सीटें बढ़ाने को लेकर बेताब नजर आ रहे हैं। इस नजरिए से भाजपा-जदयू की धींगामुश्ती और राजद-कांग्रेस की अंदरूनी कुश्ती के बीच चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी सबके बने बनाए खेल बिगाड़ रही है। एक तरफ जहां धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है, वहीं हिंदुत्व का नया जनज्वार यहां भी पैदा होती दिखाई दे रही है।**

(कमलेश पांडे)

बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी भी बढ़ चुकी है। दरअसल, अपने हिंदुत्व का बिगुल फूंकते हुए बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के प्रचारक नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के विचारक हैं।

बिहार में विधानसभा चुनाव इसी वर्ष अक्टूबर-नवम्बर महीने में होंगे। हालांकि, उससे महीनों पहले राज्य में धार्मिक और राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। कहीं एनडीए और यूपीए एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोकते प्रतीत हो रहे हैं तो कहीं उनके गठबंधन के अपने ही साथी एक-दूसरे को रणनीतिक मात देते हुए अपनी सीटें बढ़ाने को लेकर बेताब नजर आ रहे हैं। इस नजरिए से भाजपा-जदयू की धींगामुश्ती और राजद-कांग्रेस की अंदरूनी कुश्ती के बीच चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी सबके बने बनाए खेल बिगाड़ रही है।

एक तरफ जहां धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है, वहीं हिंदुत्व का नया जनज्वार यहां भी पैदा होती दिखाई दे रही है। इससे जदयू के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कम, लेकिन पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके समर्थक ज्यादा परेशान हैं। इस बीच बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जब अपने हिंदू राष्ट्र के एजेंडे के साथ बिहार पहुंचे, तो रही सही कसर पूरी हो गई। क्योंकि उनका हुर्मुठ धार्मिक अंदाज बिहारियों पर भी अपना छाप छोड़ेगा ही।

उधर, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सुपौल में और आर्ट ऑफ लिविंग के श्रीश्री रविशंकर भी पटना में यानी राज्य में मौजूद हैं। इससे धीरेंद्र शास्त्री के गोपालगंज में पांच दिवसीय हनुमंत कथा की समां बंध चुकी है। वहीं, बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी भी बढ़ चुकी है। दरअसल, अपने हिंदुत्व का बिगुल फूंकते हुए बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के प्रचारक नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के विचारक हैं।

पंडित शास्त्री का यह कहना कि वह अब सनातनियों को झुकने नहीं देंगे, हिंदुओं की आबादी घटने नहीं देंगे, और भारत के पहले ही बहुत टुकड़े हो चुके हैं, इसलिए अब भारत के और टुकड़े होने नहीं देंगे, को सुनकर हिन्दू गदगद हैं। वहीं, पंडित शास्त्री ने सवालिया लहजे में यह पूछकर अपना धार्मिक एजेंडा स्पष्ट कर दिया है कि ईसाइयों के हितचिंतक 95 देश हैं, इस्लामी मतावलंबियों यानी मुसलमानों के हितचिंतक 65 देश हैं, लेकिन हिंदुओं का हितचिंतक कौन देश है

उन्होंने अपनी चिंता प्रकट करते हुए आगे कहा कि भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, भूटान, फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम आदि देशों में जो 150 करोड़ हिन्दू हैं, जो दुनिया की तीसरी बड़ी धार्मिक आबादी है, उनका हितचिंतक तो अखंड भारत के ही देशों को होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। यदि ये ऐसा नहीं करेंगे तो हम डंके की चोट पर उनसे हिंदुत्व से जुड़े ये कार्य करवाएंगे, लेकिन हिंदुओं का अहित नहीं होने देंगे। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि हम हिंदुओं के लिए ही जीयेंगे और हिंदुओं के लिए ही मरेंगे। इसलिए हम पूरे भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में घूम-घूम कर हिंदुत्व का अलख जगा रहे हैं।मुझे बिहार के लोगों से ज्यादा उम्मीद है। हिन्दू राष्ट्र की मजबूत हुंकार इसी क्रांतिकारी भूमि से भरी जाएगी।

स्वाभाविक है कि बिहार में बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री का एक धार्मिक नेता वाला अवतार दिखा। इससे पहले वह उड़ीसा, झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों को भी हिंदुत्व और भारतीयता के लिहाज से जगाते चले आ रहे हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा कि जिंदगी कितनी भी अच्छी हो, यदि इसमें भक्ति ना हो तो वह किसी काम की नहीं। जीवन में भक्त और भक्ति एक दूसरे के बिना सफलता की कामना संभव नहीं है। इसलिए पुरुषार्थ करते रहिए, जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा, जीवन में सबका सम्मान करें। छोटे से छोटे व्यक्ति भी सम्मान के पात्र होते हैं। जीवन के कर्तव्यों के साथ-साथ भक्ति भी जरूरी है। भक्ति के बिना सफल जीवन की कामना बेकार है।



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा, भारत को बंटने नहीं देंगे, हिंदुओं को घटने नहीं देंगे, हम हिंदू राष्ट्र बनाने आए हैं। उन्होंने कथा के दौरान ही कहा, हम किसी पार्टी के प्रचारक नहीं, बल्कि हिंदुत्व के विचारक हैं। यह देश हमारा है, यह बिहार हमारा है। हम हिंदुत्व जगाने आए हैं। हिंदू राष्ट्र बनाने आए हैं। उन्होंने दुनिया में अलग-अलग देश में रह रहे अलग-अलग समुदाय के साथ हिंदुत्व पर चर्चा करते हुए भारतवर्ष को एक महान राष्ट्र बताया। उन्होंने कहा, हम हिंदू को एकजुट करने आए हैं। आप हमें रामनगर में जब तक रखेंगे हम तब तक रहेंगे। पांच दिवस ही क्या, पांच महीने तक हम हिंदुत्व के लिए कथा करते रहेंगे। विदेश से भी श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे हैं। इससे बागेश्वरधाम सरकार श्री शास्त्री की लोकप्रियता और भी परवान चढ़ने लगीहै।

चूंकि बिहार राज्य में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसको लेकर सभी दलों ने जोर आजमाइश भी शुरू कर दी है। इस लिहाज से मार्च के पहले-दूसरे सप्ताह में, वो भी होली से ठीक पहले बिहार में एक साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर का दौरा करना महत्वपूर्ण है। इससे सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिहाज से सजग रहे बिहार में हिंदुत्व का एक नया उफान पैदा होगा, जिससे सूबे में भाजपा की जड़ें और मजबूती से जमेंगी।

चूंकि उड़ीसा विधानसभा चुनाव में जीत चुकी भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव में मुँहकी खा चुकी है। इसलिए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को वह हर हाल में जीतना चाहती है। चूंकि वह यहां पर जदयू के साथ चुनाव लड़ती आई है, इसलिए वह विपक्षी पार्टी राजद और कांग्रेस को इतना कमजोर कर देना चाहती है कि उसके सहयोग से जदयू पुरानी बारगेनिंग करने लायक नहीं बचे। इसलिए वह इस बार जदयू की सीटों की संख्या को भी कतरने का मन बना चुकी है। यह सबकुछ करना इसलिए बेहद जरूरी है कि 2026 के पूर्वार्द्ध में ही पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव भी होने वाले हैं। जहां चुनाव जीतना दिल्ली के बाद मोदी सरकार की हिट लिस्ट में है।

समझा जाता है कि एक के बाद एक यानी हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसी मुश्किल विधानसभा चुनावों में अपनी जीत का परचम लहरा चुकी भाजपा अब बिहार में भी वही प्रयोग करने जा रही है। आरएसएस और अपनी आनुषंगिक इकाइयों के माध्यम से वह जन जन को साधना चाहती है, ताकि नीतीश कुमार पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना रहे और सीटों के बंटवारे में वो कम सीट पर चुनाव लड़ने को राजी हो जाएं। वहीं, यदि इसमें को अप्रत्याशित बाधा भी आए तो राज्य में हिंदुत्व की लहर इतनी प्रचंड हो जाए कि धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय जैसी जातिवादी और धार्मिक सोच हवा-हवाई हो जाए।

यही वजह है कि गोपालगंज में बागेश्वर सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 5 दिवसीय हनुमंत कथा के आयोजन से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव की सियासी नींद उड़ चुकी है। वहीं, प्रयागराज महाकुंभ के बाद भाजपा की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय हवा बनी है, उससे भी ये नेता भीतर ही भीतर परेशान हैं।तेजस्वी यादव और उनके समर्थक तो इस आयोजन को लेकर उटपटांग बयानबाजी भी तेज कर चुके हैं।

वहीं, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के गृह जनपद गोपालगंज के भोरे प्रखंड के रामनगर स्थित श्रीराम जानकी मठ इन दिनों हिंदुत्व व सनातनियों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां भारी संख्या में श्रद्धालु धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए पहुंचे हुए हैं। इस श्रीराम जानकी मठ में धीरेंद्र शास्त्री ने कथा से पहले हिन्दुओं के अस्तित्व और उनकी सुरक्षा को लेकर बहुत बड़ा बयान दिया है। गुरुवार की देर शाम कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वे यहां अपने लिए थोड़े आए हैं, वे इस देश के हिन्दुओं को जगाने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा वे अपनी लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं बल्कि दुनिया के 150 करोड़ हिन्दुओं की लड़ाई लड़ने आए हैं।

उन्होंने कथा के दौरान यहां तक कह दिया कि, वे किसी पार्टी के लिए थोड़े आते हैं। वे किसी के लिए वोट मांगने थोड़े आते हैं। वे तो सिर्फ हिन्दुओं के अलख को जगाने आते हैं। बागेश्वर धाम सरकार ने साफ-साफ अंदाज में कहा कि छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। यानी उनके खिलाफ जगह जगह बयान देने वालों के लिए धीरेंद्र शास्त्री ने दो टूक शब्दों में 'सेम टू यू' वाला मुहावरा दुहरा दिया।

बता दें कि कुछ दिनों पहले ही उन्होंने अपने प्रवचन में हिंदुत्व और हिंदु राष्ट्र को लेकर एक बड़ा बयान दिया था और दो टूक कहा था कि देश में सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नहीं बल्कि हिंदुत्व इंटेलिजेंस (एच आई) भी होना चाहिए। तब मीडिया से मुखातिब होते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यहां तक कहा था कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए हमारा प्रयत्न जारी है। भारत हिंदू राष्ट्र बने। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू राष्ट्र का मतलब किसी मजहब के खिलाफ नहीं है बल्कि हिंदू राष्ट्र का मतलब सबको लेकर चलना, जैसे दुबई में अलग-अलग संस्कृति के लोग एक साथ रहते हैं। उसी तरह भारत में भी सबको रहने का अधिकार है। यह भारत किसी का एक नहीं बल्कि सबका है। इससे उनके श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ी।

इस मौके पर ही पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यह भी कहा था कि सबके दादा-परदादाओं ने आजादी के लिए युद्ध लड़े हैं, अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व का मतलब है जीवन जीने की सही विचार धारा। हिंदुत्व का मतलब अहिंसावादी जीवन है। हिंदुत्व का मतलब सबको लेकर चलने और भारत को विश्व गुरु बनाने की पहल है।

वहीं, इससे पहले एक कार्यक्रम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा था कि वहां (संभल में) सदियों से बंद पड़े हनुमान मंदिर, शिव मंदिर खोज कर और खुदाई के बाद निकले हैं। जहां जहां रह गए हैं, वहां भी निकलेंगे। उन्होंने कहा कि ये सनातन का युग है, स्वर्ण युग है। हमारे देश में आक्रांताओं ने जिनमें ब्रिटिश, मुगल और चंगेज खान जैसे धुर्तों ने भारतीय सनातन संस्कृति की धरोहर को तोड़कर मस्जिदों को बनाया है, अब वहां दोबारा मंदिर स्थापित हो रहे हैं।

तब धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यह भी कहा था कि हम मुसलमानों के साथ अन्य सभी मजहब के लोगों से कहेंगे कि आप बिल्कुल टेंशन ना लें। आपके मजहब के खिलाफ सनातन संस्कृति के लोग नहीं हो सकते। जहां जहां मंदिर थे, बस वहां मंदिर बनेंगे। बस इतना ही होना है। उन्होंने आगे कहा कि, हम तो कहते हैं कि हमारे मंदिर की जांच करवा लें, हमें कोई दिक्कत नहीं है। हिंदुओं को तो कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। कितने भी मंदिरों की जांच हो जाए, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। अगर किसी को दिक्कत है तो इसका मतलब उनमें खोट है, क्योंकि उन्हें यह पता है कि अंदर शिव जी बैठे हुए हैं।

वहीं, यूपी के संभल में कथित 2000 साल पुराने संग्रहालय में मिले सनातन के सबूतों के बारे में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था कि, यह देश वह है जहां करोड़ों अरबों सालों के सबूत मिलेंगे और वहीं पर सनातन मिलेगा। सनातन आदिकाल से पृथ्वी पर मानव सभ्यता के अस्तित्व में आने के बाद से है और यह पूरी दुनिया में पाया जाएगा। फिर जब दूसरे शहरों में भी इसी तरह की खुदाई होने की संभावना पर सवाल किया गया, तब पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने अंदाज में कहा, होनी चाहिए, तुम्हारे घर में भी हो जाए। वहीं, बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे के लिए दो लोग जिम्मेदार हैं। सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को तैयार रहना चाहिए। जब बात राष्ट्र और धर्म की आए तो हमें पीछे नहीं हटना चाहिए। राम मंदिर के फैसले में स्वामी रामभद्राचार्य की गवाही का जिक्र भी किया। बिना नाम लिए उन्होंने एक धर्म विशेष पर निशाना साधते हुए उन्हें आतंकवाद में शामिल होने की बात भी कही। उन्होंने धर्मो रक्षति रक्षित:-का जयघोष कराया।

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

(रमेश सर्राफ धमोरा)

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे।

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये। भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया।

तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा।

# विदेशी आक्रांताओं के शुभचिंतकों को 'सनातन भूमि' में रहने का हक नहीं, समझे सरकार! करे कार्रवाई!

**सनातन भूमि भारतवर्ष, जिसे जम्बूद्वीप, आर्यावर्त, आसेतु हिमालय आदि विभिन्न नामों से पुकारा गया है, में मुस्लिम आक्रमणकारियों और ब्रिटिश आतताई अधिकारियों के महिमामंडन का जो सियासी होड़ जब-तब मची रहती है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सवाल है कि इनसे जुड़े विभिन्न प्रतीक चिन्हों-स्मारकों आदि, इनके नाम पर बसाए गए गांवों-शहरों, नामांकित सड़कों या विभिन्न संस्थानों को मिटा क्यों नहीं दिया जाता, क्योंकि ये सनातन भूमि पर रिसते घाव की मानिन्द हैं। यक्ष प्रश्न यह भी है कि आज इनकी जरूरत क्या है, किनको है और क्यों है और यदि है तो फिर ऐसे देशद्रोहियों की यहां जरूरत है यदि बाबर, अकबर, औरंगजेब जैसे क्रूर मुस्लिम शासकों या जनरल डायर जैसे क्रूर ब्रिटिश अधिकारियों या फिर ओसामा बिन लादेन, कसाब जैसे क्रूर आतंकवादियों का, पाकिस्तान-बंगलादेश जैसे फिरकापरस्त ताकतों के शुभचिंतक यहां हैं तो भारतीय प्रशासन का यह पहला कर्तव्य है कि राष्ट्रहित में इनकी शिनाख्त करे और इन्हें राष्ट्रीय सीमा से बाहर करे।**

(कमलेश पांडे)

कहना न होगा कि जब हम इंडिया कहते हैं तो उसका अभिप्राय अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तिब्बत, वर्मा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव समेत भारत के उस विशाल भूभाग से लिया जाता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के रूप में सुप्रसिद्ध हिन्दू भूमि है। सनातन भूमि भारतवर्ष, जिसे जम्बूद्वीप, आर्यावर्त, आसेतु हिमालय आदि विभिन्न नामों से पुकारा गया है, में मुस्लिम आक्रमणकारियों और ब्रिटिश आतताई अधिकारियों के महिमामंडन का जो सियासी होड़ जब-तब मची रहती है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सवाल है कि इनसे जुड़े विभिन्न प्रतीक चिन्हों-स्मारकों आदि, इनके नाम पर बसाए गए गांवों-शहरों, नामांकित सड़कों या विभिन्न संस्थानों को मिटा क्यों नहीं दिया जाता, क्योंकि ये सनातन भूमि पर रिसते घाव की मानिन्द हैं।

यक्ष प्रश्न यह भी है कि आज इनकी जरूरत क्या है, किनको है और क्यों है और यदि है तो फिर ऐसे देशद्रोहियों की यहां जरूरत है यदि बाबर, अकबर, औरंगजेब जैसे क्रूर मुस्लिम शासकों या जनरल डायर जैसे क्रूर ब्रिटिश अधिकारियों या फिर ओसामा बिन लादेन, कसाब जैसे क्रूर आतंकवादियों का, पाकिस्तान-बंगलादेश जैसे फिरकापरस्त ताकतों के शुभचिंतक यहां हैं तो भारतीय प्रशासन का यह पहला कर्तव्य है कि राष्ट्रहित में इनकी शिनाख्त करे और इन्हें राष्ट्रीय सीमा से बाहर करे।

यह अहम बात है कि जब तक ये बाहर नहीं हो जाते, तबतक इनको मताधिकार और राष्ट्रीय जनसुविधाओं से वंचित किया जाए। इनके भारतीय पहचान पत्र निरस्त किये जाएं। क्योंकि सुलगता सवाल है कि भारत जैसे धर्मनिरपेक्ष देश में जब कोई नेता या बुद्धिजीवी सिर्फ मजहबी कारणों से जुल्मियों का महिमामंडन करने का दुस्साहस करे, तो इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करना भारतीय प्रशासन का पहला कर्तव्य होना चाहिए। क्योंकि इस पवित्र हिन्दू भूमि पर ऐसा करते रहने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है! ऐसे देशद्रोही, सनातन द्रोही तत्वों के खिलाफ भारतीय नेताओं और प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। इस दिशा में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए, अन्यथा इनके हौसले बढ़ेंगे।




कहना न होगा कि जब हम इंडिया कहते हैं तो उसका अभिप्राय अफगानिस्तान, पाकिस्तान, तिब्बत, वर्मा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव समेत भारत के उस विशाल भूभाग से लिया जाता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप के रूप में सुप्रसिद्ध हिन्दू भूमि है। यदि आप महाभारत को पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि यह पूरी दुनिया ही सनातनी थी, देवत्व मिजाजी थी और जो दानव या असुर मिजाजी थे, वो हिंदुओं से अलग होते गए। फिर भी आर्यावर्त में हिंदुत्व का दबदबा हमेशा बना रहा। इसलिए चाहे मुस्लिम आक्रमणकारियों का जत्था रहा हो या ब्रिटिशर्स ईसाइयों की फौज और उससे जुड़े लोग, जो यहां पर विदेशी आक्रमणकारी बनकर आए, यहां के शांतिप्रिय लोगों पर जुल्म ढाए और फिर यहीं रच-बस गए हैं। इन्होंने हथियार के बल पर धर्मांतरण कराया और सनातन मंदिरों उनके संरक्षक रजवाड़ों को नष्ट किया।

चूंकि ये सभी बाहरी आक्रांता हैं, मंगोल या अरब से आये हैं, इसलिए इनकी असली जगह इनके मूल देशों में है, न कि सनातन भूमि में! क्योंकि इनकी सहानुभूति भारत से नहीं, बल्कि उन्हीं मुल्कों से है। हिंदुओं के नाम पर देश विभाजन करके फिर से भारत में फिरकापरस्त सियासत को बढ़ावा देना, वैसे ही संविधान का निर्माण करवाना कांग्रेस की ऐसी गलती रही है, जिसकी सजा उसे हिन्दू समाज देता आया है। क्योंकि आजादी के बाद मुसलमानों और ईसाइयों को देश से बाहर करवाना, उनसे जुड़ी स्मृतियों को समाप्त करना और भारतीय शासकों, ऋषियों-मुनियों और देवताओं की स्मृतियां कायम करवाना उसका दायित्व था, लेकिन उसने धर्मनिरपेक्षता और गंगा-यमुना संस्कृति के नाम पर हिन्दू समाज को धोखा दिया।

ऐसा इसलिए कि सनातन भूमि, देव भूमि समझी जाती है। यही ऋषियों-मुनियों की तपोभूमि है। यह अहिंसक भूमि है। जबकि मुस्लिमों-ईसाइयों का स्वभाव ही हिंसक है। ये लोग मांसभक्षी हैं और क्रूर भी होते हैं। इनके राजकाज वश, इनके संसर्ग में रहने वाले हिन्दू भी वैसे ही हो गए, जैसे ये हैं। इन्होंने फुट डालो और शासन करो की नीतियों से हिंदुओं में सामाजिक व जातीय दुर्भावना को जन्म दिया है।आधुनिक संवैधानिक व्यवस्था भले ही ऐसे तत्वों को धर्मनिरपेक्ष कहती है। लेकिन सदियों से इनका जो स्वभाव रहा है, लड़ाई-झगड़े, दंगा-फसाद की जो नियति रही है, उसके दृष्टिगत तो यही कहना उचित रहेगा कि इन्हें या तो खुद को बदलने का अवसर दिया जाए या फिर भारतीय उपमहाद्वीप से निकाल बाहर किया जाए।

बदलते वक्त की मांग है कि सनातन भूमि की नैसर्गिक जरूरतों के मद्देनजर भारतीय संविधान का पुनर्निर्माण हो। इससे पहले कोई इतना मजबूत शासक बने, जो अखण्ड भारत का निर्माण करे। साथ ही आसेतु हिमालय में रच-बस चुके सनातन द्रोहियों को हृदय परिवर्तन, स्वभाव और संस्कार परिवर्तन यानी धर्मपरिवर्तन कर हिंदुओं में शामिल होने का अवसर दे, अन्यथा जिद्दी बनकर अपने धर्म पर अडिग रहने वालों को उसी प्रकार से आसेतु हिमालय यानी भारतीय उपमहाद्वीप से निकाल बाहर करे जैसे कि अमेरिका अपने यहां के अवैध प्रवासियों को कर रहा है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि मुस्लिम और ईसाई आदि रह तो रहे हैं भारतीय उपमहाद्वीप में, लेकिन यशोगान करते फिरते हैं अरब और ईसाई देशों का। भारतवर्ष पर शासन करने वाले क्रूर शासकों या अधिकारियों का। खासकर सियासत में तो इनका यशोगान करने वालों पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाना चाहिए। आज देश में जिस क्रूर बादशाह औरंगजेब, जो अपने पिता और भाइयों का नहीं हुआ, को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तेज हो चुके हैं। ऐसे में औरंगजेब के उस आखिरी खत की चर्चा यहां मुनासिब है, जो खोल देगा उसका महिमामंडन करने वालों का दिमाग। क्योंकि औरंगजेब के उस आखिरी खत का जिक्र इतिहास की किताबों में हुआ है। इसमें औरंगजेब अपने पापों की कहानी खुद कहता है। विवादास्पद मुगल शासक ने अपनी मृत्यु से पहले के पछतावे में अपने किये गुनाहों का जिक्र किया है। प्रख्यात इतिहासकार राम कुमार वर्मा की लिखी किताब 'औरंगजेब की आखिरी रात' में उस खत का मजमून दिया गया है।

# शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक कर उपायुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

## जिला प्रशासन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन और बच्चों को दिए जाने वाले अन्य लाभ को लेकर दृढसंकल्पित, किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर संबंधित के विरुद्ध होगी विभागीय कार्रवाईः उपायुक्त



**खूँटी/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के सभी संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता एवं मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन की उपलब्धता, ससमय छात्रवृत्ति एवं पोशाक वितरण, छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, छुटे हुए बच्चों का आधार कार्ड निर्माण, रसोईया को मानदेय भुगतान, विद्यालय अपग्रेडेशन हेतु प्रस्ताव, पठन पाठन एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में पोषण युक्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की उपलब्धता मेनू अनुसार सुनिश्चित की जाए तथा योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही, सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और उनकी सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु समुचित रणनीति अपनाने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, बैठक में शिक्षा विभाग के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विशेष चर्चा एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। विद्यालयी पोशाक वितरण को सभी पात्र छात्रों तक जल्द से जल्द पहुंचाने के निर्देश दिया गया। छूटे हुए छात्रों के बैंक खाते खोलने एवं इससे संबंधित प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उपायों पर चर्चा किया गया। छुटे हुए छात्रों के आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। विद्यालयों में ससमय पहुंचकर शिक्षकों को बॉयोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कर पठन पाठन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं ड्रॉप आउट बच्चों की विशेष सूची तैयार कर शिक्षकों को उन्हें विद्यालय आने हेतु घर घर जाकर प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। जिससे ड्रॉप आउट बच्चों का पठन पाठन सुनिश्चित कराया जा सके। साथ हीं आवश्यकता अनुसार विद्यालय अपग्रेडेशन को लेकर भी चर्चा कर प्रस्ताव भेजने और विद्यालयों में शत प्रतिशत बच्चों के एडमिशन/ उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने और उन्हें दिए जाने वाले अन्य लाभ को लेकर दृढसंकल्पित है, सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं शिक्षक प्राथमिकता के आधार पर यह सुनिश्चित करें। यदि किसी पदाधिकारी, कर्मी या शिक्षक द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरती जाएगी तो उन्हें स्पष्टीकरण करते हुए विभागीय कार्रवाई करने की भी बात कही गई। इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीइओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# खूंटी सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट एवं रनिया तथा अड़की में खुलेगा कुपोषण उपचार केंद्र

## उपायुक्त के अनुमोदन पर स्वास्थ्य विभाग खूंटी एवं द हंस फाउंडेशन के बीच हुआ एकरारनामा



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खूंटी जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा के अनुमोदन पर स्वास्थ्य विभाग, खूंटी के सहयोग से द हंस फाउंडेशन के द्वारा जिले के सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट तथा रनिया एवं अड़की प्रखंड में कुपोषण उपचार केंद्रों की स्थापना हेतु एकरारनामा किया गया। यह केंद्र निःशुल्क रूप से संचालित किए जाएंगे, जिससे जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग खूंटी एवं द हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के बीच दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। सिविल सर्जन ने जानकारी देते हुए बताया कि डायलिसिस केंद्र क्रॉनिक किडनी डिजीज (उडऊ) से ग्रसित मरीजों के लिए वरदान साबित होगा, जहां मरीजों को आजीवन निःशुल्क डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, कुपोषण उपचार केंद्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कर अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से उनका उपचार किया जाएगा। वहीं कुपोषण उपचार केंद्र में कुपोषित बच्चों की पहचान एवं भर्ती की समुचित व्यवस्था की गई है। भर्ती किए गए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार, आधुनिक जांच एवं निःशुल्क दवा प्रदान की जाएगी। केंद्र से डिस्चार्ज के बाद भी स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध रहेंगे। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और जरूरतमंद मरीजों एवं कुपोषित बच्चों को इन केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

# होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, खाद्य सुरक्षा को लेकर औचक निरीक्षण



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निदेशानुसार होली पर्व को देखते हुए जिला खाद्य पदाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी, खूंटी द्वारा मुरहू प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न दुकानों एवं विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में संतोष होटल, मां अन्नपूर्णा होटल सहित अन्य दुकानों से लड्डू, पेड़ा, रसगुल्ला आदि के नमूने लिए गए। दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा के मानकों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। उन्हें स्पष्ट रूप से बताया गया कि दुकान परिसर की स्वच्छता एवं कर्मियों की व्यक्तिगत सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया कि बिना एफएसएसएआई लाइसेंस नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी तिथि, एवं बैच संख्या के किसी भी पैकेटबंद खाद्य सामग्री का क्रय-विक्रय न किया जाए। एफएसएस एक्ट-2006 के तहत अनियमितताओं की स्थिति में दस लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। इसी क्रम में जनजातीय आवासीय बालिका विद्यालय कुंदी, खूंटी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की किचन में साफ-सफाई की कमी पाई गई। साथ ही, खाना पकाने में उपयोग किए जा रहे शेरा ब्रांड के वेजिटेबल ऑयल के पैकिंग पर मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट एवं फूड लाइसेंस नंबर अंकित नहीं था। इस पर संज्ञान लेते हुए विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया गया कि अविलंब उक्त तेल को बदलकर एफएसएसएआई मानक वाले तेल का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, घनी एवं शेरा ब्रांड के वेजिटेबल ऑयल के भी नमूने लिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई कि वे खाद्य पदार्थ खरीदते समय उनकी गुणवत्ता एवं वैधता की जांच अवश्य करें।

# एनकाउंटर में मारा गया कुख्यात गैंगस्टर अमन साव

## पुलिस से छुड़ाने की अपराधियों ने की कोशिश, एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके ने किया एनकाउंटर

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार को पुलिस के एनकाउंटर में मारा गया। उसे छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर से रांची ले लाया जा रहा था। समाचार के अनुसार चैनपुर रामगढ़ क्षेत्र के अनहारी ढोढा व कुटी मोड़ के बीच के पास जंगल में घात लगाकर बैठे अपराधियों ने एटीएस की टीम पर बम फेंका। साथ ही फायरिंग भी की। एटीएस के टीम पर बम फेंकने से पहले गाड़ी के आगे बांस फेंका गया था। फायरिंग की घटना के दौरान गैंगस्टर अमन साव एटीएस के एक जवान का राइफल छीनकर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंगस्टर अमन साव मौके पर ही मारा गया। जिस जगह पर एटीएस व अमन साव गिरोह के बीच एनकाउंटर हुआ वह चारों तरफ से जंगल से घिरा हुआ है। करीब आधे तक चले एनकाउंटर अमन को मारा गया। उसकी लाश के



पास से पुलिस से लूटा गया इंसास राइफल बरामद किया गया। बताते चलें कि अमन साव झारखंड में एनआईए के कई मामलों में वांटेड है। एनआईए के मामले में ही अमन साव को छत्तीसगढ़ के रायपुर से झारखंड लाया जा रहा था। एटीएस को अमन साव को झारखंड लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एटीएस की टीम अमन साव को रायपुर से पलामू के रास्ते रांची ले जा रही थी।

### गैंगस्टर अमन साव ने पलामू पुलिस के समक्ष खतरनाक मंसूबे को किया था जाहिर

**मेदिनीनगर :** कुख्यात अपराधी अमन साव की चाहत थी कि अपराध की दुनिया में पूरे भारत में सबसे अधिक मुकदमे उसी पर दर्ज हो। ताकि पूरा विश्व उसके खतरनाक मंसूबे को जान पाए। पलामू में रेलवे के फ्रंट कॉरिडोर निर्माण के दौरान अमन साव गिरोह की तरफ से हमला हुआ था। हमले के बाद पलामू पुलिस ने अमन साव को रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इस क्रम में अमन ने पुलिस को बताया था कि वह भारत का सबसे बड़ा डॉन बनना चाहता है। उसकी चाहत है कि भारत में सबसे अधिक मुकदमे उस पर दर्ज हो। पलामू में अकेले अमन साव पर एक दर्जन से अधिक रंगदारी मांगने व हमले के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज हैं। अमन साव रांची का रहने वाला है। गैंगस्टर अमन साव ने सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़कर अपराध की दुनिया में कदम रखा था। सुजीत सिन्हा के लिए आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हुए अमन ने अपना अलग गिरोह खड़ा कर लिया। अमन साव ऑनलाइन तरीके से गिरोह के सदस्यों को जोड़ता था व क्राइम को अंजाम देता।

### एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके ने किया अमन को ढ़ेर

**मेदिनीनगरः** एक पुलिसकर्मी से इंसास राइफल लूटकर भागने के बाद अमन साहू इंसास राइफल से वहां तबाही मचा पाता कि इससे पहले एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके ने मोर्चा संभाल लिया। एटीएस के डीएसपी पीके ने तुरंत ऐक्शन में आते हुए जवाबी फायरिंग की व साहू को ढेर कर दिया।

# समय पर बिजली बिल जमा करने वाले 10 उपभोक्ता होंगे सम्मानित

## जागरूकता व समय पर भुगतान की आदत की सराहना

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में बिजली कंपनी एक ओर जहां बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है, वहीं समय पर बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित भी कर रही है. इसी कड़ी में मंगलवार को शहर के तरवारा मोड़ स्थित बिजली कंपनी के प्रमंडलीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 10 उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया. कार्यपालक अभियंता यशवंत कुमार ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा. उन्होंने उनकी जागरूकता और समय पर भुगतान की आदत की सराहना की. उन्होंने बताया कि शहर के स्टेशन रोड स्थित सीवान ट्रैक्टर के मालिक सगीर आलम, राजेंद्र पथ के मन्नू प्रसाद, हुसैनगंज के गुलजार हुसैन व नगीना प्रसाद, चैनपुर के प्रकाश चंद्र व अमित कुमार, अंदर के अनवर अली व लक्ष्मीना देवी, सीवान ग्रामीण के राजकिशोर साह व सुगंती देवी ने समय पर बिजली बिल का भुगतान किया है.वहीं दूसरी ओर, महाराजगंज के कार्यपालक अभियंता प्रशांत कुमार ने नियमित रूप से विद्युत बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं का आभार व्यक्त किया है. बसंतपुर के किताबन मियां, तसलीम मियां, गोरेयाकोठी के कृष्णा राय, जयप्रकाश सिंह समेत भगवानपुर, दरौंधा, बड़हरिया व पचरुखी प्रखंड के उपभोक्ताओं का भी नाम इस सूची में शामिल किया गया है.

**बकायेदारों पर कड़ी कार्रवाई, ऑन द स्पॉट वसूली**

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि कंपनी के निदेर्शानुसार जिले में बिजली बिल बकाया रखने वालों के खिलाफ डोर-टू-डोर अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान मौके पर ही बिल जमा कराया जा रहा है. यदि उपभोक्ता बिल जमा नहीं करते हैं, तो उनका कनेक्शन काटा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कनेक्शन काटे जाने के बाद यदि बिना बकाया भुगतान और बिना आरसी रसीद के बिजली का उपयोग किया गया तो संबंधित उपभोक्ताओं पर जुमार्ना लगाया जाएगा और उनके खिलाफ स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी.

# अंजलि, प्रीति व रिद्धि को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार

## बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा हो संस्कारयुक्त : अरुणा शंकर

## लड़कियां पढ़ेंगी तो ही बदलेगा समाज : अविनाश वर्मा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय में विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, अनुशासन पदाधिकारी वीरेंद्र दुबे, विद्यालय परिवार के प्रमोद अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल व निदेशक सतीश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रचलित कर व माता सरस्वती पर माल्यार्पण कर विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के शुरूआत में बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों व अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया।छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, पर्यावरण पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि, हिंदू- मुस्लिम एकता, देशभक्ति की वीरता, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश, संगीत व नाटक के माध्यम से व क्लीन इंडिया थीम पर गाड़ी वाला आया है, कचरा निकाल... गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों व अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बच्चों ने कव्वाली, राजस्थानी, गुजराती, मराठी व भिन्न-भिन्न प्रकार के नृत्य प्रस्तुत कर बच्चों ने अपना प्रतिभा दिखाया। मौके पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि वे कई स्कूलों के कार्यक्रमों को देखी हैं लेकिन शांतिकुलम विद्यालय जैसा कार्यक्रम सच में किसी भी विद्यालय में आज तक ऐसा कार्यक्रम नहीं देखा। बच्चों के प्रस्तुत सभी कार्यक्रम समाज को एक संदेश देने का कार्य कर रही है। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखण्ड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि लड़कियां शिक्षित होगी तभी परिवार व समाज बदलेगा। बच्चों के कार्यक्रम प्रस्तुति से यह पता चलता है कि शांतिकुलम विद्यालय में पढ़ने वाला एक-एक बच्चा सुसंस्कृत व अनुशासित है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव विद्यालय के कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कहा कि शांतिकुलम विद्यालय विद्यार्थियों को तरसने का कार्य कर रही है। एक-एक विद्यार्थियों का चहूमुखी विकास हो रहा है। मौके पर स्टूडेंट ऑफ द ईयर में स्कॉलरशिप के रूप में अंजली कुमारी को 24 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह प्रीति कुमारी व रिद्धि कुमारी को 6 - 6 हजार रुपए का चेक व सभी को मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। साथ ही आबिद खान, अनुज विश्वकर्मा व अरविंद कुमार सिंह को बेस्ट पेरेंट्स अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ-साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के डालटनगंज, चैनपुर, पाटन, छतरपुर व पांकी इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। मौके पर संत मरियम स्कूल के हॉस्टल सुपरीटेंडेंट उत्कर्ष देव, सेकंड स्कूल के संस्थापक व निदेशक ऋषिकेश पांडे, मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शिला श्रीवास्तव, प्रकाश राय, आकाश वर्मा, चैनपुर जिप सदस्य फैजयाल अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से सभी लोगों को शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की एकेडमिक को-ऑर्डिनेटर इरम अलमास सैयद, अदनान अहमद, उमेश कुमार, अमन कुमार सिंह, सोनू कुमार, अरका सिन्हा, अनु कुमारी, प्रीति दुबे, प्रीति सिंह, डोली परवीन, विकास कुमार सरस्वती देवी, बबिता देवी, सविता देवी का योगदान रहा। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के निदेशक सतीश अग्रवाल ने किया।



# बिहार दिवस पर पूरे जिले में विविध कार्यक्रम का होगा आयोजन

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी, सिवान की अध्यक्षता में बिहार दिवस को लेकर तैयारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने बताया की बिहार दिवस को पूरे उमंग एवं उल्लास के साथ पूरे जिला में मनाने हेतु चरणबद्ध तरीके से तैयारियां प्रारंभ कर दी जाएं ।आगामी 22 मार्च बिहार दिवस के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम प्रातः काल 7:00 बजे से जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर बड़े पैमाने पर स्वच्छता कार्यक्रम से संबंधित प्रभात फेरी निकाले जाने का निर्देश जिला पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। उक्त प्रभात फेरी में जिला अंतर्गत सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के बच्चों,युवाओं, आंगनबाड़ी सेविका/ सहायिका, आशा कार्यकर्ता,जीविका दीदीयों तथा अन्य विभागों के कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया साथ ही इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, डीपीएम जीविका एवं डीपीओ आईसीडीएस, सिवान को अपने स्तर से आवश्यक कार्रवाई करने और जिला शिक्षा पदाधिकारी सिवान को जिला मुख्यालय में प्रभात फेरी निकालने हेतु प्रभात फेरी का रूट निर्धारित कर उसकी एक प्रति अनुमंडल पदाधिकारी,सिवान सदर को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी, सिवान सदर विधि व्यवस्था संधारण हेतु अपने स्तर से महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करेंगे। बच्चों के साथ प्रतिनियुक्त शिक्षकों को इस बात की हिदायत देने का निर्देश दिया गया कि वे प्रभात फेरी के समय बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखेंगे,और बच्चों को सड़क के बाएं तरफ चलने तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी स्वच्छता, मद्यनिषेध, खुले में शौच से मुक्ति, दहेज उन्मूलन, बाल विवाह आदि से संबंधित स्लोगन को प्रभात फेरी में शामिल करेंगे एवं उस स्लोगन को तख्ती पर साट कर प्रदर्शित कराने,सिविल सर्जन, सिवान को प्रभात फेरी के समय आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं एवं चिकित्सा पैरामेडिकल स्टाफ के साथ एक एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिया गया। उस दिन सभी कार्यालय प्रधान अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ मिलकर 9:00 बजे पूर्वाह्न से अपने-अपने कार्यालय की साफ सफाई करवाएंगे। कार्यक्रम 11:00 बजे पूर्वाह्न से टाउन हॉल सिवान में बिहार दिवस समारोह 2025 का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया जाएगा। स्टॉल लगाने वाले विभागों के नाम हैं- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिवान जिला उद्योग महाप्रबंधक सिवान, जीविका, शिक्षा विभाग, सिवान, उत्पाद विभाग, सिवान,जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सिवान, आईसीडीएस सिवान एवं स्वीप कोषांग सिवान शामिल होगा। सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे 21 मार्च तक अपने-अपने विभाग से संबंधित स्टॉल का निर्माण कार्य पूर्ण कर लेंगे। इस अवसर पर सभी सरकारी कार्यालय को नीली लाइट से सजाने का निर्णय लिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी ,नगर परिषद को नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख चौक चौराहों पर नीली लाइट लगवाने एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सिवान शैक्षणिक कार्यालय एवं शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर नीली लाइट लगवाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम की संध्या 5:00 बजे टाउन हॉल में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु गठित टीम को कार्यक्रम के रूप- रेखा तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया। स्थानीय कलाकार एवं बाहरी कलाकारों का चयन गठित टीम के द्वारा किया जाएगा।अन्य कार्यक्रमों में अंबेडकर भवन में पेंटिंग, भाषण( विकसित बिहार में युवा की भूमिका), नाटक एवं शास्त्रीय संगीत शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार दिए जाने की घोषणा जिला पदाधिकारी ने की और जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे सभी प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करेंगे।जिसमें प्रखंड के सभी पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। बैठक में अपर समाहर्ता,सिवान के साथ जिला के सभी वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# जिला परिषद की जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक


## सारण जिले के पाँच प्रखंडों में 3600 एकड़ जमीन चिन्हित, प्राथमिकता से अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण जिले में जिला परिषद की भूमि पर अतिक्रमण हटाने को लेकर जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने आज महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता और सभी संबंधित अंचलाधिकारी शामिल हुए। बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें जिला परिषद की लगभग 3600 एकड़ भूमि का विवरण प्रस्तुत किया गया और अतिक्रमण हटाने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

**पाँच प्रखंडों में चिन्हित भूमि**

सारण जिले के विभिन्न प्रखंडों में जिला परिषद की भूमि चिन्हित की गई है, जिसमें झ

- सोनपुर प्रखंड - 317 एकड़
- परसा प्रखंड - 568 एकड़
- मशरख प्रखंड - 872 एकड़
- छपरा सदर प्रखंड - 1846 एकड़
- मांझी प्रखंड - लगभग 2 एकड़



इस भूमि में से कई स्थानों पर अतिक्रमण की शिकायतें मिली थीं, जिन्हें हटाने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश**

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला परिषद की स्वामित्व वाली सभी जमीनों का खाता एवं खेसरा विवरण उपलब्ध कराया जाए। भू-अभिलेखों को भौतिक रूप से सत्यापित कर यह सुनिश्चित किया जाए कि कहां-कहां अतिक्रमण हुआ है। अतिक्रमण हटाने के लिए चरणबद्ध कार्रवाई की जाए और प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण मुक्त भूमि को सूचीबद्ध किया जाए। अगर कहीं भी अवैध कब्जा पाया जाता है, तो कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने को कहा गया है।

**अतिक्रमण मुक्त भूमि का उपयोग जनहित में किया जाएगा**

जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने के बाद इन जमीनों का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सार्वजनिक सुविधाओं और अन्य विकास कार्यों में किया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की कि अगर उन्हें जिला परिषद की जमीन पर अवैध कब्जे की जानकारी हो, तो वे इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें।

**सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी व्यक्ति जिला परिषद की जमीन पर अवैध रूप से काबिज है, उनके खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इस पूरे अभियान को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित करेगा, ताकि जिले में सरकारी संपत्तियों की रक्षा हो सके।

**निगरानी के लिए गठित होगी विशेष टीम**

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया की निगरानी के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी, जो यह सुनिश्चित करेगी कि कहीं भी पक्षपात या लापरवाही न हो।

**निष्कर्ष**

जिला प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। यह अभियान सारण जिले में कानून व्यवस्था और विकास कार्यों को मजबूती प्रदान करेगा। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद अब संबंधित अधिकारी तेजी से कार्यवाही में जुट गए हैं और जल्द ही जिला परिषद की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

## सोने-चांदी के रेट में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के भाव में आज गिरावट है। 11 मार्च को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना सोमवार के बंद भाव 85932 रुपये के मुकाबले आज 209 रुपये सस्ता होकर 85723 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं, चांदी के रेट में 759 रुपये गिरकर 95875 रुपये पर खुला। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड



ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 208 रुपये सस्ता होकर 85380 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 192 रुपये टूटकर 78522 रुपये पर खुला। 18 कैरेट का भाव भी 157 रुपये सस्ता होकर 64292 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 122 रुपये गिरकर 50148 रुपये पर आ गई है।

## बीएसई में लिस्टेड चर्चित कंपनी का बुरा हाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीएसई लिमिटेड के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी है। कंपनी के शेयरों में आज लगातार 5वें कारोबारी दिन गिरावट देखने को मिली थी। इस दौरान बीएसई लिमिटेड के शेयरों का भाव 13.5 प्रतिशत से अधिक लुढ़क चुका है। बता दें, मार्च के महीने में महज एक कारोबारी दिन ऐसा रहा है जब कंपनी के शेयरों की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। मार्च के महीने में यह स्टॉक 16 प्रतिशत लुढ़क चुका है। इससे पहले जनवरी के महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 0.4 प्रतिशत गिरा है। वहीं, फरवरी के महीने में 12.6 प्रतिशत टूटा है।



एनएसई में आज कंपनी के शेयर 3920 रुपये के लेवल पर खुला था। कंपनी के शेयर दिन में 4.84 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद 3,805.10 रुपये के लेवल पर आ गया था। 12.24 बजे कंपनी के शेयर एनएसई में 3,809 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। भले ही हाल के कुछ समय में कंपनी के शेयरों में गिरावट आई हो। लेकिन इसके बाद भी यह स्टॉक एक साल में 78 प्रतिशत का रिटर्न देने में सफल रहा है।

**एक्सपर्ट्स ने टारगेट प्राइस को घटाया–** ब्रोकरेज हाउस नुवामा ने टारगेट प्राइस को घटा दिया है। पहले बीएसई लिमिटेड के लिए टारगेट प्राइस 7250 रुपये था। जोकि अब घटाकर 5160 रुपये हो गया है। हालांकि, ब्रोकरेज हाउस ने रेटिंग को बरकरार रखा है। टारगेट प्राइस को फिर से घटाया है। ब्रोकरेज हाउस ने न्यूट्रल रेटिंग को बरकरार रखा है। ब्रोकरेज हाउस ने 4230 रुपये का का टारगेट प्राइस सेट कर दिया है।

# होली से पहले प्याज की कीमतों में गिरावट से उबले किसान

### रोक दी थी नीलामी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्याज की कीमतों में गिरावट के विरोध के एक दिन बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक स्थित लासलगांव एपीएमसी (कृषि उत्पादन विपणन समिति) में प्याज की नीलामी शुरू हो गई। सोमवार को किसानों ने कुछ समय के लिए नीलामी रोक दी थी और प्याज की कीमतों में गिरावट के खिलाफ पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया था। होली से पहले प्याज की औसत कीमतों में 300 से 500 रुपये की गिरावट आई है

**20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को हटाने की मांग–** विरोध करने वाले किसानों ने सोमवार को प्याज पर लगाए गए 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को हटाने की मांग की। उनका कहना था कि इस शुल्क की वजह से लासलगांव एपीएमसी में प्याज की कीमतों में गिरावट आई है। लासलगांव एपीएमसी एशिया का सबसे बड़ा प्याज का थोक बाजार है।

सोमवार को करीब 15 किसानों ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्याज की कीमतों में गिरावट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और कुछ समय के लिए नीलामी को रोक दिया। प्याज की कीमतों में गिरावट के विरोध के एक दिन बाद मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक स्थित लासलगांव एपीएमसी (कृषि उत्पादन विपणन समिति) में प्याज की नीलामी शुरू हो गई। सोमवार को किसानों ने कुछ समय के लिए नीलामी रोक दी थी और प्याज की कीमतों में गिरावट के खिलाफ पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन किया था। होली से पहले प्याज की औसत कीमतों में 300 से 500 रुपये की गिरावट आई है



### 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को हटाने की मांग

विरोध करने वाले किसानों ने सोमवार को प्याज पर लगाए गए 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क को हटाने की मांग की। उनका कहना था कि इस शुल्क की वजह से लासलगांव एपीएमसी में प्याज की कीमतों में गिरावट आई है।

लासलगांव एपीएमसी एशिया का सबसे बड़ा प्याज का थोक बाजार है। सोमवार को करीब 15 किसानों ने पानी की टंकी पर चढ़कर प्याज की कीमतों में गिरावट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और कुछ समय के लिए नीलामी को रोक दिया।

### पांच दिन पहले 2,300 रुपये था भाव

सूत्र ने कहा, ये कीमतें सिर्फ पांच दिन पहले 2,250 से 2,300 रुपये प्रति क्विंटल थीं। इसी वजह से किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। बाद में, राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने किसानों को आश्वासन दिया कि येवला (नासिक जिले में) के विधायक छगन भुजबल विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में इस मुद्दे को उठाएंगे। इसके बाद किसानों ने विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया। विरोध को शांत करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। मंगलवार को एपीएमसी में नियमित नीलामी शुरू हो गई। सुबह एपीएमसी में 500 वाहनों में करीब 13,000 क्विंटल प्याज लाया गया। गर्मी की फसल वाले प्याज की नीलामी शुरू होने पर कीमतें न्यूनतम 600 रुपये प्रति क्विंटल, अधिकतम 1,951 रुपये प्रति क्विंटल और औसत 1,600 रुपये प्रति क्विंटल थीं।

## बिक रहा है सरकारी बैंक, मार्च तक पूरा हो जाएगा प्रोसेस!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। बैंक का इस महीने के अंत तक प्राइवेटाइजेशन हो सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीबीआई बैंक के विनिवेश की प्रक्रिया मार्च में पूरी हो जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार ने अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही तक आईडीबीआई लेनदेन को पूरा करने का टारगेट रखा है। इस बीच, आज मंगलवार को 2 प्रतिशत से अधिक गिरावट के साथ 71.54 रुपये के इंट्रा डे लो पर आ गए थे।



### क्या है डिटेल

सीएनबीसी टीसी18 की एक रिपोर्ट में सरकारी अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि आईडीबीआई बैंक के विनिवेश की प्रक्रिया मार्च में पूरी हो जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही तक आईडीबीआई लेनदेन को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र जल्द ही वित्तीय बोलियां आमंत्रित करने की योजना बना रहा है। वहीं, बिजनेस टुडे टीवी की एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र ने आईडीबीआई बैंक के विनिवेश की प्रक्रिया में डेटा रूम से जुड़ी सभी चिंताओं को दूर कर दिया है।

## पतंजलि ने नागपुर में शुरू की संतरे की आधुनिक प्रसंस्करण इकाई, विदर्भ के किसानों को मिलेगी मदद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पतंजलि ने नागपुर के मिहान में संतरा प्रोसेसिंग के लिए देश के सबसे बड़े प्लांट की स्थापना की। 'पतंजलि मेगा फूड एंड हर्बल पार्क' का उद्घाटन सड़क परिवहन, राजमार्ग व जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने किया। इस दौरान पतंजलि समूह की ओर से बाबा रामदेव और अचार्य बालकृष्ण भी मौजूद रहे।




**संतरा उत्पादन करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित होगी इकाईः फडणवीस**

उद्घाटन के दौरान महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने हिन्दवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज को नमन करते हुए कहा कि हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर मैन नितिन गडकरी, स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण ने प्रदेश में पतंजलि के सेवा विस्तार का जो सपना देखा था वह अब भव्य रूप से साकार हो रहा है। सीएम ने कहा कि यह फूड पार्क संतरों का केंद्र बनेगा। उनकी सोर्सिंग और ग्रेडिंग भी यहीं की जाएगी। यही स्थिति कोल्ड स्टोर्स में किसानों को संतरा रखने के लिए जगह दी जाएगी।

### फूड पार्क स्थापित होने से किसानों में आशा कि किरण जगीः नितिन गडकरी

कार्यक्रम के दौरान नितिन गडकरी ने कहा, मैं स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण को धन्यवाद दूंगा कि नागपुर के मिहान में उन्होंने फलों का प्रसंस्करण करने वाले उद्योग की शुरूआत की। स्वामी रामदेव जी ने जो इनिशियेटिव लिया है, वह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पतंजलि फूड एण्ड हर्बल पार्क, मिहान में बेहतर तकनीक लाकर स्वामी जी ने किसानों को राहत व युवाओं को रोजगार देने का सराहनीय कार्य किया है। गडकरी ने कहा कि विदर्भ में 10 हजार से ज्यादा किसानों ने आत्महत्या की है। उसका मूल कारण यहां किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाना है। आज यहां फूड पार्क स्थापित होने से किसानों में आशा कि किरण जगी है। मुझे विश्वास है कि सरकार के प्रयासों और पतंजलि के संकल्प से विदर्भ के किसान को अब आत्महत्या के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा।

# एआई क्षेत्र में 2027 तक मिलेंगी 23 लाख नौकरियां, 10 लाख पेशेवरों की होगी कमी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत समेत दुनियाभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षेत्र में भारी संख्या में नौकरियां मिलने की उम्मीद है। हालांकि, एआई को अपनाने वाली कंपनियों को कुशल पेशेवरों की कमी से जूझना पड़ रहा है। भारत में अगले दो साल में यानी 2027 तक एआई क्षेत्र में 23 लाख से ज्यादा लोगों की जरूरत होगी। हालांकि, देश को 10 लाख से अधिक कुशल पेशेवरों की कमी से जूझना पड़ सकता है।

बेन एंड कंपनी ने नई रिपोर्ट में कहा, भारत का एआई क्षेत्र 2027 तक 23 लाख नौकरियों के अवसरों से आगे निकल सकता है। हालांकि, उस समय तक एआई कुशल पेशेवरों की संख्या करीब 12 लाख ही रहने का अनुमान है। इसका मतलब है कि देश को 10 लाख से अधिक पेशेवरों को नए सिरे से सक्षम बनाना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, एआई विशेषज्ञता की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को मौजूदा प्रतिभाओं को फिर से प्रशिक्षित करने के साथ उन्हें बेहतर कौशल से लैस करना होगा। इससे न सिर्फ कुशल पेशेवरों की संख्या में इजाफा होगा, बल्कि एआई को अपनाने में भी तेजी आएगी।



**वैश्विक केंद्र बनने की राह पर भारत–** भारत में बैन एंड कंपनी के साझेदार सैकत बनर्जी ने कहा, भारत के पास वैश्विक एआई प्रतिभा केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक अनूठा अवसर है। सैकत ने कहा, 2027 तक एआई क्षेत्र में नौकरियों के अवसर प्रतिभा की उपलब्धता के मुकाबले 1.5-2.0 गुना होने की उम्मीद है।

**आकर्षक वेतन के बावजूद नहीं मिल रहे कुशल कर्मचारी–** रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर में 2019 के बाद से एआई से जुड़ी नौकरियों में उछाल आया है। यह हर साल 21 फीसदी की दर से बढ़ रही है। इस अवधि में एआई पेशेवरों का वेतन भी सालाना 11 फीसदी बढ़ा है।

हालांकि, मांग में तेजी और आकर्षक वेतन के बावजूद योग्य एआई पेशेवरों की आपूर्ति में इजाफा नहीं हुआ है।इससे दुनियाभर में प्रतिभाओं के बीच अंतर लगातार बढ़ रहा है, जिससे एआई को अपनाने की रफ्तार धीमी होती जा रही है। सैकत ने कहा, एआई पेशेवरों की कमी को दूर करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

## बाहरी एजेंसी से स्वतंत्र जांच करा रही बैंक, अंतिम रिपोर्ट का इंतजार; शेयर 3.86 फीसदी तक टूटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डेरिवेटिव खातों में विसंगतियों के कारण निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक की नेटवर्थ दिसंबर, 2024 तक 2.35 फीसदी या 1,577 करोड़ रुपये घट सकती है। इसका असर बैंक के चौथी तिमाही के नतीजों में देखने को मिल सकता है। डेरिवेटिव खाते का इस्तेमाल वित्तीय अनुबंधों के जरिये ट्रेडिंग करने के लिए होता है। वहीं, बैंक के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया का कार्यकाल तीन साल की जगह एक वर्ष बढ़ाने के आरबीआई के फैसले से बैंक के शेयर सोमवार को 3.86 फीसदी तक टूट गए।





**बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी–** बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आंतरिक समीक्षा में डेरिवेटिव बुक में सामने आई विसंगतियों की पहचान सितंबर-अक्तूबर तक कर ली गई थी। इसमें आरबीआई के अप्रैल, 2024 से लागू नियमों का उल्लंघन भी हुआ है। केंद्रीय बैंक को भी इस बारे में अवगत कराया गया है। बैंक ने कहा, विसंगतियों की स्वतंत्र जांच के लिए बाहरी एजेंसी को नियुक्त किया है। उसकी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है। बैंक की लाभप्रदता और पूंजी पर्याप्तता इस असर को झेलने के लिए बेहतर है। आरबीआई ने सितंबर, 2023 में वाणिज्यिक बैंकों के निवेश पोर्टफोलियो को नियंत्रित करने वाले नियमों में बदलाव किया था। वहीं, सीईओ कठपालिया ने दावा किया, नेटवर्थ पर पड़ने वाले असर से निपटने में बैंक सक्षम है। गौरतलब है कि बैंक की नेटवर्थ 62,000 करोड़ है।

### यूपीआई और रूपे लेनदेन पर मर्चेंट चार्ज लगाने की तैयारी में सरकार

# आपकी जेब पर पड़ेगा असर!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यूपीआई और रुपे डेबिट कार्ड के जरिए लेनदेन पर बहुत जल्द शुल्क लग सकता है। यानी यूपीआई करना फ्री नहीं रहेगा, इसके लिए भी अलग से पैसे देने पड़ सकते हैं। दरअसल, एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सरकार यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस और रूपे डेबिट कार्ड के जरिए से किए गए लेनदेन पर मर्चेंट शुल्क वापस लाने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रही है। अगर ऐसा होता है तो फिर अगर डिजिटल पेमेंट महंगा हो जाएगा।




### क्या है डिटेल

सरकार इन ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट शुल्क लगाने की तैयारी कर रही है। बता दें कि डिजिटल पेमेंट इंडस्ड्रीज में मर्चेंट डिस्काउंट रेट उसे कहते हैं, जो किसी मर्चेंट या दुकानदार को पेमेंट सर्विस को शुरू करने के लिए देना होता है। इस शुल्क को साल 2022 में सरकार के द्वारा माफ कर दिया गया था। अब खबर है कि फिर से सरकार इसे लागू करने पर विचार कर सकती है। वर्तमान में, यूपीआई और रूपे डेबिट कार्ड भुगतानों पर कोई एमडीआर लागू नहीं है, जिन्हें नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के माध्यम से सुगम बनाया जाता है।

### रिव्यू किया जा रहा है

समाचार रिपोर्ट में एक बैंकर के हवाले से कहा गया है कि बड़े व्यापारियों के लिए यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर को फिर से लागू करने का औपचारिक अनुरोध बैंकिंग उद्योग द्वारा केंद्र सरकार को प्रस्तुत किया गया है और संबंधित विभाग इसकी समीक्षा कर रहे हैं। प्रस्ताव के अनुसार, 40 लाख रुपये से अधिक के सालाना कारोबार वाले व्यापारियों के लिए उनके जीएसटी फाइलिंग के आधार पर एमडीआर को फिर से लागू किया जा सकता है। सरकार यूपीआई के लिए एक स्तरीय मूल्य निर्धारण मॉडल पर भी विचार कर सकती है, जहां बड़े व्यापारियों को अधिक शुल्क देना होगा, जबकि छोटे व्यवसायों को कम शुल्क देना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 40 लाख रुपये से कम वार्षिक कारोबार वाले व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान निःशुल्क रहेगा।

### यूपीआई लेनदेन

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2025 में यूपीआई ने 16.11 बिलियन लेनदेन दर्ज किए, जिनकी राशि लगभग 22 ट्रिलियन रुपये थी।

### गिरावट भरे बाजार में पेटीएम पर चढ़ा तेजी का रंग

# 1,250 पर पहुंच सकता है भाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशन्स के शेयर पर तेजी का रंग यानी हरा रंग चढ़ा है। कमजोर मार्केट के बावजूद इसकी कीमत मंगलवार को 3 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ गई। 11 मार्च को सुबह 10:33 बजे, शेयर की कीमत 685.80 प्रति शेयर पर पहुंच गई। शेयर की कीमत में यह बढ़त तब देखी गई जब कंपनी ने 9 मार्च को एक रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा कि उसने अपने कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन योजनाओं के तहत 84,793 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। रविवार (9 मार्च) को एक्सचेंज फाइलिंग में, पेटीएम ने घोषणा की कि उसके बोर्ड ने कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन योजना 2019 और इएसओपी 2008 के तहत पात्र कर्मचारियों को 1 के फेस वैल्यू वाले इक्विटी शेयर आवंटित करने की मंजूरी दी है।




### 84,377 शेयर अलॉट किए गए

इएसओपी 2019 के तहत कुल 84,377 शेयर अलॉट किए गए, जबकि इएसओपी 2008 के तहत 416 शेयर जारी किए गए, जिनकी एक्सरसाइज प्राइस 9 प्रति शेयर थी। इस अलाटमेंट के बाद, कंपनी का जारी, सब्सक्राइब्ड और पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल 63.76 करोड़ से बढ़कर 63.77 करोड़ हो गया है। हाल ही में, कंपनी ने इएसओपी से जुड़े कई ऐलान किए हैं। पिछले महीने, उसने इएसओपी 2019 के तहत 1.36 लाख इक्विटी शेयर आवंटित किए थे।

### घट रहा कंपनी का घाटा

वित्तीय मोर्चे पर, पेटीएम ने क्यू3 एफवाय25 में अपने कंसोलिडेटेड नेट लॉस को 6 प्रतिशत घटाकर 208.5 करोड़ कर दिया, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 221.7 करोड़ था। हालांकि, ऑपरेशन से होने वाला राजस्व एफवाय24 के 2,850.5 करोड़ से घटकर 1,827.8 करोड़ रह गया।

**कंपनी कर रही रेगुलेटरी चुनौतियों का सामना–** इस बीच, कंपनी को रेगुलेटरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले हफ्ते इनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने पेटीएम और उसकी दो सहायक कंपनियों को लगभग 611 करोड़ के लेन-देन में एफइएमए के कई प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में शो कॉज नोटिस जारी किया था।

# साधन संपन्न को नहीं मिलेगा मईयां सम्मान योजना का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** साधन-संपन्न एवं नौकरी-पेशा परिवारों की युवतियों व महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुक सूची से बाहर किया जा रहा है। प्रथम चरण में जिले के 52,293 लाभुकों का नाम सूची से हटा दिया गया है। सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड से ऊपर के परिवारों की महिला सदस्यों को योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

यही कारण है कि एक झटके में 52,293 लाभुकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। लाभुकों की छंटनी स्टेट से की गई है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि छंटनी की प्रक्रिया सतत होती रहेगी, ताकि योजना का लाभ सिर्फ और सिर्फ मापदंड के अंतर्गत आने वाली महिलाएं व युवतियों को ही मिल सके।

जिले में कुल लाभुकों की संख्या 2,01,796 थी। दिसंबर तक शत-प्रतिशत लाभुकों योजना मद की राशि का भुगतान किया गया। लेकिन जनवरी से मार्च तक का 1,49,293 का डाटा डाउनलोड हुआ है।

सूत्रों ने बताया आने वाले दिनों में और साधन-संपन्न परिवारों के लाभुकों का नाम कटेगा। ग्राउंड स्तर पर उसका मूल्यांकन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने योजना मद का लाभुक के लिए गाइडलाइन निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में छंटनी स्टेट से की गई। बैंक अकांउट, आधार और दूसरे कागजों का मिलान कर मूल्यांकन किया गया और उसके बाद छंटनी की गई।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया प्रदेश के सभी जिलों में छंटनी की गई है। आठ से दस लाख लाभुक अयोग्य पाए गए। अयोग्य सारे लाभुकों को सूची से अलग कर दिया गया और उनके बैंक खाता में भुगतान बंद कर दिया गया।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सूची से अलग किए गए नामों में बहुत सारे ऐसे हैं, जिनके पति या पिता सरकारी नौकरी-पेशा में हैं। योजना प्रारंभ होने के बाद उनके द्वारा आवेदन किया गया और प्रखंड एवं जिला से अनुमोदन कर के भेज दिया गया। जिसके बाद उनके खाता में भुगतान आने लगा, लेकिन सरकार ने गाइडलाइन जारी किया, तो वैसे में बहुतों की छंटनी होना निश्चित था।

# होली पर मौसम विभाग ने लोगों की बढ़ाई टेंशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** एक ओर जहां झारखंड की राजधानी रांची में लोगों को दिन में गर्मी तो रात में ठंडक का अहसास हो रहा है तो दूसरी ओर अन्य जिलों में तापमान के तेवर लगातार बढ़ रहे हैं। जिस कारण राज्य के अधिकांश जिलों का तापमान मार्च की शुरूआत में ही 30 के पार पहुंच चुका है। लेकिन इस बार होली पर लोगों की टेंशन थोड़ी बढ़ने वाली है।

होली पर झारखंड का मौसम परेशान कर सकता है। रांची समेत अन्य जिलों में तापमान 35 डिग्री के पार पहुंचने की संभावना है। लोगों को इस दौरान सावधान रहने की जरूरत है। इस दौरान ज्यादा पानी और रंग खेलने से सेहत पर असर पड़ सकता है। हालांकि, इस दौरान पानी का लगातार सेवन करें।

वहीं, आसपास के जिलों की बात करें तो जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम 20.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। वहीं डाल्टेनगंज का अधिकतम 35.7 डिग्री और न्यूनतम 15.1 डिग्री, बोकारो का अधिकतम 35.5 डिग्री और न्यूनतम 18.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है। कमोबेश यही हाल अन्य जिलों का भी है।

सरायकेला खरसावां का तो 39.1 डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान पहुंच चुका है। शुरूआती स्थिति यही रही तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि अप्रैल और मई माह में आसमान से आग बरसेंगे...। राज्य में लगातार बदल रहे मौसम के मिजाज से आमजनों की सेहत पर भी असर पड़ने लगा है।

रिम्स और सदर अस्पताल के ओपीडी में मौसमी बीमारियों से त्रस्त लोगों की संख्या भी बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूर्वानुमान की बात करें तो 11 से 13 मार्च तक आसमान साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं 14 मार्च को आंशिक बादल छाए रहेंगे और मौसम शुष्क बना रहेगा। यही स्थिति राजधानी रांची की भी बनी रहेगी।

# अमन साहू के एनकाउंटर की इनसाइड स्टोरी

## तीन महीने से था रायपुर की जेल में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पलामू।** गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर क्यों करना पड़ा। इसे लेकर पलामू के एसपी रिष्मा रमेशन ने एक-एक बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एटीएस की टीम गैंगस्टर अमन साहू को रायपुर से रांची लेकर जा रही थी। इस दौरान अंधारी ढोडा के पास अमन साहू गिरोह के सदस्यों ने उसको छुड़ाने के मकसद से वाहन पर सुतली बम से हमला कर दिया। गैंगस्टर अमन साहू को मुठभेड़ में मार गिराने वाली टीम को इंस्पेक्टर प्रमोद सिंह लीड कर रहे थे।

जिसमें वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान अमन साहू ने एटीएस जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने का प्रयास किया। उसकों सरेंडर करने के लिए कहने पर अमन साहू ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें एटीएस के हवलदार राकेश कुमार के जांघ में गोली लग गई। जिसमें वह घायल हो गए।

उसके बाद जवाबी फायरिंग में अमन साहू मारा गया। घटनास्थल से पुलिस ने दो जिंदा सुतली बम बरामद किया। घटना के बाद उसके सहयोगी भाग निकले। घायल हवलदार को मेदिनीराय मेडिकल कालेज अस्पताल भेजा गया है, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। गढ़वा से एफएसल की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।



उसके बाद एफएसल की टीम घटनास्थल पर जांच करेगी। उसके बाद उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा।

बताते चले कि गैंगस्टर अमन साहू पिछले तीन महीने से रायपुर के जेल में बंद था। रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने अमन साहू को रांची लाया जा रहा था। इस दौरान यह हादसा हुआ।

बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव में अमन साहू की ओर से बड़कागांव से चुनाव मैदान में उतरने के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया था और हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल कर सजा पर रोक लगाने की मांग की गई थी। बता दें कि आर्म्स एक्ट के केस में रामगढ़ की निचली कोर्ट ने अमन साहू को मई 2018 में छह साल की सजा सुनाई थी। इस मामले में रामगढ़ के पतरातू थाना में प्राथमिकी की गई थी।

# टिकट न मिलने पर रेल यात्रियों ने काटा बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** रेलवे स्टेशन में सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे के करीब उस समय यात्री परेशान हो गए जब स्टेशन के जनरल टिकट काउंटर में क्लर्क ही मौजूद नहीं था। यही नहीं एटीवीएम में भी कोई कर्मचारी नजर नहीं आया। ऐसे में यात्रियों को जनरल टिकट मिलना मुश्किल हो गया था। इसी दौरान ट्रेनों के चक्रधरपुर स्टेशन में आगमन का भी समय हो चुका था।

यात्रियों के पूछने पर पता चला की जनरल टिकट काउंटर के क्लर्क नाश्ता करने गए है। इधर टिकट नहीं मिलने से रेल यात्रियों का भी सब्र का बांध टूट गया।

रेल यात्रियों ने चक्रधरपुर स्टेशन में टिकट नहीं मिलने पर जमकर हंगामा मचाया। यात्रियों का कहना था कि वे ट्रेन में टिकट लेकर सफर करना चाहते है। लेकिन रेलवे की व्यवस्था इतनी खराब है की काउंटर में उन्हें टिकट देने वाला भी मौजूद नहीं है।

ऊपर से एटीवीएम के कर्मी भी नहीं है। ट्रेन में सफर के लिए रेल टिकट नहीं मिलने से परेशान यात्रियों ने जनरल टिकट काउंटर में खाली पड़ी कुर्सियों की वीडियो भी बना डाली और पत्रकारों को भेजना शुरू कर दिया।

काफी हंगामा होने के बाद रिजर्वेशन काउंटर से एक रेलकर्मी जनरल टिकट काउंटर पहुंचा और रेल यात्रियों को टिकट देना शुरू किया। रेल यात्रियों का आरोप है कि जनरल टिकट काउंटर में क्लर्क मनमाने ढंग से काम करते है। इसके कारण उन्हें टिकट नहीं मिलता है।

लोगों ने बताया की इसकी एक वजह यह भी है की चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन में राउरकेला से जिस सीआइ पीके मंडल का ट्रांसफर हुआ है। उसने अब तक चक्रधरपुर में योगदान नहीं दिया है।

पीके मंडल के चक्रधरपुर में योगदान नहीं देने से टिकट काउंटर में अव्यवस्था का माहौल है। रेल यात्रियों ने लापरवाही बरतने वाले रेल कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सारंडा मेमू सहित कई मेमू ट्रेनों का परिचालनन शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** दो महीनों के बाद एक बार फिर से चक्रधरपुर रेल मंडल में चलने वाली चक्रधरपुर - राउरकेला - चक्रधरपुर सारंडा मेमू सहित आठ मेमू ट्रेनों का परिचालन 11 और 12 मार्च से शुरू होगा। रेलवे ने इस संबंध में अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है।

मेमू ट्रेनों के चलने से मंडल के दैनिक यात्रियों को इसका लाभ मिलेगी। मालूम रहे कि रेल प्रशासन ने चक्रधरपुर रेल मंडल से आठ मेमू ट्रेनों की रैक को 10 जनवरी से ही प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए भेजा था।

मेमू ट्रेनों की रैक को रेल प्रशासन कुंभ स्पेशल ट्रेन के रूप में चला रही थी। कुंभ मेला के संपन्न हो जाने के बाद आठ मेमू ट्रेनों की रैक चक्रधरपुर रेलमंडल पहुंच चुकी है। इस लिए रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल में दो महीनों से निरस्त आठ मेमू ट्रेन की सेवा को फिर से बहाल कर रही है।

# कांग्रेस के स्लीपर सेल भाजपा को पहुंचा रहे फायदा

## सभी कांग्रेसी को सीधे जनता से जुड़ने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू ने दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में कांग्रेस के स्लीपर सेल भाजपा को मदद पहुंचा रहे हैं। इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड भ्रमण के क्रम में उन्हें यह पुख्ता फीडबैक मिला है कि यहां बड़ी संख्या में कांग्रेसी भाजपा के मददगार बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को शीघ्र चिह्नित कर उनके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि वह अब तक 18 जिलों का भ्रमण कर चुके हैं और इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर तमाम परिस्थितियों से अवगत हो रहे हैं। इस दौरान कांग्रेसियों के भाजपा में घुसपैठ की शिकायतें हर जगह मिली है।

इसी क्रम में के. राजू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा का कांग्रेस मुक्त भारत का सपना कभी साकार नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान उन्होंने कांग्रेस को कमजोर करने के लिए हो रही तमाम साजिशों को विफल करने के लिए कार्यकर्ताओं को सजग रहने को कहा है।

के. राजू ने गुजरात में दिए गए पार्टी नेता राहुल गांधी के बयान की चर्चा करते हुए कहा कि कमोबेश ऐसी स्थिति पूरी देश में है और झारखंड भी इसकी जद में है।

एक सवाल के जवाब में कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि झारखंड में परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस के आला नेता गंभीरता से मंथन कर अपना स्टैंड लेंगे। उन्होंने कहा कि यह मसला सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश का है।कांग्रेस पार्टी तमाम पहलुओं को ध्यान में रखकर ही परिसीमन के मुद्दे पर अपना स्टैंड क्लियर करेगी।

इस सवाल पर कि झामुमो ने झारखंड में लोकसभा सीटों के परिसीमन का विरोध करने का निर्णय लिया है तो इस परिस्थिति में कांग्रेस क्या झामुमो के साथ खड़ा होगी के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आलाकमान ऐसे मुद्दों पर अपनी रणनीति तय करेगा।

वहीं, झारखंड में बोर्ड-निगमों के गठन के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस पर पैनी निगाह है। उन्होंने कहा कि बोर्ड-निगम की हिस्सेदारी को लेकर कांग्रेस गंभीरता से काम कर रही है।

समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की जा रही है। सूची तैयार होने के बाद इस पर अंतिम मुहर आपस में समन्वय बनाकर तमाम प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

झारखंड में तेजी से बढ़ रही आपराधिक घटनाएं, हिंसा, हत्या और दुष्कर्म की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर के. राजू ने कहा कि कांग्रेस विधि-व्यवस्था को दुरुस्त रखे जाने को लेकर गंभीर है।

हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या और दुमका के काठीकुंड में आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म के हत्या मामले में पूछे जाने पर मौके पर मौजूद राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हेमंत सरकार विधि-व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर तत्पर है।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण को लेकर त्वरित कार्रवाई हो रही है। आने वाले दिनों में झारखंड में अपराध पूरी तरह से नियंत्रण में रहेगा।

के. राजू ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को निर्देश दिया गया है कि वह जनता की समस्याओं का निदान करें। जनता के बीच उनसे जुड़कर रहें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उद्देश्य महज चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है।

महिला, युवा, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़ा और आदिवासियों का सर्वांगीण विकास कांग्रेस की प्राथमिकता में है। के. राजू ने कहा कि झारखंड में महिला नेताओं को मजबूत किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (नोटिस)/ 649(47) दिनांक 10.03.2025। निविदा सूचना सं. ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (नोटिस)/649** के लिए खुली ई-निविदा, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य/कार्यों के लिए आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्या: सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3413; कार्य का नाम:** 1) अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कटवा जंक्शन पर अग्रभाग और बरामदे के विकास तथा बुकिंग कार्यालय, शौचालय और प्रतीक्षा हॉल के विकास के साथ मुख्य प्रवेश स्टेशन भवन के भूतल का विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। 2) डीईएन/3/हावड़ा के खंड में अमृत स्टेशन योजना के तहत नवद्वीप धाम स्टेशन पर अग्रभाग और बरामदे के विकास और बुकिंग कार्यालय, शौचालय और प्रतीक्षा हॉल के आंतरिक विकास के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य। 3) डीईएन/3/हावड़ा के खंड में अमृत स्टेशन योजना के तहत अजीमगंज जंक्शन स्टेशन पर अग्रभाग, बरामदे के विकास, बुकिंग कार्यालय, मौजूदा भवन के प्रतीक्षा हॉल, नए शौचालय और दूसरे प्रवेश भवन, प्रतीक्षा हॉल और शौचालय के आंतरिक विकास के साथ भूतल के दूसरे प्रवेश स्टेशन भवन को पूरा करने के लिए विद्युत सामान्य कार्य, 4) डीईएन/3/हावड़ा के खंड में अमृत स्टेशन योजना के तहत खगड़ाघाट मोड़ स्टेशन पर मौजूदा भवन और बरामदे के अग्रभाग का विकास, शौचालय परिसर का पूरा होना, बुकिंग कार्यालय का आंतरिक विकास, मौजूदा भवन का प्रतीक्षा हॉल, और परिसंचारी क्षेत्र और पार्किंग क्षेत्र विकास के साथ आंतरिक कार्य; **निविदा मूल्य (रु.):** 1,67,70,387.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि (रु.):** 2,33,900.00; **कार्य पूरा होने की अवधि:** 270 दिन; **बंद होने की तिथि और समय:** 31.03.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रित करने वाली सूचना में उल्लिखित बंद होने की तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा बंद होने की तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदाएं ऑनलाइन बंद होने की तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

(HWH-662/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने वाले को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के रांची में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने नक्सली हथियार और गोला-बारूद जब्ती मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में फरार आरोपी मंटू शर्मा को सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है।

मंटू शर्मा बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। विशेष अदालत ने मंटू शर्मा को मामले में विभिन्न आरोपों में दोषी पाया।

दरअसल, झारखंड पुलिस ने अगस्त 2012 में इनपुट के आधार पर सिलोदर जंगली क्षेत्र में छापामारी की थी। तब पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन सीपीआई (माओवादी) के पास से यूएसए निर्मित एम-16 राइफल, 14 जिंदा राउंड, 02 मोबाइल फोन और एक बुलेट प्रूफ जैकेट जब्त की गई।

मालाकार से पूछताछ के बाद एक अन्य आरोपी अनिल कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से एक 9 एमएम की पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस, 9 लाख रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद हुए थे। भाकपा (माओवादी) का जोनल कमांडर यादव मालाकार से हथियार खरीदने जा रहा था, तभी उसे पकड़ लिया गया था।

दिसंबर 2012 में इस केस को एनआईए ने अपने हाथ में ले लिया। 2014 से 2017 के बीच तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए गए थे।



इसके बाद दिसंबर 2024 में एनआईए की विशेष अदालत ने मालाकार और यादव को दोषी करार देते हुए 15 साल की कठोर सजा सुनाई थी।

वहीं, सोमवार को विशेष अदालत ने मंटू के खिलाफ कठोर कारावास और जुमार्ने की कई सजाएं सुनाईं, जो अभी भी फरार है।

उधर, एनआईए ने बताया कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी। एनआईए की जांच के अनुसार, मंटू शर्मा सीपीआई (माओवादी) के सदस्यों को अवैध हथियार और गोला-बारूद बेचने में शामिल था।

मंटू शर्मा, मालाकार और यादव एक दूसरे के करीबी संपर्क में थे। एजेंसी ने कहा कि एनआईए मंटू को पकड़ने की लगातार कोशिश कर रही है।

## भाजपा विधायक पर सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि भाजपा विधायक सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने विधायक से अपने कथन का सबूत सदन में रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि सदन के सबसे वरीय सदस्य है। यह रुपया मंत्री क्या होता है। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने बीच-बचाव करते हुए मामले को शांत कराया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिस अधिकारी के बारे में कहा जा रहा है उसके बार में सरकार को जान लेना चाहिए।

पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार जब हजारीबाग के उपायुक्त थे तो उन्होंने एनटीपीसी के अधिकारी के साथ मारपीट की। मानवाधिकार आयोग ने उनपर 25 हजार रुपये जुमार्ना लगाया था।

उन्होंने दंड जमा किया या नहीं यह सरकार को बताना चाहिए। सत्ता पक्ष के सदस्य ऐसे बचाव कर रहे हैं जैसे वह बहुत ईमानदार अधिकार हैं। विधायक राजेश कच्छप ने रुपया मंत्री कहने जाने को सदन की कार्रवाई से हटाने की मांग की।

# नोकझोंक के साथ कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, पथ निर्माण विभाग और परिवहन विभाग का बजट स्वीकृत हो गया। भाजपा विधायक आलोक चौरसिया की ओर से बजट में कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया।

चर्चा के दौरान वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को रुपया मंत्री कहे जाने पर हंगामा शुरू हो गया। स्पीकर ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की लेकिन भाजपा के सभी विधायक सदन से बाहर चले गए।

सदन में गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बिना पैसे को कोई काम नहीं होता है। सभी काम की दर निर्धारित है। एलपीसी (लैंड पजेशन सर्टिफिकेट) लेने के लिए भी पैसे देने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण विभाग कमाऊ विभाग है। यह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।

उन्होंने विभागीय सचिव पर संवेदकों के साथ मिलकर घोटाला करने का आरोप लगाया। इसके बाद सत्ता पक्ष के मंत्री इरफान अंसारी सहित अन्य सदस्यों ने इसपर आपत्ति जताई।

उनका कहना था कि बिना किसी सबूत के किसी अधिकारी पर आरोप लगाना उचित नहीं है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विभागीय सचिव का टेंडर कमेटी से कोई लेना देना नहीं है। इसके बाद सत्येंद्रनाथ तिवारी ने बोलते हुए कहा कि रुपया मंत्री यानी वित्त मंत्री हैं आप। इसपर सत्ता पक्ष की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह सहित अन्य सत्ता पक्ष के सदस्य हंगामा करने लगे।

## कई मामलों के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रनिया।** रनिया थाना की पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के सक्रिय नक्सली महावीर गोप को गिरफ्तार लिया। जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। महावीर गोप के खिलाफ पहले से ही जरियागढ़, कामडारा और कर्रा थाने में हत्या, आर्म्स एक्ट, नक्सली गतिविधि सहित अन्य संगीन मामलों को लेकर पांच मामले दर्ज हैं।

इस संबंध में पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि शाम लगभग पांच बजे बजे रनिया थाना प्रभारी द्वारा विभाग के बड़े अधिकारियों को सूचना दी गई कि जिस संदिग्ध व्यक्ति को रनिया थाना की पुलिस द्वारा पकड़ा गया।

# सहायक प्राध्यापक के 2416 पदों पर बहाली के लिए अधियाचना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य के विभिन्न कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर होने वाली नियुक्ति में पूर्व से अंगीभूत कॉलेजों में कार्य कर रहे आवश्यकता आधारित शिक्षकों को वेटेज दिया जाएगा। यह वेटेज उनकी सेवा अवधि के आधार पर दिया जाएगा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार को विधानसभा में इसकी घोषणा की।

उन्होंने होने वाली स्थायी नियुक्ति में अनुबंध पर कार्य कर रहे आवश्यकता आधारित शिक्षकों को अधिकतम आयु सीमा में छूट देने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि अधिक आयु होने के कारण वे नियुक्ति से वंचित न हो, इऐ लेकर उनके लिए अधिकतम आयु सीमा को क्षांत किया जाएगा। राज्य के विभिन्न अंगीभूत कॉलेजों में लगभग 700 शिक्षक कार्यरत हैं, जिन्हें यह लाभ मिलेगा। मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि कॉलेजों में सहायक प्राध्यापकों के 2,416 पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना झारखंड लोक सेवा आयोग को भेजी गई है।

## आरक्षण रोस्टर का किया गया अनुपालन

इससे पहले, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने अंगीभूत कॉलेजों में आठ वर्षों से कार्य कर रहे आवश्यकता आधारित शिक्षकों को स्थायीकरण की मांग अपने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से उठाई।

उन्होंने कहा कि ये शिक्षक सभी आवश्यक अर्हता पूरी करते हैं तथा इनकी अनुबंध पर नियुक्ति पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए की गई है। यहां तक कि आरक्षण रोस्टर का भी अनुपालन किया गया है। इसके जवाब में ही मंत्री ने उक्त घोषणा की।

मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति है कि राज्य में कोई भी नियुक्ति प्रतियोगिता के आधार पर हो, ताकि योग्य व्यक्ति की नियुक्ति हो सकी। इसपर प्रदीप यादव ने सवाल उठाया कि क्या राज्य सरकार ने बिना योग्य व्यक्ति को ही आवश्यकता आधारित शिक्षकों के पदों पर नियुक्त कर लिया था?

प्रदीप यादव ने यह भी कहा कि नियुक्ति की अधियाचना जेपीएससी को भेजी जा चुकी है। ऐसे में बाद में वेटेज और आयु सीमा में छूट का प्रविधान किया जाएगा तो मामला कोर्ट में जा सकता है। इसपर मंत्री ने आश्वासन दिया कि जेपीएससी द्वारा विज्ञापन जारी किए जाने से पहले ही नियमावली में इसका प्रविधान कर लिया जाएगा।

स्थायीकरण पर जोर देते हुए प्रदीप यादव ने यह भी कहा कि राज्य सरकार आवश्यकता आधारित शिक्षकों के हित में 75 प्रतिशत काम कर रही है तो शेष 25 प्रतिशत भी काम कर दे। उन्होंने विधायक दल के नेता के सुझाव के आलोक में प्रयास करने का आश्वासन दिया।

# होली की तैयारी में जुटे लोग

**देवघर।** हालांकि होली में अब कुछ ही दिन शेष रह गये हैं। होली की तैयारी को लेकर देवघर के पुजारियों में जबरदस्त उमंग देखा जा सकता है। इसकी तैयारी में देवघर के लोग पूरे उमंग के साथ लगे दिख रहे हैं। यह परंपराओं का शहर है। यहां सालों भर धार्मिक अनुष्ठान एवं पर्व त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। 12 ज्योतिलिंगों में एकमात्र ऐसी ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ का मंदिर है जहां पर हरी और हर का मिलन होता है। मान्यता है कि होलिका दहन के बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में हरी और हर का मिलन हुआ था। हरि का मतलब है भगवान विष्णु, हर का मतलब है बाबा बैद्यनाथ। ये मिलन होली के मौके पर कराया जाता है। इस परंपरा की शुरूआत रावण के द्वारा आत्म लिंग को लंका ले जाने से जुड़ी हुई है।

**आद्रा मंडल में 'एक स्टेशन-एक उत्पाद' योजना के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा द्वारा सीलबंद लिफाफों में इच्छुक पार्टियों से निम्नलिखित कार्य के लिए 'अभिरुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित की जाती है: **क्रमांक:** 1; **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में **बिष्णुपुर-प्लेटफार्म-2 और 3 (स्टॉल), बोवाईचण्डी, इंद्रबिल, अनारा, बाराभूम, गड़बेता** स्टेशनों पर 'एक स्टेशन-एक उत्पाद योजना' का संचालन; **कार्य का स्थान:** लागू स्टेशन; **अनुबंध की अवधि:** एक अवधि में 15 दिन (रोस्टरवार और प्राथमिकतावार)। दस्तावेजों के साथ भरे हुए आवेदनों को जमा करने की अंतिम तिथि **22.03.2025** को दोपहर 13:00 बजे तक है। **22.03.2025** को दोपहर 13.00 बजे तक संबंधित स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय में रखे ड्रॉप बॉक्स में जमा करें। उक्त बॉक्स **22.03.2025** को **15.00** बजे खोला जाएगा।

(PR -1220) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं. सी5/पे एंड यूज/ई-नीलामी/2025** **दिनांक: 10.03.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301, आईआरईपीएस पोर्टल के माध्यम से खुली ई-नीलामी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अनुबंध प्रदान करने के लिए आमंत्रित करता है। जिसका विवरण इस प्रकार है: **नीलामी की श्रेणी:** भुगतान एवं उपयोग शौचालय (सामान्य); **ई-नीलामी कैटलॉग संख्या:** सी5-एएसएन-पीएनयू-1025 क्रम संख्या 1 और 2 के लिए; **नीलामी प्रारंभ होने की तिथि:** 24.03.2025 को 12.00 बजे, क्रम संख्या 1 और 2 के लिए; **क्र.सं. 1. स्टेशन/स्थान का नाम:** सीतारामपुर स्टेशन का द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 हावड़ा छोर पर, प्लेटफॉर्म संख्या 4 और 5 हावड़ा छोर पर और परिसंचारी क्षेत्र। **क्र.सं. 2. स्टेशन/स्थान का नाम:** बराकर स्टेशन के परिसंचारी क्षेत्र में कालका और हावड़ा छोर पर प्लेटफॉर्म संख्या 1 और 2 और शौचालय परिसर। **क्र.सं. 3; ई-नीलामी कैटलॉग संख्या: सी5-एएसएन-पीएनयू-सीआरजे; नीलामी प्रारंभ होने की तिथि:** 26.03.2025 को 12:00 बजे; **स्टेशन/स्थान का नाम:** चित्तरंजन स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर भुगतान एवं उपयोग शौचालय परिसर। सभी संभावित बोलीदाताओं को पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाने और कार्यक्रम के अनुसार उपरोक्त उल्लिखित ई-नीलामी में भाग लेने की सलाह दी जाती है। (ASN-372/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

हमे अनुसरण करे : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज आईपीएल 2025 के पहले हाफ से बाहर!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से पहले बड़ा झटका लगा है। लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव पीठ की चोट के कारण आईपीएल के पहले हाफ से बाहर हो गए हैं। मयंक इस समय बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं। मयंक को पिछले साल अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में चोट लगी थी। लखनऊ ने नवंबर में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले मयंक को 11 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। लखनऊ ऋषभ पंत की कप्तानी में 24 मार्च को विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। रिपोर्ट के अनुसार, मयंक कमर की चोट से उबर रहे हैं और उन्होंने अभी-अभी गेंदबाजी शुरू की है। बीसीसीआई ने मयंक की वापसी के लिए अभी कोई निश्चित तारीख तय नहीं की है, लेकिन अगर वह अपने गेंदबाजी कार्यभार को बढ़ाने के साथ-साथ सभी फिटनेस मापदंडों को पूरा करते हैं, तो वह आईपीएल के दूसरे हाफ में खेल सकते हैं। पिछले सीजन के दौरान मयंक ने लगातार 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की, जिससे उन्हें अपने पहले दो मैचों में लगातार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने में मदद मिली। साइड स्ट्रेन के कारण पिछले सीजन में मयंक ने चार मैच ही खेले थे। रिकवरी के दौरान उन्हें फिर चोट लग गई। बांग्लादेश के खिलाफ टी20आई में मैदान पर लौटने के बाद उन्हें फिर चोट का सामना करना पड़ा। फ्रेंचाइजी के मेंटर जहीर खान ने कहा, एनसीए के साथ उनकी रिकवरी और फिटनेस के रोडमैप के बारे में हमारी कुछ दिलचस्प बातचीत हुई है, इसलिए हम उनके साथ काम कर रहे हैं। हमें उनके समर्थन की भी उम्मीद है, वे वास्तव में एक युवा खिलाड़ी की देखभाल करने के दर्शन को अपनाएंगे क्योंकि वह न केवल एलएसजी के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि वह भारतीय क्रिकेट के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ खास अंदाज में मनाने की तैयारी, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड ने बनाया प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया** और इंग्लैंड 2027 में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए विशेष इंतजाम कर रहा है। टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में डे नाइट टेस्ट की तैयारी हो रही है। इतिहास का पहला टेस्ट 1877 में हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच शताब्दी टेस्ट 100 साल बाद हुआ। दोनों टेस्ट मेजबान टीम ने 45-45 रन से जीते हैं। 150वीं वर्षगांठ का मैच ऑस्ट्रेलिया की गर्मियों की छुट्टियों के अलावा 11-15 मार्च को आयोजित किया जाएगा और यह 100,000 की क्षमता वाले मैदान पर डे-नाइट के रूप में खेला जाने वाला पहला पुरुष टेस्ट होगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पिछले महीने की शुरुआत में इस मैदान पर सफल महिला एशेज पिंक बॉल क्लैश के बाद पहली बार पुरुषों के डे-नाइट टेस्ट की मेजबानी करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के नवनियुक्त प्रमुख टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, एमसीजी में 150वीं वर्षगांठ का टेस्ट क्रिकेट के सबसे शानदार आयोजनों में से एक होगा। डे नाइट में खेलना हमारे खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा। उन्होंने कहा, इस सीजन की एशेज सीरीज ठीक दो साल बाद होने वाले इस मुकाबले के लिए उत्सुकता बढ़ाएगी और हम इस ऐतिहासिक अवसर का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि यह नजदीक आ रहा है। ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड में 5 टेस्ट मैचों का दौरा इस साल नवंबर में शुरू होगा।

# भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है: रोहित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी टीम के अजेय प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य सुरक्षित हाथों में है जिसमें कई युवा प्रतिभाएं हैं जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आवश्यक भूख, जुनून और प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अभियान में शुभमन गिल (पांच मैचों में एक शतक के साथ 188 रन), श्रेयस अय्यर (पांच मैचों में दो अर्द्धशतक के साथ 243 रन), अक्षर पटेल (पांच मैचों में पांच विकेट के साथ 109 रन), हार्दिक पांड्या (चार मैचों में 99 रन और चार विकेट), केएल राहुल (पांच मैचों में 140.00 की औसत से 140 रन), वरुण चक्रवर्ती (नौ विकेट) जैसे कई वर्तमान और भविष्य के सितारे शामिल हैं जिन्होंने टीम की लगातार दूसरी बार व्हाइट-बॉल खिताबी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोहित ने कहा कि जिस तरह से उनकी भारतीय टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपराजित रहने का रिकॉर्ड बनाया है, वह उनके जुनून और प्रतिबद्धता का संकेत है - और यह भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस बात से सहमत हैं कि टीम अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट पर अपना दबदबा बना सकती है, रोहित ने बताया कि युवा प्रतिभाओं की प्रगति का समर्थन करने के लिए किस तरह से टीम तैयार की गई है। आईसीसी के हवाले से उन्होंने कहा, यही मुख्य बात है। आप खेलते समय अपनी बेंच स्ट्रेंथ बनाना चाहते हैं। पिछले चार या पांच सालों में जब भी हमें मौका मिला, हमने हमेशा इन सभी खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश की है। उन्होंने इसका फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी खेल के सभी प्रारूपों में चमक रहे हैं, जिससे चयन को लेकर काफी बहस हो रही है। उन्होंने कहा, जब आप इस बारे में चर्चा करते हैं कि किस खिलाड़ी को चुनना है, किसे बाहर करना है, कौन 11 में जगह नहीं बना पाएगा, तो इससे आपको पता चलता है कि इस टीम में कितनी गहराई है। सफेद गेंद के मोर्चे पर टीम अगले दो वर्षों में दो वैश्विक आयोजनों की उम्मीद कर रही है, जिसमें 2026 की शुरुआत में घरेलू धरती पर टी20 विश्व कप (और श्रीलंका की सह-मेजबानी में) और 2027 में क्रिकेट विश्व कप शामिल है। रोहित को उम्मीद है कि कम से कम इस स्तर पर वे दोनों टीमों का हिस्सा होंगे, लेकिन उनका मानना है कि टीम के लिए एक मजबूत टीम के रूप में आगे बढ़ने के लिए मंच तैयार हो चुका है।

उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि भविष्य के लिए भारतीय क्रिकेट बहुत ही सुरक्षित हाथों में है, यह देखते हुए कि खिलाड़ी कैसे आगे बढ़ रहे हैं, वे उस जिम्मेदारी को कैसे लेना चाहते हैं, उनमें कितनी भूख है। जुनून, प्रतिभा, यह सब वहां है। अब बस वहां जाकर इसे करने की बात है।

## आईसीसी ने दिया जवाब, क्यों चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के बाद मंच पर नहीं था कोई पीसीबी अधिकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी का समापन हो गया है. फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया और ट्रॉफी लेकर अपने वतन वापस भी लौट आई है. लेकिन फाइनल के बाद हुए पुरुस्कार वितरण समारोह को लेकर हंगामा अभी भी मचा हुआ है. दरअसल स्टेज पर पीसीबी का कोई अधिकारी नहीं दिखा था, इसको लेकर पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर्स और लोग सवाल उठा रहे थे. अब इस पर आईसीसी का जवाब आया है. टीम इंडिया के फाइनल मैच जीतने के आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह समेत 4 अधिकारी स्टेज पर मौजूद थे. इसमें बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव देवजीत सैकिया के साथ न्यूजीलैंड निदेशक रॉजर ट्वोज उपस्थित थे.



ऐसा देखने के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स और कुछ लोगों द्वारा सबसे पहले सवाल उठाया गया कि मेजबान होने के बाद भी उनके बोर्ड ( पीसीबी) का अधिकारी स्टेज पर मौजूद क्यों नहीं था. उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया. आईसीसी के स्पोकपर्सन ने जियो टीवी से बात करते हुए बताया कि आईसीसी ने पीसीबी चीफ मोहसिन नक़वी को अवार्ड वितरण समारोह के लिए मंच पर बुलाने का इंतजाम किया था लेकिन वह नहीं पहुंचे. नियम के मुताबिक आईसीसी केवल मेजबान बोर्ड के प्रमुख को इसके लिए बुला सकती है. जैसे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, चेयरमैन या सीईओ. अन्य बोर्ड अधिकारी, चाहे वे आयोजन स्थल पर मौजूद हों, लेकिन वे मंच की कार्यवाही का हिस्सा नहीं हो सकते हैं.

## चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईसीसी रैंकिंग में भारतीयों को बंपर फायदा, विराट-अय्यर चमके

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने नई रैंकिंग जारी की है. फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर इतिहास रचा था. फाइनल में कप्तान रोहित ने 76 रनों की पारी खेली थी, लेकिन बल्लेबाजी रैंकिंग में उन्हें नुकसान हुआ है. दूसरी ओर विराट कोहली ने पूरे टूर्नामेंट में 218 रन बनाए, जिसका उन्हें फायदा मिला है. यहां जानिए चैंपियंस ट्रॉफी के बाद टीमों की रैंकिंग और बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी रैंकिंग में कितना बदलाव हुआ है?

### भारत टॉप पर विराजमान

भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भी आईसीसी रैंकिंग में पहले स्थान पर थी. उसके अब भी 122 ही अंक हैं और टीम इंडिया ने पहले स्थान को बरकरार रखा है. वनडे टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के 110 अंक हैं, उससे भारत बहुत आगे है. वहीं पाकिस्तान अब भी तीसरे स्थान पर कायम है, जिसके 106 अंक हैं. चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमशः न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका विराजमान हैं.




### रोहित को नुकसान

वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा हुआ है. उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कुल 218 रन बनाए, जिससे वो अब एक स्थान के फायदे के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं. रोहित शर्मा को दो स्थान का नुकसान हुआ है और वो अब 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं. रोहित इस टूर्नामेंट में 180 रन ही बना पाए. अच्छी बात यह है कि शुभमन गिल अब भी आईसीसी में दुनिया के टॉप बल्लेबाज बने हुए हैं. श्रेयस अय्यर भी एक स्थान के फायदे के साथ अब 8वें नंबर पर आ गए हैं.

### टॉप-10 गेंदबाजों में सिर्फ एक भारतीय

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती ने घातक गेंदबाजी की और दोनों ने कुल मिलाकर 18 विकेट चटकाए. वनडे के टॉप-10 गेंदबाजों में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी मौजूद है. कुलदीप यादव को तीन स्थान का नुकसान हुआ है, जिससे वो छठे पायदान पर आ गए हैं. मोहम्मद शमी को तीन स्थान का फायदा हुआ और अब 11वें नंबर पर आ गए हैं. वरुण चक्रवर्ती ने सबसे लंबी छलांग लगाई है. वो 143 स्थान की छलांग लगाकर वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग के टॉप-100 में शामिल हो गए हैं.

## रोनाल्डो ने अल नासर को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया



**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने ईरान के एस्टेघलाल को 3-0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3ङ्क0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया। अल नासर की तरफ से उनके अलावा झोन डुरान ने दो गोल किए। इस बीच दो बार के चैंपियन कतर के अल साद ने संयुक्त अरब अमीरात के अल वास्ल को 4-2 की कुल योग से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## पाकिस्तान के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड टीम को पाकिस्तान के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है और इसके लिए कीवी टीम का ऐलान कर दिया गया है। इस घरेलू सीरीज के लिए पहली बार स्टार आलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को न्यूजीलैंड टीम की कप्तानी सौंपी गई है। हालांकि ब्रेसवेल इससे पहले पाकिस्तान में कीवी टीम के लिए कप्तानी कर चुके हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए जिस टीम का चयन किया गया है उसमें सिर्फ 7 ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लिया था। ऐसे कई प्लेयर्स जो आईपीएल 2025 में खेलेंगे वो इस सीरीज का हिस्सा नहीं बनाए गए हैं। व्हाइट बॉल टीम के नियमित कप्तान मिचेल सैंटनर के साथ डेवोन कॉनवे, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, बेवॉन जैकब्स और लॉकी फर्ग्यूसन का आईपीएल 2025 की वजह से टीम में चयन नहीं किया गया। पाकिस्तान के खिलाफ स्पिनर ईश सोढ़ी की टीम में वापसी हुई हुई जबकि तेज गेंदबाज बेन सियर्स भी चोट से उबरकर वापसी करने में सफल रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ इस सीरीज के लिए केन विलियमसन भी टीम का हिस्सा नहीं हैं। इस टीम में 4 खिलाड़ी ऐसे हैं जो सिर्फ कुछ मैचों के लिए उपलब्ध होंगे।



टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम

माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फाउलकेस (केवल गेम 4 और 5), मिच हे, मैट हेनरी (केवल गेम 4 और 5), काइल जैमीसन (केवल गेम 1, 2 और 3), डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, विल ओ'रुरके (केवल गेम 1, 2 और 3), टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

# बचपन से ही मेरा एक ही सपना था कि मैं भारत के लिए खेलूं: ऋषभ पंत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद, भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने खुलासा किया कि बचपन से ही उनका एक ही सपना था कि वे भारत के लिए खेलें, जो कड़ी मेहनत और लगन के बाद 2017 में साकार हुआ। भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे पंत को टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला, क्योंकि केएल राहुल को उनसे आगे चुना गया था। हालांकि, पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन में अपनी नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की अगुआई करने के लिए तैयार हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी में उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिकॉर्ड तोड़ 27 करोड़ रुपये में खरीदा था।



पंत ने जियो हॉटस्टार पर कहा, बचपन से ही मेरा एक ही सपना था - भारत के लिए खेलना। मैंने कभी आईपीएल में खेलने के बारे में सोचा भी नहीं था। मुझे लगता है कि आज लोग आईपीएल पर ज़्यादा ध्यान देते हैं। बेशक, यह एक बेहतरीन प्लेटफ़ॉर्म है, लेकिन मेरा मानना ??है कि अगर आपका लक्ष्य अपने देश के लिए खेलना है, तो बाकी सब कुछ - जिसमें आईपीएल भी शामिल है - आखिरकार अपने आप ठीक हो जाएगा। अगर आपकी सोच बड़ी है, तो सफलता आपके पीछे-पीछे आएगी। मुझे हमेशा से लगता था कि मैं एक दिन भारत के लिए खेलूंगा और भगवान ने मेरी मेहरबानी की। 18 साल की उम्र में मुझे डेब्यू करने का मौका मिला और मैं इसके लिए आभारी हूं।

पंत अपने पावर-हिटिंग कौशल के अलावा अपने अपरंपरागत शॉट-मेकिंग कौशल के लिए भी जाने जाते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि यह उन्हें स्वाभाविक रूप से आता है। विकेटकीपर ने कहा, पहले, बहुत से खिलाड़ी ये शॉट खेलते थे। मैंने माही भाई (एमएस धोनी) के पुराने वीडियो देखे हैं, और उन्होंने भी लैप शॉट खेला है। लेकिन प्रतिशत के हिसाब से, मुझे लगता है कि वे इसे कम खेलते थे। अब खेल बदल रहा है - फील्ड प्लेसमेंट अलग हैं, और खिलाड़ी इसे अपना रहे हैं। कुछ को लग सकता है कि यह उनके खेल के लिए जरूरी है, जबकि अन्य को नहीं। दिन के अंत में, आप खेल को कैसे पढ़ते हैं, यह निर्धारित करता है कि आप इसे कैसे खेलते हैं। कई बार अपने बल्ले के हाथ से फिसलने के पीछे के कारण पर टिप्पणी करते हुए पंत ने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा ज्यादातर इसलिए होता है क्योंकि मैं अपने निचले हाथ को बहुत हल्के से पकड़ता हूं। मैं मुख्य रूप से अपने निचले हाथ का इस्तेमाल सहारे के लिए करता हूं क्योंकि कई बार यह हावी होने लगता है। इसलिए, मैं अपने ऊपरी हाथ को मजबूती से पकड़ने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। लेकिन जब मैं ओवररीच करता हूं - खासकर जब गेंद बहुत चौड़ी या बहुत छोटी होती है - तो यह हमेशा आदर्श हिटिंग जोन में नहीं होता है। कभी-कभी, मैं जो शॉट लगाने की कोशिश करता हूं, उसकी सफलता दर केवल 30-40त्न हो सकती है, लेकिन मैच की स्थिति के आधार पर, मैं यह जोखिम उठाने को तैयार हूं। यही मेरी मानसिकता है। जब मैं वह जोखिम लेता हूं और ओवररीच करता हूं, तो मुझे संतुलन बनाए रखने के लिए कुछ करने की जरूरत होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पांडवों के इंद्रप्रस्थ की खोज के लिए दिल्ली के पुराने किले में फिर होगी खुदाई, एएसआई ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ की खोज के लिए एक बार फिर पुराने किले में खुदाई की जाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने इसकी मंजूरी दी है। आजादी के बाद यहां छठी बार खुदाई की जाएगी। खास बात यह है कि इस बार किले के अंदर अलग-अलग क्षेत्रों में खुदाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पहले से की गई खुदाई वाले क्षेत्र को दोबारा खोला जा सकता है। इसके लिए अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। ऐसे में इतिहासकारों, शोधार्थियों के साथ इतिहास में रुचि रखने वाले लोग जल्द ही एएसआई की नई खोज से रू-ब-रू हो सकते हैं। पिछली बार लगभग छह मीटर की गहराई तक खुदाई की गई थी। एएसआई अधिकारियों के मुताबिक, इस बार और गहराई तक खुदाई की जाएगी। इस उत्खनन से इंद्रप्रस्थ के प्राचीन शहर के बारे में जानकारी मिलने की उम्मीद है। पहले की खुदाई में मौर्य काल, शुंग, कुषाण, गुप्त, राजपूत काल, सल्तनत और मुगल काल के अवशेष मिल चुके हैं। हालांकि, पुरातात्विक आधार पर यह दावा किया जा सके कि पुराना किला में पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ थी, इसके अब तक कोई ठोस प्रमाण नहीं मिले हैं। ऐसे में एएसआई फिर से इंद्रप्रस्थ को खोजने के लिए कोशिश करने जा रहा है। खुदाई के दौरान परत दर परत अलग-अलग काल खंडों के साक्ष्य जुटाए जाएंगे। एएसआई की प्रवक्ता ने बताया कि पुराना किला में खुदाई का लाइसेंस दे दिया गया है। यहां जल्द ही खुदाई का काम शुरू कर दिया जाएगा। एएसआई द्वारा 1954-55 और 1969-73 के दौरान खुदाई की गई थी। इसके बाद 2013-14 और 2017-18 में भी यहां साक्ष्य ढूंढने का काम हुआ। 2023 में पांचवीं बार खुदाई हुई। पूर्व पुरातत्ववेत्ता और पद्म विभूषण बीबी लाल की इसमें अहम भूमिका मानी जाती है जिन्होंने काम शुरू कराया था।

### 7वीं बार एशिया का सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डा बना दिल्ली का आईजीआई एयरपोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई एयरपोर्ट) को लगातार 7वीं बार एशिया का सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट घोषित किया गया है। इसके लिए दिल्ली एयरपोर्ट को बेहद ही महत्वपूर्ण एएसक्यू (एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा दिया गया है जो एयरपोर्ट पर यात्रियों के अनुभव को दर्ज करने के बाद निर्णय लेता है। यह सम्मान 10 सितंबर को चीन में आयोजित समारोह में दिया जाएगा। डायल के अनुसार एएसक्यू एकमात्र ऐसा कार्यक्रम है जो हवाई अड्डे पर मौजूद यात्रियों की संतुष्टि को लेकर उनसे बातचीत करता है। दुनिया के 400 से अधिक एयरपोर्ट इस कार्यक्रम में भाग लेते हैं। यात्रियों से मिली निष्पक्ष प्रतिक्रिया पर एयरपोर्ट की रिपोर्ट तैयार की जाती है। आईजीआई एयरपोर्ट को वर्ष 2018 से लगातार एशिया प्रशांत क्षेत्र में 4 करोड़ से अधिक यात्रियों (प्रतिवर्ष) की उच्चतम श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एयरपोर्ट का खिताब हासिल हो रहा है। इस उपलब्धि पर डायल के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि यह सम्मान पाकर हमें अविश्वसनीय रूप से गर्व है। यह पुरस्कार बताता है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों के अनुभव को बेहतर करने के लिए किस तरह से प्रयास किए जा रहे हैं। डायल का यह प्रयास रहता है कि प्रत्येक यात्री बेहतरीन सुविधा के साथ सफर करे। इस उपलब्धि पर डायल को बधाई देते हुए एसीआई वर्ल्ड के महानिदेशक जस्टिन एर्बाकी ने कहा कि आज के युग में यात्रियों की अपेक्षाएं तेजी से विकसित हो रही हैं। ऐसे में ग्राहक सेवा में सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट के अधिकारियों को वह बधाई देते हैं।

# जलवायु परिवर्तन से मुश्किल में किसान, अनियमित बारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
मौसम में होने वाले बदलाव कृषि क्षेत्र के लिए लगातार चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। इन मौसमी घटनाओं से फसलों को होने वाला नुकसान भी बढ़ा है। तापमान में वृद्धि ने अनाज के विकास को सीमित कर दिया है, जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ रहे हैं। 2016 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें कहा गया था कि देश में कृषि जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। रिपोर्ट में कहा गया था कि अनिश्चित मौसम, विशेष रूप से सूखा, उत्पादन हानि और फलों की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है क्योंकि कृषि का बड़ा क्षेत्र अभी भी वर्षा पर निर्भर है। वहीं बारिश का अनियमित चक्र भी फसलों के लिए बड़ी मुश्किल बनता जा रहा है।

आईएमडी (भारतीय मौसम विभाग) के अनुसार पिछले 50 वर्षों में भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून-सितंबर) के दौरान बरसात के दिनों की संख्या घटी है, लेकिन अत्यधिक बारिश की घटनाएं बढ़ी हैं। 1970-2000 के बीच मानसून में बारिश 2.5% घटी, लेकिन 2010-2020 के दशक में असमान वितरण के कारण बाढ़ और सूखे की घटनाएं



बढ़ गईं। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे उत्तर भारतीय राज्यों में बारिश की सतत कमी देखी गई है, जिससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

महाराष्ट्र, केरल और कर्नाटक में अत्यधिक बारिश की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे बाढ़ की स्थिति बन रही है। पूर्वोत्तर भारत में कभी भारी बारिश तो कभी लंबे सूखे की स्थिति देखी जा रही है। एनएसओ (नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010-2020 के बीच हर साल औसतन 30% जिलों में बारिश का पैटर्न असामान्य रहा। 2019 में महाराष्ट्र, बिहार और असम में बाढ़ के कारण 3000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। भारतीय कृषि का 55% हिस्सा वर्षा पर निर्भर है।

मानसून में देरी से धान, गेंहू और दलहन उत्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एक ही क्षेत्र में कभी अत्यधिक वर्षा, तो कभी सूखा देखा जा रहा है, जिससे पानी की अनिश्चितता बढ़ रही है। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में 2016-2019 के बीच सूखा पड़ा, लेकिन 2021-22 में बाढ़ आई, जिससे भारी नुकसान हुआ।

लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि मंत्री ने कहा था कि स्थानीय और अस्थायी जलवायु परिवर्तनों के कारण 2050 तक 19.3 फीसदी और 2080 तक 40 फीसदी गेहूं के पैदावर में कमी होने का अनुमान है। जलवायु परिवर्तन के कारण खरीफ मक्के के भी पैदावार में 2050 तक 18 फीसदी और 2080 तक 23 फीसदी कमी आ सकती है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने देश के 573 ग्रामीण जिलों में जलवायु परिवर्तन से भारतीय कृषि पर खतरे का आकलन किया है। इस आकलन के अनुसार 2020 से 2049 तक 256 जिलों में अधिकतम तापमान 1 से 1.3 डिग्री सेल्सियस और 157 जिलों में 1.3 से 1.6 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की उम्मीद है। इससे गेहूं की खेती प्रभावित होगी। इंटरनेशनल सेंटर फॉर मेज एंड व्हीट रिसर्च के प्रोग्राम निदेशक डॉ. पीके अग्रवाल के एक अध्ययन के मुताबिक तापमान एक डिग्री बढ़ने से भारत में गेहूं का उत्पादन 4 से 5 मिलियन टन तक घट सकता है। तापमान 3 से 5 डिग्री बढ़ने पर उत्पादन में 19 से 27 मीट्रिक टन तक कमी आएगी।

वैज्ञानिकों ने अलग अलग अध्ययनों में पाया कि फसलों के लिए जरूरी बारिश के दिनों में लगातार कमी आ रही है। मौसम विभाग के जनरल मौसम में छपे एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि हर एक दशक में बारिश के दिनों में औसतन 0.23 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। अध्ययन के मुताबिक आजादी के बाद से अब तक देश में बारिश का लगभग डेढ़ दिन कम हो गया है। अध्ययन में बारिश का एक दिन का मतलब ऐसे दिन से है जिस दिन कम से कम 2.5 मिलिमीटर या उससे ज्यादा बारिश हुई हो। वैज्ञानिकों के मुताबिक पिछले एक दशक में एक्सट्रीम इवेंट्स भी काफी तेजी से बढ़े हैं।

## झमाझम बारिश से सराबोर होगा उत्तर भारत, 13 मार्च के बाद से बदल जाएगा मौसम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस वक्त पूरे देश में मौसम की विविधता देखने को मिल रही है। जहां एक ओर गुजरात के कुछ हिस्सों में लू चल रही है, तो वहीं जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी व बारिश देखने को मिल रही है।

अब मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले दिनों में उत्तर भारत का मौसम पूरी तरह से बदलने जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि 12 मार्च से देश के हिमालयी रीजन में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है।

बीते 24 घंटे में जम्मू क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश, अरुणाच प्रदेश में बर्फबारी और बारिश देखने को मिली है। इसके साथ ही अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, असम और केरल में भी जमकर बारिश हुई है। जबकि सौराष्ट्र व कच्छ के हिस्सों में हीटवेव की स्थिति बनी रही।

राजकोट में बीते 24 घंटे का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो 41.1 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 10 से 12 मार्च के बीच गुजरा, 11 और 12 मार्च को दक्षिणी पश्चिम राजस्थान, 11 से 13 मार्च को विदर्भ और 13 व 14 मार्च को ओडिशा में हीटवेव की स्थिति दिख सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, इस वक्त पश्चिमी ईरान के आस-पास पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जो आने वाले दिनों में अपना प्रभाव दिखाएगा। वहीं इसके अलावा राजस्थान, असम और हिंद महासागर में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है।

पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और अरुणाचल प्रदेश में 10 से 16 मार्च के दौरान बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में 12 से 15 मार्च तक बारिश होगी। वहीं अनुमान जताया गया है कि इस हिस्से में अगले 3 दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन फिर इसमें 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग ने 11 मार्च को तमिलनाडु में बहुत भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा केरल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय में बारिश की संभावना जताई गई है।

उत्तर भारत की बात करें, तो जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में 13 व 14 मार्च को बारिश की संभावना जताई गई है।

## कैदियों के पास मुचलका भरने के पैसे नहीं, संसद में पेश रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
संसद की एक समिति ने यह पाया है कि देशभर की जेलों में बंद 70 प्रतिशत कैदी विचाराधीन हैं और मुचलका नहीं भरने या जुर्माना राशि अदा न कर पाने के कारण उन्हें रिहा नहीं किया जा रहा है। गृह मामलों पर संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ड्रग्स का पता लगाने के लिए जेलों के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर निगरानी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यसभा में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि जेल प्रशासन ऐसे कैदियों को जेलों में रखने पर, उनकी रिहाई के लिए आवश्यक जमानत राशि से कहीं अधिक धन खर्च कर रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीब कैदियों के लिए जुर्माना राशि के भुगतान के लिए आंध्र प्रदेश जेल विभाग द्वारा की गई पहल की तर्ज पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक कोष बनाया जाना चाहिए।

समिति ने कहा कि जेलों में ड्रग्स की तस्करी की चुनौतियों से निपटने के लिए भी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। इसने कहा कि जेल कर्मियों को इस समस्या से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी की मदद लेने की आवश्यकता है। समिति ने पाया कि जेल के अंदर मोबाइल फोन आदि का इस्तेमाल कैदियों द्वारा जेल के बाहर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जाता है। कैदियों के पास मोबाइल फोन होने से जेल के अंदर गिरोहों के बीच झड़पें भी हो सकती हैं।

समिति ने पाया कि जेल कर्मी कैदियों को प्रतिबंधित वस्तुएं जेल के अंदर पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। इसने सिफारिश की कि जेलों में तलाशी के मानकों को बढ़ाया जाना चाहिए।

## रेप साबित करने के लिए प्राइवेट पार्ट पर चोट जरूरी नहीं, दुष्कर्म मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट ने 40 साल पुराने दुष्कर्म मामले पर सुनवाई करते हुए एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि दोष सिद्ध करने के लिए प्राइवेट पार्ट्स पर चोट के निशानों का होना जरूरी नहीं है। अन्य सबूतों को भी आधार बनाया जा सकता है।

कोर्ट ने 1984 में बीए की छात्रा से बलात्कार के लिए एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखा। व्यक्ति को पांच साल की सजा हुई है। एक ट्यूशन टीचर पर अपनी ही छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। टीचर की ओर से दलील दी गई थी कि पीड़िता के प्राइवेट पार्ट्स पर कोई भी निशान नहीं था इसलिए दुष्कर्म साबित नहीं किया जा सकता है। उसका कहना था कि पीड़िता की मां ने उसपर गलत आरोप लगाए हैं।

कोर्ट ने आरोपी की दलीलों को किया खारिज

हालांकि, कोर्ट ने आरोपी की ओर से दी गई दलीलों को खारिज कर दिया। जस्टिस संदीप मेहता और प्रसन्ना बी वराले की पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रहे थे। जस्टिस वराले ने कहा कि जरूरी नहीं है कि रेप के हर मामले में पीड़िता के शरीर परव चोट के निशान ही पाए जाएं। कोई भी केस परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसलिए दुष्कर्म साबित करने के लिए पीड़िता के शरीर पर चोट के निशानों को जरूरी नहीं न्यायालय ने यह





भी कहा कि अभियोक्ता के बयान के अनुसार, आरोपी ने उसे जबरन बिस्तर पर धकेल दिया और उसके प्रतिरोध के बावजूद कपड़े के टुकड़े से उसका मुंह बंद कर दिया। इस प्रकार, इस पहलू पर विचार करते हुए, यह संभव है कि कोई बड़ी चोट के निशान नहीं थे। अपीलकर्ता लोक मल उर्फ लोकू ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के 22 जुलाई, 2010 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें आईपीसी की धारा 376 और 323 के तहत उसे दोषी ठहराने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा गया था। ट्रायल कोर्ट ने उसे बलात्कार के लिए पांच साल और चोट पहुंचाने के लिए छह महीने की अतिरिक्त सजा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 19 मार्च 1984 को पीड़िता ट्यूशन के लिए आरोपी के घर गई थी, जब उसने उसका यौन उत्पीड़न किया। उसने उसे धमकी भी दी कि अगर उसने शोर मचाया तो वह उसे जान से मार देगा।

## अमेरिका के मिसिसिपी में मेडिकल हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में विमान हादसों का सिलसिला जारी है। इस बार मिसिसिपी में एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया है। हादसा सोमवार को उस वक्त हुआ, जब एक मेडिकल परिवहन हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हो गया। इस दौरान हेलीकॉप्टर के एक पायलट और दो अस्पताल कर्मियों की मौत हो गई। 'यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटर' के प्रवक्ता ने विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है। यूनिवर्सिटी ने पहले दिए गए एक बयान में कहा कि मेडिसन काउंटी में जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त एयरकेयर हेलीकॉप्टर यानी चिकित्सा के कार्य में इस्तेमाल होने वाला हेलीकॉप्टर में किसी मरीज को नहीं ले जाया जा रहा था। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों लोगों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है, लेकिन अधिकारियों ने गोपनीयता के कारण नाम जारी नहीं किए। यूनिवर्सिटी ने दुर्घटना का कोई कारण नहीं बताया। टेलीविजन स्टेशन 'डब्ल्यूएपीटी' ने बताया कि संघीय विमानन प्रशासन के अधिकारी दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। मिसिसिपी के गवर्नर टेट रीव्स ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, यह दुखद घटना मिसिसिपी के चिकित्सा से जुड़े कर्मियों की ओर से उठाए जाने वाले जोखिमों की याद दिलाती है। हमारा राज्य इन नायकों के बलिदान को कभी नहीं भूलेगा।



## रमजान दौरान मुस्लिम देश में महिलाओं पर अमानवीय अत्याचार, सड़कों पर निर्वस्त्र कर दौड़ाया, रेप के बाद हत्या

**लंदन एजेंसी।** रमजान के पवित्र महीने में, जब पूरी दुनिया के मुसलमान इबादत और शांति का संदेश फैलाने में लगे हैं, सीरिया में हालात भयावह होते जा रहे हैं। नई सरकार और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष ने हजारों लोगों की जान ले ली है। चिंताजनक बात यह है कि इस संघर्ष के बीच निर्दोष महिलाओं को क्रूरतम अत्याचारों का शिकार बनाया जा रहा है। सीरिया में जारी हिंसा के बीच महिलाओं पर अत्याचारों की दिल दहला देने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय रिपोर्ट्स के अनुसार, महिलाओं और युवतियों के साथ बलात्कार की घटनाओं में वृद्धि हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार समर्थक सुन्नी मुस्लिमों द्वारा कई अल्पसंख्यक महिलाओं को क्रूर यातनाओं के बाद निर्वस्त्र कर सार्वजनिक रूप से दौड़ाया गया और फिर उनकी हत्या कर दी गई। कई इलाकों में हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पुरुषों को भी घुटनों के बल चलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस भयावह हिंसा पर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों, मौलवियों, और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। सीरिया में हिंसा का खौफनाक मंजर- महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाकर की हत्या! रमजान में भी..!! इसे तो वे पाक महीना कहते हैं!! सीरिया में नए शासनकाल में पिछले कुछ दिनों से हिंसा अनवरत जारी है।

## पेरू के पूर्व राष्ट्रपति कैस्टिलो ने जेल में शुरू की भूख हड़ताल

**लीमा, एजेंसी।** पेरू के पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो ने सोमवार को यह घोषणा की कि वह अपने खिलाफ विद्रोह के आरोपों के लिए शुरू हुए मुकदमे का विरोध करने के लिए भूख हड़ताल शुरू कर रहे हैं। अभियोजन पक्ष ने उनके लिए 34 साल की सजा की मांग की है। बता दें कि कैस्टिलो, जो 7 दिसंबर 2022 से हिरासत में हैं तब जेल भेजे गए थे जब उन्होंने एक टेलीविज़न भाषण में कांग्रेस को भंग करने और डिक्री द्वारा शासन करने का इरादा व्यक्त किया था। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि वे अपने खिलाफ किए गए अन्याय का विरोध करने के लिए भूख हड़ताल कर रहे हैं।

कैस्टिलो ने आरोप लगाया कि न्यायाधीश नोर्मा कार्बाजल ने उनके मामले में पक्षपाती रवैया अपनाया। साथ ही विद्रोह के आरोप को शारीरिक हिंसा के बिना लागू किया। 55 वर्षीय कैस्टिलो ने अपने मुकदमे को राजनीतिक व नाटक करार दिया और न्यायिक सलाह को ठुकरा दिया। साथ ही कैस्टिलो ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी विद्रोह की कोशिश नहीं की, बल्कि उन्होंने केवल एक राजनीतिक भाषण के जरिए लोगों की इच्छाओं को व्यक्त किया था। उनके खिलाफ 7 दिसंबर, 2022 को संसद को भंग करने का आरोप लगाया गया था, ताकि उन्हें सत्ता से हटाए जाने से बचा जा सके।

## पाकिस्तान की किरकिरी, राजदूत को अमेरिका में नहीं मिली एंट्री, एयरपोर्ट से वापस भेजे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
अमेरिका ने तुर्कमेनिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत को अपने देश में प्रवेश करने से रोक दिया और लॉस एंजिल्स से निर्वासित कर दिया गया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिसातनी राजदूत केके अहसान वगान निजी यात्रा पर लॉस एंजिल्स पहुंचे थे, जब अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें हवाई अड्डे पर रोक लिया. हालांकि, उनके पास वैध वीजा और सभी कानूनी यात्रा दस्तावेज मौजूद थे, फिर भी उन्हें लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट से वापस भेज दिया गया है.

पाकिस्तान के न्यूज पोर्टल द न्यूज ने विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि राजदूत केके वगान को अमेरिका से निर्वासित कर दिया गया. अधिकारियों को आव्रजन संबंधी आपत्ति थी, जिसके कारण उन्हें निर्वासित किया गया. रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने वगान को विवादास्पद वीजा संदर्भ के रूप में पहचाना, जिसके कारण उन्हें तत्काल निर्वासित कर दिया गया.

अनुभवी राजनयिक हैं वगान

केके अहसान वगान पाकिस्तान के अनुभवी राजनयिक हैं. वह लंबे समय से पाकिस्तान की विदेश सेवा में हैं. पिछले कुछ वर्षों में, उन्होंने कई प्रमुख कार्यभार संभाले हैं, जिनमें काठमांडू में पाकिस्तान के दूतावास में द्वितीय सचिव, लॉस एंजिल्स में पाकिस्तान के महावाणिज्य दूतावास में उप



महावाणिज्यदूत, ओमान के मस्कट में पाकिस्तान मिशन के उप प्रमुख और नाइजर में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं.

पाकिस्तानी नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध

इस बीच, पाकिस्तान के विधि एवं न्याय राज्य मंत्री बैरिस्टर अकील मलिक ने सोमवार को स्वीकार किया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में नए अमेरिकी प्रशासन द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों पर कुछ यात्रा प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं. मलिक ने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में वृद्धि पर चिंता जताई है, लेकिन ट्रंप प्रशासन ने अब तक पाकिस्तानी नागरिकों पर सीधे यात्रा प्रतिबंध नहीं लगाया है. पाकिस्तान को डर है कि सुरक्षा और जोखिम की जांच के आधार पर नए यात्रा प्रतिबंध लगाने के लिए ट्रंप प्रशासन द्वारा तैयार की जा रही सूची में अफगानिस्तान के साथ-साथ पाकिस्तान भी निश्चित रूप से शामिल होगा.

अमेरिका ने पाकिस्तान के लिए जारी किया था यात्रा परामर्श

इस महीने की शुरुआत में, अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को यात्रा परामर्श जारी किया था, जिसमें सलाह दी गई है कि आतंकवाद और सशस्त्र संघर्ष की संभावना के कारण पाकिस्तान की यात्रा सोच-समझ कर करें. साथ ही अमेरिकी नागरिकों को आतंकवाद के कारण बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों की यात्रा नहीं करने की सलाह दी गई है.

यात्रा परामर्श में कहा गया कि हाल के दिनों में पाकिस्तान में आतंकवादी और चरमपंथी घटनाएं बढ़ी हैं और सैन्य और पुलिस चौकियों पर हमले हुए हैं. आतंकवादी बिना किसी चेतावनी के परिवहन केंद्रों, बाजारों, शॉपिंग मॉल, सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों, विश्वविद्यालयों, पर्यटक स्थलों, स्कूलों, अस्पतालों, पूजा स्थलों और सरकारी सुविधाओं को निशाना बनाकर हमला कर सकते हैं. यह भी कहा गया कि आतंकवादियों ने पहले भी अमेरिकी राजनयिकों और राजनयिक सुविधाओं को निशाना बनाया है.

# प्रदूषण रोकथाम की दिशा में उठाएं बेहतर कदम : उपायुक्त

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की हुई बैठक

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू के उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। इसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी सह सतत निगरानी के लिए निगरानी कमेटी व अवैध माइनिंग की गतिविधि की रोकथाम के लिए माइनिंग गतिविधि मैजमेंट प्लान बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध माइनिंग की गतिविधियों की रोकथाम के लिए अनुमंडल



जिला पर्यावरण समिति के सदस्य सचिव सत्यम कुमार, नगर आयुक्त जावेद हुसैन सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वेस्ट मैनेजमेंट प्लान के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, सीडी वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, हजारदौस वेस्ट मैनेजमेंट, ई-वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट, घरेलू सीवेज प्रबंधन, इंडस्ट्रीयल वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, एयर क्वालिटी मैजमेंट, माइनिंग एक्टिविटी, ध्वनि प्रदूषण प्रबंधन प्लान आदि पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में बेहतर कदम उठाने का निर्देश दिए। उन्होंने जमीन चिन्हित कर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट लगाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने उपायुक्त को बताया कि मंगरदाहा व पोखराहा में जमीन चिन्हित किया गया है। इसके लिए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। नगर पंचायत व नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि उनके स्तर से विभागीय समन्वय कर डीपीआर तैयार कर भूमि चिन्हित करने की कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने इसपर सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य हो रहा है। उपायुक्त ने अन्य जगहों पर इस कार्य को शुरू कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने वायामेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर चल रहे कार्यो की पदाधिकारी की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तर पर कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। कमेटी में संबंधित क्षेत्रों के वन क्षेत्र पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी शामिल रहेंगे। कमेटी अवैध माइनिंग के संभावित क्षेत्रों में प्रतिमाह कम से कम अलग- अलग चार दिन औचक निरीक्षण कर अवैध माइनिंग की गतिविधियों को रोकने व इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का कार्य करेगी। वाटर क्वालिटी मैजमेंट प्लान की चर्चा करते हुए ग्रिन जोन स्थापित करने का निर्देश दिया। इससे मूर्ति व अन्य पूजन सामग्री को ग्रिन जोन में ही प्रवाहित किया जा सके। एयर क्वालिटी इंडेक्स बोर्ड लगाने व बैटरी आदि ई-वेस्ट मैजमेंट के लिए दिन निर्धारित कर ई-वेस्ट संग्रह करने का निर्णय लिया गया। इससे ई-वेस्ट के निपटान में सुविधा होगी। वाटर क्वालिटी मैनेजमेंट प्लान पर चर्चा करते हुए तालाब व नदी में गंदे पानी जाने से रोकने को लेकर तैयारी करने का निर्णय लिया गया। इन सबों के लिए जनता को जागरूक करने पर बल दिया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के दिशा में सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में उक्त पदाधिकारी के अलावा भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारी नवनीत वीआर, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, नगर पंचायत व नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीएसएल कर्मियों को दीर्घकालीन सेवा सम्मान



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में 25 सालों की सेवा दे चुके 114 इस्पातकर्मियों को 11 मार्च को आयोजित दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया. मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित इस समारोह में बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक -प्रभारी बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल हॉस्पिटल डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधकगण,




अन्य वरीय अधिकारी, मुख्य महाप्रबंधकगण तथा अन्य वरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे. समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री हरि मोहन झा ने सभी का स्वागत किया. निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी ने अपने संबोधन में पच्चीस वर्षों की सेवा पूरी कर चुके कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई दी और उन्हें अपना व्यापक अनुभव अन्य सहकर्मियों से भी साझा करने का आहवान किया. अन्य मंचासीन अधिकारियों ने भी दीर्घकालीन सेवा सम्मान प्राप्त कर रहे बीएसएल कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी. समारोह के दौरान 6 अधिशासी व 108 अनधिशासियों को दीर्घ कालिक सेवा प्रमाण पत्र व उपहार अतिथियों द्वारा दिए गए. कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक (कार्मिक) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने किया. कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री प्रभाकर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

# जनसमस्याओं को लेकर प्रभारी निदेशक से मिले कुमार अमित शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा को शहर में लगाने की मांग

## ●ठेका मजदूरों के लिए इएसआई हॉस्पिटल बनाने की पहल करें प्रबंधन ●विस्थापित अप्रेंटिस युवाओं का शीघ्र हो नियोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भाजपा नेता कुमार अमित सोमवार को बीएसएल के प्रभारी निदेशक बीके तिवारी से मिले। कुमार अमित ने प्रभारी निदेशक को पंद्रह सूत्री माँग पत्र सौंपा। इस माँग पत्र में ठेका मजदूरों के लिए बोकारो में इएसआई हॉस्पिटल लगाने, मेडिकल के नाम पर ठेका मजदूरों की छटनी बंद करने, शहीद मंगल पांडेय की प्रतिमा स्थापित करने, सेल कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान करने, बोकारो के विकास और संसाधनों के सदुपयोग हेतु सेल के खाली पड़े भवनो को उच्च एवं व्यवसायिक शिक्षण संस्थान, स्वास्थ्य सेवाएँ, कौशल विकास, आई.टी जैसे क्षेत्रों के लिए उद्देश्य तय करके हीं प्रतिष्ठ निजी



संस्थानों को देने, शेष बचे विस्थापित गाँवों को पंचायत का दर्जा देने हेतु पहल करने, अप्रैन्टिस ट्रेनिंग कर चुके विस्थापित बेरोजगारों को नियोजित करने, बीजीएच को जल्द सुपरस्पेलिटी हॉस्पिटल के रूप में विकसित करने एवं मरिजों को सस्ती दवाई उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र स्थापित करने, सेल के चतुर्थवर्गीय पदों को विस्थापित एवं स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने, दुन्दाबाग झुग्गी-झोपड़ी खटाल वासियों को तय शुल्क पर बिजली पानी की आपूर्ति कर प्रबंधन की वित्तीय बोझ को कम करने, शहर को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु ठोस रणनीति बनाकर झुग्गी-झोपड़ियों को पुनर्वासित करने, स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत लाइसेंस गुमटी योजना लाकर फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित और स्थाई करने, बोकारो के बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता देते हुए रोजगार मेला लगाकर प्लांट में कार्यरत विभिन्न आउटसोर्सिंग कम्पनियों में जॉब दिलाने, राउरकेला कि तरह सेल के अप्रेंटिस ट्रेनिंग को झारखण्ड के सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को अवसर देने, बीजीएस पर बोझ कम करने के लिए बंद पड़े स्वास्थ्य केन्द्रों को भी निजी अस्पताल संचालकों को लाइसेंस योजना के तहत देने, बहाली में पूर्व की भाँति खिलाड़ियों का कोटा आरक्षित करने आदि की माँग शामिल है। इन सभी विषयों पर निदेशक प्रभारी से कुमार अमित ने विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यवाही करने की माँग की। प्रभारी निदेशक ने भाजपा नेता को इन माँगों पर सकारात्मक पहल करने की बात कही। इस अवसर करण गोराई, लालबाबू, राजीव सिंह, चन्द्रप्रकाश, शैलेश कुमार भी उपस्थित थे।

## मनभेद मिटाकर मन से मन का मिलन होली है : आशा देवी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री आशा देवी के आवासीय कार्यालय सं 488/3/उ में संघ के कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया।आशा देवी के संचालन एवं नेतृत्व में शानदार होली मिलन में उन्होंने कहा कि मनभेद मिटाकर मन से मन के मिलन का महापर्व



होली है, सामाज सेवी गंगेश पाठक ने ईर्ष्या एवं दोष भूलाकर गले मिलने का पर्व होली है। उपस्थित सदस्यों में मुख्य रुप से संघ के महामंत्री सुमन सिंह, साहित्यकार ब्रह्मानंद गोस्वामी, देवाशीष मंडल, मंजेश कुमार, नरेश कुमार रीना एक्का,रंजु कुमारी,बी एन झा, मीनाक्षी सिह, रंजु देवी, बी एन झा, पुष्पा मिश्रा, कविता देवी, दिलीप गुप्ता, शकुन्तला देवी, मंजु सिह, रिंकू देवी, पारो, खुशबू कुमारी, मीरा देवी, राम चीन ठाकुर, सुरेश कुमार, रजनी देवी, सुनैना, गायत्री गुप्ता आदी अन्य

## एक हजार से छह हजार में मिल रहे हैं ड्राई फ्रूट्स के पैकेट, 20 फीसदी बढ़ी कीमत

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली को लेकर कपड़े, रंग पिचकारी, ड्राई फ्रूट्स एवं ठंडई के बाजार पूरी तरह सज गए हैं। होली के समय ड्राई फ्रूट्स की विशेष मांग होती है। जमशेदपुर में ड्राई फ्रूट्स का बड़ा कारोबार है। जिले के आसपास के इलाकों से भी लोग यहां ड्राई फ्रूट्स खरीदने आते हैं। बाजार में ड्राई फ्रूट्स के गिफ्ट पैक एक हजार से लेकर₹ 6 हजार तक के उपलब्ध हैं। कुछ जगहों पर तो ड्राई फ्रूट्स के दिये बनाए गए हैं। बड़े पैकेट में 16 खाने बनाकर उसमें अलग-अलग तरह के ड्राई फ्रूट्स सजाए गए है, जिसकी कीमत 6 हजार रुपये है। एक साल में 20 फीसदी बढ़ गई कीमतें साकची स्थित ड्राई फ्रूट्स विक्रेता राहुल ने बताया कि विभिन्न तरह के ड्राई फ्रूट्स देश ही नहीं बल्कि विदेश से भी आयात किए जाते हैं।

## एएसआई अजय प्रसाद 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने गांधी नगर थाना में पदस्थापित एएसआई अजय प्रसाद को 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई मंगलवार को की गई, जब एसीबी की टीम ने जाल बिछाकर उन्हें उनके निवास स्थान से रिश्वत लेते पकड़ा।



जानकारी के अनुसार, बेरमो अनुमंडल के गांधी नगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी अनुराग गुप्ता ने धनबाद एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एएसआई अजय प्रसाद ने उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी थी और मामले को निपटाने के एवज में 10 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए योजना बनाई और जैसे ही अजय प्रसाद ने घूस की रकम ली, उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय ले जाया गया, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की मुहिम को और बल मिला है।

## कोटलडीह में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर नगर भ्रमण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को कोटालडीह ग्रामिण युवाओं के द्वारा श्रीमद्भागवत के कथा ज्ञान यज्ञ हेतु नगर भ्रमण किया गया। आगामी दिनांक 22मार्च को कोटालडीह ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का सप्ताह व्यापी भव्य आयोजन



किया गया है। यह कार्यक्रम दिनांक 22 मार्च से 29 मार्च तक तक विद्वान प्रवचक बागेश महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्त जन रसास्वादन करेंगे। इस आयोजन में सभी श्रद्धालुगण को कमिटी ने सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनने का आग्रह किया है।

# बोकारो पुलिस को मिली बड़ी उपलब्धि





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो शहरी और अन्य थाना इलाकों से लगातार बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे दो बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। इनके निशान दही पर 45 बाइक और स्कूटी को भी विभिन्न थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है। इसकी जानकारी बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी ने दी है। एसपी ने बताया कि मोटरसाईकिल चोरी की बढ़ती घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बोकारो पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा लगातार अज्ञात चोरों के विरूद्ध गुप्त सूचना, तकनिकी साक्ष्य तथा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन एवं गुणवतापूर्ण अनुसंधान करते हुए दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। पकडाये दोनों अपराधकर्मियों के द्वारा बोकारो शहरी एवं आस पास के क्षेत्रों में मोटरसाईकिल चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए कथारा, तेनुघाट, गोमिया एवं पेटरवार थाना क्षेत्रों में बेचने के नियत से छिपाये हुए विभिन्न कंपनियों के कुल 45 (पैतालिस) मोटरसाईकिल बरामद करवाया गया। बरामद मोटरसाईकिल के संबंध में बीएस सिटी थाना, सेक्टर 4 थाना, सेक्टर 6 थाना, सेक्टर 9 थाना, सेक्टर 12 एवं अन्य थाना में पूर्व से काण्ड अंकित है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम मो. परवेज जो साडम बाजार, दलाल टोला थाना गोमिया और मो. मासुम अंसारी को झिरकी, थाना कथारी ओपी क्षेत्र के रहने वाले है। गिरफ्तार मो. परवेज के खिलाफ रांची सदर थाना काण्ड संख्या 383/16 दिनांक 15.09.16 धारा 395 भादवि दर्ज है। इनके निशानदेही पर हिरो पैशन प्रो-4, बजाज पल्सर-2, हिरो स्पलेन्डर-26, हिरो सीडी डिलक्स -1, बजाज डिस्कवर-3, होन्डा सीबी जेड -2, होन्डा साईन-2, हिरो होन्डा ग्लेमर 1 और स्कुटी- 4 बरामद किया गया।

# झारखंड टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की बैठक 16 मार्च को

## व्यवसाय से संबंधित विभिन्न समस्या पर होगी वृहद चर्चाः प्रदीप सिंह

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को धनबाद के स्वागतम मैरेज हॉल में झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई ।एसोसिएशन के महासचिव द्वारिका प्रसाद तिवारी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया की आगामी 16 मार्च को धनबाद के स्वागतम मैरेज हॉल मे झारखंड टेंट डेकोरेटर वेल्फेयर एसोसिएशन झारखंड के समस्त जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति होगी।इस बैठक मे टेंट एसोसिएशन और टेंट व्यवसाय से संबंधित विभिन्न समस्याओ पर चर्चा की जायेगी। बैठक मे प्रदेश के लगभग सभी जिलो के पदाधिकारियों की उपस्थिति होने की सम्भावना है। ऐसोंशियसन के




कार्यकारिणी अध्यक्ष पुरूषोत्तम कुमार रंजन ने बताया की होली का समय होने की वजह से प्रदेश के समस्त टेंट एसोसिएशन के व्यवसायिक होली मिलन का भी कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। बैठक मे जयशंकर प्रसाद, महेन्द्र गोप, गुडु साव, प्रवीण कुमार, भरतजी भगत, मनजीत सिंह, संजय कुमार तिवारी, अशोक पंडीत जी मौजूद थे।

# भारतीय स्वर्णकार विकास मंच का होली मिलन समारोह

## प्रदेश सचिव राकेश वर्मा जिला महासचिव शंकर प्रसाद वर्मा को किया गया मनोनीत

**गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय स्वर्णकार विकास मंच की ओर से चंपारण मीट हाउस, गोविंदपुर में होली मिलन समारोह काफी हर्षोल्लास और धूम धाम से अबीर गुलाल के साथ मनाया गया। साथ ही विशिष्ट बैठक की अध्यक्षता केदार प्रसाद स्वर्णकार नै करते हुए कई महत्त्व पूर्ण निर्णय लिए एवम संगठन के कुछ नए पदों के मनोनयन पर अंतिम मुहर लगी। अतिशीघ्र नियुक्ति पत्र/मनोनयन पत्र निर्गत की जायेगी। साथ ही संगठन की स्थिति को मजबूत करने और नए-नए पदों पर मनोनित करने पर भी विशेष जोर दी गई। समारोह में शंकर प्रसाद



वर्मा जिला महासचिव, कुंदन कुमार वर्मा को केंद्रीय विधि सलाहकार एवं राकेश वर्मा को अतिरिक्त प्रभार प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। राकेश वर्मा कई वर्षो से जिला मीडिया प्रभारी भी है। साथ ही बैठक में निर्णय लिया गया कि नियुक्ति, मनोरंजन पत्र यथास्थित जारी की जाएगी। इसके साथ महिला प्रकोष्ठ का सभी मनोनीत सदस्यों को नियुक्ति प्रधान की जाएगी। अपने समाज की मेधावी छात्र सहायक परिवार या शादी विवाह करने में अक्षम परिवार, विकलांग व्यक्ति इत्यादि जरूरतमंद व्यक्तियों को चिन्हित की जाएगी । एव समाज के द्वारा योगदान करने पर विशेष बल दिया जाएगा । इस मौके पर संस्थापक सह संरक्षक सह प्रभारी केंद्रीय अध्यक्ष केदार प्रसाद स्वर्णकार, किशन कुमार, केंद्रीय कोषाध्यक्ष, प्रेमचंद पोद्दार, प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर महेश वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी सह प्रदेश सचिव, राकेश वर्मा, जिला महासचिव शंकर कुमार वर्मा, कुंदन वर्मा (के विधि स) इत्यादि गणमान्य उपस्थित थे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

## अबीर-गुलाल के साथ दी शुभकामनाएं

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की धनबाद जिला कमेटी ने मंगलवार को असरफी हॉस्पिटल के समीप एक निजी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली के रंग में सराबोर हो गए।

समारोह के दौरान मंच से झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला कमेटी ने समस्त धनबादवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और इस त्योहार को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने अपने पारंपरिक फगुआ गीतों से माहौल को जीवंत बना दिया। उनके गीतों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए। होली मिलन समारोह में



जेएमएम के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, मुकेश सिंह, नीलम मिश्रा, रतीलाल टुडू, मदन महतो, हरीश सिंह, अनवरी खातून, मंटू चौहान, मिराज खान समेत कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा सभी समुदायों और धर्मों को साथ लेकर चलने का काम करती है। हम इस होली पर सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील करते हैं। साथ ही झारखंड में जेएमएम की नई सरकार बनने पर सभी को बधाई देते हैं। यह सरकार झारखंड के विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य करेगी। कार्यक्रम ने धनबाद में होली के उत्साह को और भी बढ़ा दिया और पार्टी के नेताओं ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया।

# ब्रह्मर्षि परिवार ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो का होली मिलन समारोह मां अम्बे गार्डेन सेक्टर 2 में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिवार के सभी उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ब्रह्मर्षि



परिवार के वरीय सदस्य जगरनाथ शाही ने अपने संबोधन में कहा की इस परिवार के युवा सदस्यों द्वारा सदस्यों के अंतिम संस्कार, चिकित्सा में मदद किया जा रहा है इसके लिए इस परिवार के सभी सदस्यों के साथ- साथ, आयोजक मंडल बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर पिछले दिनों में सूचना मिलने पर स्वतः अस्पताल जाकर रक्त दान करने वाले कार्यकर्ता देवनारायण सुधांशु, एस. एन. शाही,पीयूष कुमार राय, सुधीर कुमार सिंह, मधु मधुसुदन कुमार और शिवपूजन कुमार तथा अंतिम संस्कार में बढ़ चढ़ कर भाग लेने वाले श्याम मनोहर सिंह, प्रेम कुमार, अनुरंजन कुमार शर्मा, दिन दयाल शर्मा, संजय कुमार,सुशील ठाकुर, नवल सिंह,संजय ठाकुर नवल सिंह को सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन देवनारायण सुधांशु, तथा धन्यवाद ज्ञापन कमलेश राय ने किया। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश राय, नरेंद्र राय, राधेश्याम सिन्हा,कृष्णा राय, महेंद्र सिंह लालन सिंह, दुर्गेश कुमार, पीयूष राय, अनुरंजन शर्मा, सुशील ठाकुर, प्रमोद कुमार, राजीव, संतोष चौधरी, प्रेम प्रकाश, अनिल पांडे,बांटी कुमार, देव दयाल , सियाराम शर्मा, मनीष, अरुण कुमार, सचिन कुमार,दिलीप कुमार, एवं ब्रह्मर्षि परिवार के अन्य हजारों सदस्य उपस्थित थे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com


CMYK